सुप्रभात
रांची, मंगलवार
29.04.2025
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 284 | 12



भारत ने पाक के 16 यूट्यूब चैनलों पर लगाया प्रतिबंध

## न्यूज डायरी

### गुमला में सड़क हादसा तीन युवकों की मौत

**गुमला।** टोटो थाना क्षेत्र के खरका चौक के पास भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। रविवार देर रात एक ही बाइक से जा रहे तीनों युवकों को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों में चेगरी के रहने वाले शिवचरण उरांव, रोहित उरांव और अरंगी झरिया टोली के सतीश उरांव हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गयी है।

### कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच चीता शावकों का जन्म

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक पांच वर्षीय चीता ने पांच शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा है कि अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में वन्यजीव संरक्षण के लिए बनाया गया अनुकूल वातावरण आज समृद्ध हो रहा है।

### हाईवा ने बाइक सवार को कुचला, मामा-भांजे की मौत

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब चंदा गांव के समीप एनएच 139 पर सोमवार की देर शाम हाईवा ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों में बिहार के औरंगाबाद के कमात गांव के राकेश यादव (25) और निमलेवा छतार निवासी चैतन यादव (50) है। दोनों मृतक मामा भांजा हैं। बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों हरिहरगंज की ओर से छतरपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक को ओवरटेक कर रहे हाईवा ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया।

### राज्य के कर्मचारियों का बढ़ेगा महंगाई भत्ता

**रांची।** राज्य सरकार ने 7वें वेतनमान का लाभ ले रहे राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया है। इस पर वित्त विभाग ने भी अपनी सहमति दे दी है। इसे अगली कैबिनेट में मंजूरी के लिए रखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार, महंगाई भत्ते में वृद्धि 1 जनवरी 2025 से लागू हो सकती है। अभी 53 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 55 फीसदी किया जायेगा।

### अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को, रहेगा विशेष महत्व

**रांची।** बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन त्रेता युग का आरंभ हुआ था। इस वर्ष अक्षय तृतीया मंगलवार से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल को पूरे दिन रहेगी। उदयातिथि के अनुसार व्रत और पर्व 30 अप्रैल को ही मनाया जायेगा।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का खौफ सामने आया, कहा

# तय है भारत बदले की कार्रवाई जरूर करेगा

- रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान से पाक में खलबली, अलर्ट मोड पर सेना
- परमाणु हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल करने की दी चेतावनी।

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को कबूल कर लिया है। रक्षा मंत्री के बयान से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। सेना को अलर्ट रखा गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में रोज नयी गिरावट आ रही है। लगातार बढ़ती तनातनी के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा है कि भारत कभी भी पहलगाम आंतकी हमले के खिलाफ बदले के कार्रवाई कर सकता है। भारत की तैयारियों से ऐसा ही लग रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट को देखते हुए पाकिस्तान ने भी सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ा दी है और उन्हें अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और अगर हमारे अस्तित्व पर खतरा पैदा होता है, तो ही हम परमाणु हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल करेंगे।

**पाक में खलबली, अलर्ट पर सेना :** इंटरव्यू में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि पिछले सप्ताह कश्मीर में सैलानियों पर हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों के बीच तनाव बढ़ गया है। ख्वाजा आसिफ इससे पहले अपने एक बयान के जरिए सार्वजनिक रूप से कबूल चुके हैं कि पाकिस्तान सरकार तीन दशकों से आतंकी संगठनों को समर्थन और प्रशिक्षण देने का गंदा काम करती आयी है।

**लॉचिंग पैड खाली कर आतंकियों को बंकरों में छिपा रहा पाकिस्तान**
आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तानी सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकी लॉन्च पैड खाली कराना शुरू कर आतंकियों को बंकरों में शिफ्ट करा रहा है। खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि कब्जे वाले कश्मीर में केल, सरदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा, पच्चीबन, फॉरवर्ड कहुता, कोटली, खुइरट्टा, मंधार, निकेल, चमनकोट और जानकोट सहित प्रमुख स्थानों से आतंकवादियों को स्थानांतरित किया जा रहा है।

### पाकिस्तान का दावा : तीन देश उसके साथ

पाकिस्तान ने दावा किया है कि भारत से तनाव के बीच तीन देशों ने इस्लामाबाद का समर्थन किया है। चीन और तुर्की के बाद अब अजरबैजान ने भी साथ देने की घोषणा की है। एक तरफ जहां ईरान और सऊदी अरब ने तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के नेताओं से बात की है, वहीं चीन और तुर्की को लेकर रिपोर्ट है कि उसने पाकिस्तान को घातक हथियार मुहैया करवाए हैं।

**अंतराष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने का रखा है प्रस्ताव :** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच कराने जाने की वकालत की है और इसमें चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है।


## भारत और फ्रांस के बीच ₹63 हजार करोड़ का हुआ सौदा

# भारतीय नौसेना को मिलेंगे 26 राफेल-एम फाइटर जेट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच सोमवार को नयी दिल्ली में राफेल मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा हुआ। यह सौदा 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का हुआ जिस पर दोनों देशों ने हस्ताक्षर किये। डील के तहत फ्रांस भारतीय नौसेना को मरीन (एम) श्रेणी के 26 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा। इस डील पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र सेना मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने हस्ताक्षर किए। नयी दिल्ली में भारत में फ्रांस के राजदूत के बीच हुए इस सौदे से भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे।

सौदे के मुताबिक फ्रांस भारतीय नौसेना को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट की डिलीवरी देगा। इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे। इसके अलावा नौसेना को चार ट्विन-सीटर वेरिएंट के ट्रेनिंग राफेल विमानों की डिलीवर भी की जाएगी। ये विमान ट्रेनिंग के लिए भी उड़ान भरेंगे। यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। जिसके चलते पाकिस्तान में काफी बैचेनी है।



राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए दोनों देशों के अधिकारी

### केंद्रीय कैबिनेट समिति ने मेगा डील को दी थी मंजूरी

सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति ने इसी माह 9 अप्रैल को फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दी थी। फ्रांस को अनुबंध के तहत सौदे पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 37 महीनों के भीतर पहला राफेल मरीन विमान देने की बाध्यता होगी। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत के लिए बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट की जगह फ्रांसीसी राफेल मरीन को चुना है। राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल-एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। राफेल एम का इस्तेमाल अभी भी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेना कर रही हैं। भारतीय नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी जरूरतों को काफी बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है।

### पीएम और रक्षा मंत्री के बीच बैठक में बनी बड़ी रणनीति

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रधानमंत्री आवास पर हुई यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बीच रक्षा मंत्रालय में मुलाकात हुई है। इस बीच रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। जिसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने भारतीय सैन्य बलों की तैयारियों पर रक्षा मंत्री को जानकारी दी थी। वहीं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी भी गृह मंत्रालय गए थे। गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना पिछले चार दिनों से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी कर रही है। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। गोलीबारी का यह सिलसिला पहलगाम हमले के बाद शुरू हुआ है।

## भारत-पाक तनाव का असर : रांची से तीन पाकिस्तानी बच्चे दिल्ली भेजे गये

▶▶ नानी के घर आये थे बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहलगाम हमले के बाद भारत से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कवायद जारी है। इस कड़ी में पाकिस्तान से गर्मी की छुट्टी में भारत आये तीन नाबालिग बच्चों को भी रांची से दिल्ली भेज दिया गया है। वे तीनों अब पाकिस्तान कैसे जायेंगे इस पर दिल्ली में ही फैसला लिया जायेगा।

झारखंड पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार तीनों बच्चों को जल्द से जल्द रांची छोड़ने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद तीनों बच्चे अपने परिजनों के साथ दिल्ली चले गये। वहां अब भारतीय दूतावास के साथ-साथ पाकिस्तानी दूतावास के जरिये तीनों बच्चों को पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंध पर बेहद नकारात्मक असर पड़ा है। भारत सरकार ने निर्देश जारी किया है कि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक तुरंत देश छोड़ दें।

### भाजपा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया टली

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को कुछ समय के लिए टालने का फैसला किया है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बने हालात को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक बार फिर टाल दिया गया है। पार्टी ने जगत प्रकाश नड्डा को कुछ समय के लिए अध्यक्ष बनाये रखने का भी फैसला किया है। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब तक के लिए टाले गये हैं, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। पहले बताया गया था कि भाजपा का नया अध्यक्ष अप्रैल के अंत तक या मई की शुरुआत में चुन लिया जायेगा, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद पार्टी नेतृत्व ने संगठनात्मक चुनाव को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है।

## रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को हटाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स के निवर्तमान निदेशक डॉ राजकुमार को हटाने के आदेश पर रोक लगी दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की अदालत ने 17 अगस्त को जारी उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने रिम्स के निदेशक को पद से हटाने का आदेश दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई छह मई को होगी।

उल्लेखनीय है कि पद से हटाये जाने के बाद रिम्स के निवर्तमान निदेशक डॉ राजकुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सरकार के आदेश को गलत बताया था। डॉ राजकुमार ने याचिका में कहा है कि रिम्स निदेशक की नियुक्ति तीन साल से लिए की जाती है, उन्होंने कभी भी किसी नियम के खिलाफ कोई काम नहीं किया। पूरी ईमानदारी से काम करने के बाद भी उन्हें झूठे आरोप लगाकर हटा दिया गया।

बता दें कि पिछले हफ्ते रिम्स जीबी की बैठक में किसी बात को लेकर माहौल गरम हो गया था। जिसके बाद रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने इस्तीफे की चेतावनी दे दी थी। जीबी की बैठक के बाद राज्य सरकार ने रिम्स निदेशक को हटाने का फैसला लिया था।

## तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 दिन बढ़ी



**नयी दिल्ली।** मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 दिनों के लिए बढ़ गयी है। तहव्वुर राणा को सोमवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआइए ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगायी थी। तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। उसका प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल एनआइए जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था।

## एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी के एनकाउंटर के बाद फरार सुनीता मुर्मू ने किया आत्मसमर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले के लालपनिया स्थित लुगू पहाड़ी में 21 अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी के एनकाउंटर के दौरान फरार महिला नक्सली सुनीता मुर्मू उर्फ लालमुनि मुर्मू ने सोमवार को बोकारो में सरेंडर कर दिया।



**एक हफ्ते से जंगल में भटक रही थी महिला नक्सली सुनीता मुर्मू**
महिला नक्सली सुनीता मुर्मू उर्फ लालमुनि मुर्मू 21 अक्टूबर को हुई मुठभेड़ के बाद से लगातार एक हफ्ते तक जंगल में भटक रही थी। सुनीता ने बताया कि उसे एहसास हुआ कि उसने गलत रास्ता अपना लिया है। जंगल से किसी तरह बाहर निकलने के बाद वो एसपी से मिलने गयी और आत्मसर्पण की इच्छा जतायी। सोमवार को सुनीता मुर्मू ने बोकारो एसपी, बेरमो एसडीओ और सीआरपीएफ-26 बटालियन के समक्ष सरेंडर कर दिया। सुनीता ने अपने साथियों से भी मुख्य धारा में आने की अपील की।

## विदेश यात्रा से आज लौटेंगे सीएम हेमंत

# झारखंड में विदेशी निवेश के कई प्रस्ताव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विदेशी निवेश को बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गये सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा पूरी कर ली है। प्रतिनिधिमंडल मंगलवार 29 अप्रैल को झारखंड लौटेगा। अपने दौरे के क्रम में आला अधिकारियों ने खनन, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिश की। स्पेन और स्वीडन के विभिन्न शहरों में प्रतिनिधिमंडल ने करीब एक दर्जन से अधिक बैठक विदेशी निवेशकों के साथ की। निवेशकों को राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराते हुए झारखंड की खनिज संपदा और उपलब्ध संसाधनों से अवगत कराया गया। निवेशकों को बताने की कोशिश की गयी कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है। राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं चला रखी है। बड़ी परियोजनाओं और एमएसएमई के लिए विशेष रियायतें भी दी जा रही हैं।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि आने वाले समय में बहुत जल्द इस यात्रा का सुखद परिणाम निवेश के रूप में देखने को मिलेगा, जब बड़े-बड़े निवेदक राज्य में उद्योग लगाने के लिए सामने आयेंगे। उच्चस्तरीय टीम का मुख्य फोकस राज्य में खनन क्षेत्र के विकास के लिए संभावनाओं की तलाश रही, जिसमें निवेशकों को यह बताने की कोशिश की गयी कि ड्रिलिंग रिंग, बुलडोजर ड्रैगलाइन जैसे प्रणाली और उपकरणों का निर्माण राज्य में हो सकता है, एक बड़ा उद्योग क्षेत्र के रूप में विकसित होने की संभावना यहां है।

यात्रा के दौरान राज्य में खेल के विकास के लिए उच्च स्तरीय शिष्टमंडल द्वारा बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम को झारखंड में लाने की कोशिश की गयी। आईसीडी स्पाइनल फुटबॉल क्लब के साथ राज्य में फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव सरकार को मिला है।

## कार्टून कोना




## ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री बिना किसी नियमन या जांच के हो रही प्रसारित

# सुप्रीम कोर्ट ने अश्लील कंटेंट के खिलाफ सरकार, ओटीटी प्लेटफार्म्स और सोशल मीडिया कंपनियों को भेजा नोटिस

चिंतनीय मुद्दा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया है। यह कदम एक जनहित याचिका पर उठाया गया है जिसमें मांग की गयी है कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री के प्रसारण को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने महत्वपूर्ण चिंता का विषय उठाया है। कोर्ट ने माना कि याचिका में उठाए गए मुद्दे नीति निर्माण के दायरे में आते हैं और यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस पर विचार करे। इसलिए कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों नेटफ्लिक्स, अमेजॅन प्राइम, ऑल्ट बालाजी, उल्लू, एएलटीटी, एक्स, मेटा इंक (फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी), गूगल, मुबी, एप्पल और अन्य से इस विषय पर जवाब मांगा है। बता दें कि यह याचिका उदय माहुरकर, संजीव नेवर, सुदेशना भट्टाचार्य मुखर्जी, शताब्दी पांडे और स्वाति गोयल ने मिलकर दायर की है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री बिना किसी नियमन या जांच के प्रसारित हो रही है। इस पर केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि अश्लील कंटेंट केवल कुछ विशेष कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई नियमित कार्यक्रमों में भी इस तरह की सामग्री मौजूद है। उन्होंने कहा, कुछ कार्यक्रम इतने विकृत हैं कि दो सभ्य पुरुष भी साथ बैठकर इन्हें नहीं देख सकते। उन्होंने बताया कि कुछ नियंत्रण पहले से मौजूद हैं और कुछ और नियमों पर काम हो रहा है।

### जनहित याचिका में क्या रखी गयी है मांग

मांग की गई है कि एक स्वतंत्र समिति या प्राधिकरण का गठन किया जाए, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज करें और जिसमें इस क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हों।

यह समिति ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली फिल्मों, शोज और वेब सीरीज को प्रकाशित करने से पहले उनकी समीक्षा और प्रमाणन करे।

याचिका में केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग भी की गयी है कि वह यौन रूप से स्पष्ट, पोर्नोग्राफिक, बाल यौन शोषण, अनाचार जैसी सामग्री, नग्नता और एक्स-रेटेड दृश्यों को प्रसारित करने पर रोक लगाए। अगर इस प्रकार के अश्लील कंटेंट पर रोक नहीं लगाई गई, तो इससे समाज के नैतिक मूल्यों, मानसिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने में राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र करेगा सहयोग : शिल्पी नेहा तिर्की

- कृषि मंत्री ने किया हैदराबाद के चेंगीचेर्ला स्थित राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र का दौरा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्षों से बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने की आस फिर एक बार जगी है। राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र इस बंद फैक्ट्री में जान फूंकने में नॉलेज पार्टनर की भूमिका अदा कर सकता है। दरअसल ये आस झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और विभागीय अधिकारियों के हैदराबाद दौरा के क्रम में जगी है। सोमवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के विभागीय अधिकारियों के साथ हैदराबाद के चेंगीचेर्ला स्थित राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान अनुसंधान केंद्र के अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा भी हुई। देश भर में राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र के कार्य और उसके तकनीक को लेकर चर्चा होती है। बदलते समय के साथ इस अनुसंधान केंद्र ने नई तकनीक को अपनाने और आगे बढ़ने में कामयाबी हासिल की है। तेलंगाना सरकार के साथ-साथ अनुसंधान केंद्र के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यहां आकर बहुत कुछ समझने का मौका मिला। राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र के अनुभव और तकनीक का उपयोग राज्य में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने में किया जा सकता है।

इस केंद्र की उपयोगिता झारखंड के लिए एक नॉलेज पार्टनर के रूप में हो सकती है। इतना ही नहीं, झारखंड के पशुपालकों को समृद्ध करने में कौन सी योजना मददगार साबित होगी, इस पर भी लंबी चर्चा हुई है। भविष्य में राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र हैदराबाद के साथ बेहतर समन्वय बना कर इस दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र में हुई बैठक में झारखंड के विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी, प्रदीप कुमार हजारी, मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी सहित तेलंगाना सरकार के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी को राज्य सरकार सक्रिय

- भारतीय दूतावास एवं विदेश मंत्रालय को तत्काल कार्रवाई को भेजा ईमेल

**प्रवासी मजदूर जिनका हुआ अपहरण**

| | |
|---|---|
| फलजीत महतो | (पिता – नारायण महतो, पासपोर्ट सं. डब्ल्यू 7735287) |
| राजू कुमार | (पिता – फागु महतो, पासपोर्ट सं. आर 801714) |
| चंद्रिका महतो | (पिता – शंकर महतो, पासपोर्ट सं. एक्स 7456752) |
| संजय महतो | (पिता – जागेश्वर महतो, पासपोर्ट सं. एक्स 7453938) |
| उत्तम महतो | (पिता – तालो महतो, पासपोर्ट सं. एक्स 8970245) |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नाइजर में प्रवासी मजदूरों के अपहरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय एवं भारतीय दूतावास को मेल कर पांचों श्रमिकों की सकुशल वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं। विदित हो कि 27 अप्रैल को पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को ग्राम दोन्दलो एवं मुंडरो (थाना बगोदर, जिला गिरिडीह) के पांच प्रवासी श्रमिकों के अपहरण एवं गायब होने की सूचना दी थी। प्रवासी मजदूरों के नाम और उनके पासपोर्ट का जिक्र करते हुए त्वरित सकुशल वापसी के लिोए कार्रवाई की मांग की गई थी। सभी श्रमिक नाइजर (दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र) में ट्रांसमिशन लाइन के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी के केपीटीसी प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। बीते 25 अप्रैल को कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा इन पांचों श्रमिकों का अपहरण कर लिया गया और अपहरण के बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है एवं परिजनों ने चिंता व्यक्त की है।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रोजेक्ट हेड/कंट्री मैनेजर से संपर्क कर घटना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। जानकारी अनुसार, सभी श्रमिक कंपनी साइट से 25-30 किमी दूर तेलाबारी क्षेत्र में कार्यरत थे। यह पूरी तरह से एक मिलिट्री ऑपरेशन था, जिसमें कुल 26 स्थानीय एवं 12 अन्य देशों के श्रमिक शामिल थे। इस घटना में 12 लोगों की मृत्यु की भी सूचना मिली है। वहां की कंपनी, गवर्नर कार्यालय, भारतीय राजदूत एवं भारतीय दूतावास इस मामले पर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने 28 अप्रैल को मामले का सत्यापन करते हुए प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स, रांची, भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के लिए ईमेल भेजा है तथा पांचों श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही का अनुरोध किया है।

आज भारतीय दूतावास व कंपनी से दुबारा कण्ट्रोल रूम की बातचीत व ईमेल द्वारा सूचना दी गयी है कि भारत के नाइजर स्थित दूतावास को दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है और नागरिकों की सुरक्षित एवं शीघ्र रिहाई के लिए वह संबंधित नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

# बंगाल के बाद अवैध घुसपैठियों का गढ़ बन चुका है झारखंड : चंपाई सोरेन

- मुर्शिदाबाद की तर्ज पर अवैध घुसपैठियों को झारखंड में बनाये जा रहे हैं फर्जी डॉक्यूमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि मुंबई पुलिस ने 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास साहिबगंज (झारखंड) के बने फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इन सभी के आधार कार्ड में 1 जनवरी की जन्मतिथि दर्ज है। पिछले हफ्ते, चाकुलिया में एक समुदाय विशेष के तीन हजार फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनने की खबर मिली थी। इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि मुर्शिदाबाद की तर्ज पर अवैध घुसपैठियों को झारखंड में फर्जी डॉक्यूमेंट बना कर दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि बंगाल के बाद झारखंड इन अवैध घुसपैठियों का गढ़ बन चुका है। पाकुड़ एवं साहिबगंज जैसे इलाकों में आदिवासी समाज अल्पसंख्यक बन चुका है। लेकिन सत्ता के मद में चूर इस अंधी-बहरी सरकार को कुछ भी दिखाई अथवा सुनाई नहीं देता। झारखंड में जब कभी भी हम लोग घुसपैठ का मुद्दा उठाते हैं तो सत्ता पक्ष केंद्र सरकार पर सारी जिम्मेदारी डालने लगता है। ये घुसपैठिये पिछले कई दशकों से लगातार आ रहे हैं, और कई जगह खुला बॉर्डर होने तथा बंगाल सरकार द्वारा बाड़ लगाने हेतु जमीन नहीं देने की वजह से इन्हें रोकना आसान नहीं है। वैसे भी, जब आपके घर में कोई बाहरी आता है, तो उसे रोकने/ जाँचने की पहली जिम्मेदारी आपकी बनती है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली, महाराष्ट्र अथवा अन्य राज्यों में कोई घुसपैठिया पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्यवाई होती है। लेकिन झारखंड में सरकारी दामाद की तरह उनका स्वागत होता है, स्थानीय प्रशासन उन पर हाथ डालने से डरता है। सरकारी अधिकारी उनके समर्थन में फर्जी एफिडेविट फाइल करते हैं, और इन सब के बावजूद जब हाई कोर्ट मामले की जाँच के लिए कमिटी बनाने का आदेश देता है, तो राज्य सरकार उस आदेश को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट चली जाती है। सवाल यह है कि यह तथाकथित अबुआ सरकार इन घुसपैठियों को संरक्षण क्यों दे रही है? क्या आदिवासियों एवं मूलवासियों को दरकिनार कर इन्हीं घुसपैठियों को बचाने/ बसाने के लिए अलग झारखंड राज्य बना था? क्या कोई सत्ता एवं वोट बैंक के लिए इस हद तक गिर सकता है कि अपने ही लोगों को नकार कर, इन देश-विरोधी विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे।

# होलोग्राम बदलने से बेकार हो गयी शराब कंपनियों की ट्रैकिंग मशीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में शराब के व्यापार को ट्रैक करने के लिए निमार्ता कंपनियों द्वारा खरीदी गयी ट्रैकिंग मशीन अब बेकार हो गयी है। राज्य में देसी विदेशी शराब बनाने वाली कंपनियों ने 16-16 लाख की लागत पर ट्रैकिंग मशीनों खरीदी थी। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा दी गयी सलाह आधर पर बनी नीति के तहत राज्य में शराब का व्यापार चल रहा है। इस नीति के तहत शराब के कारोबार में मैन पावर सप्लाई, होलोग्राम निर्माण सहित सभी काम छत्तीसगढ़ की कंपनियों का कब्जा था।

शराब के व्यापार में सरकार के राजस्व पर नियंत्रण बनाये रखने के लिए शराब की बोतलों को होलोग्राम लगाने की बाध्यता है। राज्य सरकार ने होलोग्राम बनाने की काम प्रिज्म होलोग्राम नामक कंपनी को दिया था। शराब के व्यापार का हिसाब रखने के लिए इसके ट्रैकिंग की व्यवस्था की गयी



थी। ट्रैकिंग की मशीन भी होलोग्राम बनाने वाली कंपनी से संबंधित एक कंपनी ने की थी। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला उजागर होने के बाद राज्य सरकार ने होलोग्राम बनाने कंपनी के साथ किये गये इकरारनामे को रद्द कर दिया। इसके बाद होलोग्राम नासिक स्थित सरकारी प्रेस से होलोग्राम बनावाया जाने लगा। फिलहाल शराब के व्यापार में इस्तेमाल किये जा रहे होलोग्राम को शराब बनाने वाली कंपनियों द्वारा खरीदी गयी ट्रैकिंग मशीन ट्रैक नहीं कर पा रही है। इससे राज्य में शराब बनाने वाली कंपनियों द्वारा पहले खरीदी गयी ट्रैकिंग मशीन बेकार हो गयी।

# मंत्री हफिजुल हसन ने ली शरीयत के नाम पर फर्जी डिग्री : अजय साह

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने की पाकिस्तान लिंक के जांच की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने पर्यटन एवं कल्याण मंत्री हफिजुल हसन की डॉक्टरेट उपाधि को लेकर तीखा हमला बोला है। श्री शाह सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्री हफिजुल हसन को मिली डॉक्टरेट की डिग्री एक फर्जी विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई है। उन्होंने भारत वर्चुअल ओपन एजुकेशनल यूनिवर्सिटी एक ऐसी संस्था है, जिसे न तो विश्वविद्यालय शब्द का प्रयोग करने का अधिकार है और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक उपाधि प्रदान करने की मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस फजी यूनिवर्सिटी को ना तो यूजीसी, ना तो भारत सरकार और ना ही झारखंड सरकार ने कोई मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि हफिजुल हसन ने भारतीय संविधान के तहत संचालित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त न कर पाने के बाद शरीयत कानून का अनुसरण करते हुये ऐसे लोगों द्वारा संचालित एक फर्जी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल कर ली। जबकि गहन जांच में पता चला कि इस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ उस्मान को पाकिस्तान की एक संस्था द्वारा प्रोफेसर की उपाधि प्रदान की गई थी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि मंत्री हफिजुल अंसारी की उपाधि का पूरा नेटवर्क पाकिस्तान से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री का आचरण यह दर्शाता है कि वह अपने कार्यों में भारतीय संविधान की अपेक्षा शरीयत कानून को प्राथमिकता देते हैं। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद थीं।

# तुष्टीकरण नीति से संताल परगना में आदिवासी अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को मिल रहा संरक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि खबरों से पता चला है कि मुंबई में 13 संदिग्ध बंग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया है, जिन सब का आधार कार्ड झारखंड अन्तर्गत साहिबगंज जिले के राधानगर इलाके से बना हुआ है। इनमें एक महिला और बारह पुरुषों का जन्म तिथि एक समान 1 जनवरी ही अंकित है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज के एसपी ने पूछने पर बताया कि वहीं के डीसी ने कमेटी बनाकर जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश निकट होने के कारण साहिबगंज और पाकुड़ का इलाका घुसपैठियों को लेकर सुर्खियों में है। वोट बैंक बनाने के लालच में झारखंड सरकार में बड़े पैमाने पर ऐसे बांग्लादेशियों को वहाँ घुसपैठ करा कर उनका आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनाया जाता है। इस वजह से संतालपरगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की मंशा इसी बात से समझी जा सकती है कि जब हाईकोर्ट ने घुसपैठ की जांच का आदेश दिया तो इसको रोकवाने के लिये राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी हुई है। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर मामले को दबाने या लीपापोती का काम नहीं करे। मुंबई में पकड़े गये लोगों का आधार कार्ड बनाने की पूरी जानकारी तुरंत सामने लायें।

# अस्मिता की रक्षा के लिए एंटी लव जिहाद कानून अनिवार्य : राफिया नाज

- धर्मांतरण कर शादी की साजिश पर राफिया नाज का तीखा प्रहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड के अस्मिता की रक्षा के लिये एंटी लव जिहाद कानून अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरायकेला की एक छात्रा का धर्म परिवर्त्तन कर पं. बंगाल में विवाह कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। तीन बच्चों के पिता तस्लीम के साथ 19 वर्षीय युवति का विवाह कराया गया है। युवति की उम्र की प्रमाणिकता पर भी संदेह व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक मासूम बच्ची के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। बल्कि राज्य में फैलते जबरन धर्मांतरण के घिनौने नेटवर्क को भी उजागर करता है। झारखंड में जिस तरह बेटियां असुरक्षित हो रही हैं। यह राज्य सरकार की गंभीर विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा शुरू से ही बेटियों की सुरक्षा के लिये संकल्पबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे भाजपा शासित राज्यों ने लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाये हैं। उन्होंने इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिये विशेष ष्एंटी लव जिहाद कानून बनाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्अपराध होने के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। अपराध होने से पहले उसे रोकना जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रभावी कानून एवं निगरानी व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने सीएम पर निशाना साधते हुये कहा कि राज्य में बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ हो रहा है, तब मुख्यमंत्री समर स्पेशल हॉलिडे और ष्शॉपिंग फेस्टिवल में व्यस्त हैं।

उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री विदेश यात्रा से लौटते ही इस संवेदनशील मामले पर उच्च स्तरीय जांच करायें और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवायें। यदि जांच के फलस्वरूप बच्ची नाबालिग निकली तो बाल संरक्षण अधिनियम के साथ धर्मांतरण कानून और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत व्यापक और कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मत है धर्म, जाति, मजहब के नाम पर छल, धोखा और अपराध किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# निकाय चुनाव के वोटर लिस्ट पर विधायक सीपी सिंह ने जतायी आपत्ति



**रांची।** नगर निगम चुनाव (निकाय चुनाव) को लेकर वोटर लिस्ट का प्रकाशन हो चुका है। विधायक सीपी सिंह ने इसके प्रकाशन में कई तरह की लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव से मिलकर एक ज्ञापन सौंपते आपत्ति भी जतायी। कहा कि सभी वार्डों के बूथों में वोटर लिस्ट में गडबड़ी हुई है, इसे सुधारा जाए। इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संभव हो सकेगा। सचिव ने इसके निराकरण का भरोसा दिया। मौके पर पूर्व पार्षद सुनील यादव, रोशनी खलखो और अन्य भी उपस्थित थे।

# टाटा लीज नवीकरण पर 31 दिसंबर से पहले हो ठोस निर्णय : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने सोमवार को झारखंड सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने टाटा लीज समझौता नवीकरण के संबंध में चर्चा की और कहा कि 31 दिसंबर 2025 को लीज समझौता समाप्त होने से पहले सरकार को इस बारे में ठोस निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील समझौते के तहत जनसुविधायें उपलब्ध कराने के बारे में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली जैसी जनसुविधायें मुहैया कराने में भारी भरकम बिल देने और साफ-सफाई व्यवस्था केवल टाटा लीज क्षेत्र तक ही सीमित रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि समझौते के मुताबिक टाटा स्टील को पूरे जमशेदपुर में अपने खर्च पर जनसुविधायें उपलब्ध करानी है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा ।

**उच्चस्तरीय समिति गठन की**



**मांग :** सरयू राय ने सचिव से कहा कि टाटा लीज समझौता के उल्लंघनों की जांच के लिये एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जानी चाहिये। यह समिति 1985 से 2005 और 2005 से अब तक समझौता उल्लंघन के विभिन्न पहलुओं पर सांगोपांग विचार करे और प्रासंगिक संचिकाओं में अंकित टिप्पणियों एवं पत्राचारों की राज्यहित में समीक्षा करे। उन्होंने कहा कि टाटा लीज समझौता बिहार भूमि सुधार अधिनियम की धारा 7ई और 7डी एवं अन्य सुसंगत धाराओं के विधिसम्मत प्रावधानों के अधीन जनहित में समय पर हो जाना चाहिये।

# प्रमाणपत्र सत्यापन से वंचित अभ्यर्थियों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति (वर्ष 2016) में प्रमाणपत्र सत्यापन से वंचित अभ्यर्थियों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को नोटिस जारी किया है। इन अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट से उनके प्रमाणपत्रों का सत्यापन कर रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का आग्रह किया है। हाईकोर्ट से अभ्यर्थियों की याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गयी है।



इस मामले में प्रार्थियों का कहना है कि वह सुदूर क्षेत्र में रहते हैं। मेरिट लिस्ट के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की सूचना नहीं मिल सकी। इस कारण अंतिम रूप से चयनित होने के बाद भी वह अपना प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए समय पर उपलब्ध नहीं हो सके। यह उनके अधिकार का हनन है। आयोग को विधिवत उन्हें जानकारी देनी चाहिए थी। पहले मेल और मैसेज से सूचना दी जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। आयोग ने ऐसा जानबूझ कर किया, ताकि उनके स्थान पर किसी दूसरे की नियुक्ति की जा सके। इसके पहले मेल और एसएएमएस से सूचना दी जाती थी। उन्हें भी पूर्व की तरह इस सुविधा का लाभ मिलना चाहिए।

जेएसएससी का कहना है कि सोनी कुमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मेरिट लिस्ट जारी की गई है। आयोग ने इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए यह स्पष्ट कहा था कि मेरिट लिस्ट आयोग की वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगी।

प्रार्थियों ने आयोग की वेबसाइट नहीं देखी, तो यह प्रार्थियों की गलती है, न की आयोग की। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद जेएसएससी के आदेश को सही बताया था और याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

# झारखंड हाईकोर्ट की सख्ती : जेल मैनुअल सुधार पर सरकार को 30 दिन का समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में जेल मैनुअल में सुधार और कैदियों की स्थिति से संबंधित मामले में सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान सरकार से जेल मैनुअल के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी।

**सरकार की ओर से क्या कहा गया :** सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने कोर्ट को



बताया कि जेल मैनुअल का ड्राफ्ट तैयार है और इसे 30 दिनों के भीतर नोटिफाई कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसे कैबिनेट से पास कराने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

**कोर्ट का आदेश :** खंडपीठ ने सरकार को समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 जून निर्धारित की है। कोर्ट ने सरकार से सुप्रीम कोर्ट के 17 जनवरी 2025 के एक जजमेंट के आलोक में अब तक झारखंड में जेल मैनुअल बनाने के संबंध में जानकारी मांगी थी।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का आदेश :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सभी राज्यों के लिए एक मॉडल जेल मैनुअल बनाने का निर्देश दिया है। इस आदेश के तहत झारखंड सरकार को भी जेल मैनुअल में सुधार करना है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में जेल मैनुअल फाइनलाइज नहीं किए जाने पर गृह सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था।

सुप्रभात
मंगलवार 29.04.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 10
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# करोड़ों की इमारत, मगर इलाज नदारद, चार महीने पहले निर्माण पूरा हो चुका है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा में करोड़ों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आम जनता के लिए आज भी एक सपना बना हुआ है।

चार महीने पहले निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक यहां एक मरीज तक का इलाज नहीं हुआ। सवाल उठता है, जब सब तैयार है तो दरवाजे क्यों बंद हैं।

इलाके के 14 पंचायतों के हजारों ग्रामीण मामूली बीमारी से लेकर गंभीर दुर्घटना तक की हालत में अब भी 20–25 किलोमीटर दूर पलौंजिया या गिरिडीह भागने को मजबूर हैं।




रास्ते में दम तोड़ते मरीज और एंबुलेंस में तड़पते परिजन अब इस ‘स्वास्थ्य भवन’ को 'मौत का प्रतीक' मानने लगे हैं।

**जनता का सवाल क्या हम उद्घाटन के लायक नहीं हैं :** स्थानीय निवासी अनिल राणा का तीखा बयान है, हमने इस भवन को बनते देखा, लेकिन उसमें जान कब आएगी। क्या आम जनता की ज़िंदगी फीते से कम कीमती है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन तो तैयार है, लेकिन प्रशासन और नेताओं को सिर्फ मंच चाहिए इलाज नहीं।

**जल्द होगा चालू :** बीपीएम

तेज होती जन आवाज के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहली बार स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने आई है।बीपीएम जयशंकर ने कहा भरकट्टा का नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक सप्ताह के अंदर चालू कर दिया जाएगा।

सभी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। हमें जनता की तकलीफ का एहसास है और अब इसमें और देर नहीं होगी।

# छापेमारी में अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

## बोकारो पुलिस ने रविवार को ट्रक में बियर ले जा रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एसडीपीओ, निरसा रजत माणिक बाखला के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कालूबथान ओपी क्षेत्र के डुमरिया गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर जब्त किया है। साथ ही शिबू मंडल नामक शराब के अवैध विक्रेता को गिरफ्तार करने में सफल रही। इसकी जानकारी एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने मैथन ऑफिस में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। एसडीपीओ श्री बाखला ने बताया कि गुप्त मिली थी कि कालूबथान ओपी क्षेत्र के डुमरिया गांव में शिबू मंडल एवं रमेश बाउरी द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब व बीयर की धंधा किया जा रहा है। सूचना मिलते ही कालूबथान पुलिस की एक टीम गठन कर रविवार को डुमरिया गांव निवासी शिबू मंडल के घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही शिबू मंडल भागने लगा, जिसे पुलिस बलों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

शिबू मंडल के घर से किंफिशर बियर के 23 कॉर्टून, हावर्ड 5000 के 9 कॉर्टून बीयर,स्टर्लिंग रिजर्व कम्पनी के 40 बोतल शराब,आइकॉनिक वाइट, कम्पनी के 10 एवं एम सी डॉवेल नम्बर वन के 5 बोतल शराब जब्त किया गया। ये सभी शराब व बीयर अलग अलग कमरों से बरामद हुआ, जिसका वैध कागजात शिबू मंडल दिखा नहीं पाया। इसके बाद पुलिस टीम ने रमेश बाउरी के घर पर छापेमारी किया। पुलिस को देखते ही



रमेश बाउरी भागने में सफल रहा, लेकिन उसके घर की तलाशी लेने पर बाथरूम से किंफिशर बीयर की 27 कार्टून, एक कमरे से आइकॉनिक वाइट शराब की 8 बड़ी बोतल एवं 41 छोटी बोतल बरामद किया गया। जिसका विधिवत जब्तीसूची बनाकर जब्त कर लिया गया, जिसका अनुमानित कीमत 1.25 लाख रुपये है। पुलिस की इस कारवाई से शराब की अवैध धंधोंबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। छापेमारी टीम में कालूबथान ओपी प्रभारी नीतेश कुमार मिश्रा, पुअनि आशुतोष कुमार, सअनि अरूण कुमार, सअनि प्रमोद यादव एवं सशस्त्र बल शामिल थे। वही रविवार को बोकारो पुलिस ने बियर ले जा रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। बोकारो पुलिस ने बताया कि फर्जी कागजात बनाकर अवैध रूप से ट्रक में बियर लोड कर पश्चिम बंगाल में बेचने के मामले में बालीडीह थाना कांड संख्या 141/25 रविवार 27 अप्रैल को दर्ज कर तीन व्यक्तियों को एक बारह चक्का ट्रक तथा 1400 पेटी गॉड फादर बियर के साथ गिरफ्तार किया।

## एक नजर में

### मछली लदी वैन ने बस को मारी टक्कर, चालक की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। जीटी रोड के औरा के पास एक खराब खड़ी बस में तेज रफ्तार मछली लदी पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन चालक वजीर अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बस मालिक शमशेर अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शमशेर अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि वजीर अंसारी मोकामा का निवासी था और सरिया क्षेत्र में मछली आपूर्ति का कार्य करता था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पिकअप चालक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

### जिला स्तर पर जिला समिति गठन हेतु बैठक

**गिरिडीह।** अपर समाहर्ता के अध्यक्षता में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के आलोक में जिला स्तर पर जिला समिति गठन हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक बगोदर, सांसद प्रतिनिधि, कोडरमा लोकसभा, विधायक प्रतिनिधि, गिरिडीह, विधायक प्रतिनिधि, गांडेय, विधायक प्रतिनिधि, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सहायता प्राप्त संबद्ध एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों एवं इन संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के माता-पिता, अभिभावकों के शिकायतों के निवारण हेतु एक अपीलीय न्यायाधिकरण के रूप में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण, 2005 अधिनियमित किया गया है।

### सड़क विवाद सुलझाने के लिए प्रशासनिक पहल

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के लेवरा और दलांगी गांव में बीते दिनों रास्ते को लेकर दोनों समुदायों के बीच विवाद चल रहा था। इसी क्रम में सोमवार को अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया, प्रमुख रामु बैठा, उपप्रमुख शेखर शरण दास, और बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज,इम्तियाज अंसारी,पूर्व प्रमुख मनोज सिंह,लक्ष्मण दास की उपस्थिति में दोनों पक्षों के ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर विवादित रास्ते का निरीक्षण किया गया।अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने बताया कि पूर्व से चले आ रहे विवाद की स्थिति को देखते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रास्ते की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के आदेश के बाद इस विवाद का समाधान कर दिया जाएगा।

### ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने शुरू किया संगठन विस्तार

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने संगठन विस्तार का कार्यक्रम आज सोनबाद पंचायत के डोमापहाड़ी रजक टोला से शुरू किया। इसे लेकर आज सुबह वहां एक मीटिंग की गई जिसमें पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। पार्टी के उद्देश्यों सहित विभिन्न जन सवालों पर चर्चा कर संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया गया। कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा कर एक स्थानीय ब्रांच का गठन किया तथा सर्वसम्मति से कॉमरेड नंदलाल रजक को अपना सचिव चुना। यहां अपने वक्तव्य में श्री यादव ने कहा कि, मौजूदा सरकारों लोगों को उनके हक अधिकार से वंचित करती जा रही हैं। खासकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों का दुष्प्रभाव बड़ी तेजी से आम जन-जीवन पर पड़ रहा है। लेकिन सांप्रदायिक एजेंडे पर काम कर सत्ता शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी ही धूर्तता से जन सवालों को हाशिए पर धकेलते जा रहे हैं। लोगों को इस साजिश को समझना होगा। अपने मूलभूत सवालों पर खड़ा होकर सरकार की नीतियों का विरोध करना होगा।

### वाद विवाद प्रतियोगिता में दीशिता, नंदिनी और हिमांशी रही प्रथम

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के बालिका विभाग में सोमवार को स्मार्टफोन आपको स्मार्ट बनाते हैं विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चारों सदनों की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम स्थान सिंधु सदन की दीशिता, नंदिनी राठौर, हिमांशी आडवाणी को मिला एवं दूसरे स्थान पर गोदावरी सदन की सोनल बनर्जी , देवोश्री मुखर्जी तथा अस्मिता गोराई रहीं। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे बच्चियों की बुद्धि कुशाग्र होती है, उनका हौसला भी बढ़ता है। प्रतियोगिता में हार जाने की स्थिति पर वे फिर से परिश्रम करते हैं और उन्हें जीत भी हासिल होती है। उपप्राचार्या लीला सिंह ने विजेता बच्चियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका संजय पात्रा, विनय नारायण राय , तथा मौसमी घोष ने निभाई।

### विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**जोरापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में उच्च प्राथमिक बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भव्य हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या ने सर्वप्रथम महात्मा हंसराज जी महाराज के 162 वें जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस सभा में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए शोक प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात सभा में विद्यालय ने अपने वुशु विजेताओं को सम्मानित किया। सभा में स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बताया कि वुशु एक आत्मरक्षा तकनीक है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### एसआईएस गार्ड को गोली मारने के प्रकरण में मामला दर्ज

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन अंतर्गत जामाडोबा वाशरी के रेलवे साइडिंग में केबुल लुटेरों के दल द्वारा एसआईएस गार्ड प्रेम चंद महतो को गोली मारने के प्रकरण में टाटा के सुरक्षा गार्ड संजय राउत ने जोरापोखर कांड संख्या 36/25 के तहत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।वही जोरापोखर पुलिस ने घटना स्थल से खोखा बरामद किया है।घटना के सम्बंध में श्री राउत ने बताया कि शनिवार की रात्रि एक बजे गश्ती में थे तभी वाशरी टीपलर में एसआईएस के दो जवान प्रेम चंद महतो एवं दुर्गा महतो ड्यूटी पर तेनाथ थे तभी अपराधियों ने गोली चलाई जो प्रेमचंद के बाए पैर में लग गई।

# री-एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का धरना जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** डीएवी स्कूल निरसा प्रबंधन द्वारा री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 21 वें दिन भी जारी रहा। अभिभावकों का कहना है कि जब तक स्कूल प्रबंधन फीस बढ़ोतरी एवं री एडमिशन के सवाल पर वार्ता कर मामले का समाधान नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए अभिभावक रोबिन धीवर ने कहा कि स्कूल प्रबंधन की मनमानी को साक्ष्य के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक के समीप प्रस्तुत किया गया है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर भी स्कूल प्रबंधन पर दबाव नहीं डाला जा रहा। और तो और स्कूल के विद्यार्थियों को अभी तक पाठ्य पुस्तक तक विद्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया गया है। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। स्कूल प्रबंधन द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दिए जा रहे निदेशों की भी अवहेलना की जा रही है। हम लोग प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा न्यायपूर्ण कार्रवाई का अपेक्षा करते हैं। यदि डीएवी स्कूल प्रबंधन अपना अड़ियल रवैया में सुधार नहीं करती है तो हम अभिभावक गण क्रमानुसार भूख हड़ताल पर बैठने को भी बाध्य होंगे, परंतु स्कूल प्रबंधन की मनमानी को नहीं चलने देंगे।

# चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में प्रबंधक विफल

## बड़मुरी कोलियरी का उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के बड़मुरी ओसीपी में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ स्थानीय कर्मियों ने सोमवार को ओसीपी का उत्पादन तथा ट्रांसपोर्टिंग को ठप कर दिया। कर्मियों के नेतृत्व कर रहे बीसीकेयू नेता रामजी यादव के बताया कि बड़मुरी ओसीपी, जो मुगमा क्षेत्र में सबसे अधिक उत्पादन करने वाली कोलियरियों में शामिल है, यहां पर डिपो से कोयला चोरी, मशीनों से तेल की चोरी खुलेआम किया जा रहा है। अब चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सुरक्षा कर्मियों के मौजूदगी में उन्हें डरा धमका कर सीआईएसएफ के रहने के बावजूद भी होल पैक मशीनों के एक्सेल व अन्य पाट्र्स को खोल लिया जाता है। जिससे उत्पादन पर काफी प्रभाव पड़ता है और इस वजह से कोलियरी अपना टारगेट को पूर्ण करने में अक्षम हो जाती है। ऐसा लग रहा है कि बढ़ते चोरी की घटनाओं के वजह से इस कोलियरी पर भी बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। श्री यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोलियरी प्रबंधन द्वारा कोई ठोस उपाय नहीं किए जाने की वजह इस तरह की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। कर्मियों में भी डर व भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। आखिर कर्मचारी कैसे कार्य करें। प्रबंधन के द्वारा खानापूर्ति के लिए कागजों पर सिर्फ एरिया में मीटिंग कर ली जाती है और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को बुलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है, पर ग्राउंड स्तर पर



सच्चाई कुछ और ही है। स्थानीय प्रशासन व कोलियरी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए रामजी यादव ने कहा कि मैथन ओपी अंतर्गत यह कोलियरी पड़ता है और मैथन पुलिस के अधिकारी अमन आकृष्ट व कोलियरी के प्रबंधक एस अंसारी के आने के बाद चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। जिससे कोयला, लोहा,व डीजल चोरों के मनोबल में काफी वृद्धि भी हुई है। प्रबंधक एस अंसारी द्वारा टैंकर से जल का छिड़काव नहीं कराया जाता है, क्योंकि उसको एक बार पानी छिड़काव के लिए डीजल दिया जाता है, वहीं सैकड़ों लीटर डीजल चोर लेकर चले जाते हैं। प्रबंधन द्वारा कागज पर ही इस तेल को अपना खर्च दिखाकर सरकार के साथ व संस्था के साथ छल व विश्वासघात करने का कार्य कर रहे हैं। सीआईएसएफ व सुरक्षा कर्मियों को भी चोर अपना निशाना लगातार बना रहे हैं और प्रबंधन द्वारा इस मामले को दबा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आज ट्रांसपोर्टिंग व उत्पादन रोकने का मुख्य कारण यह है कि कर्मियों को एवं मशीनों को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि उत्पादन मजदूरों द्वारा किया जाता रहे। उन्होंने यह भी बताया कि जो होल पैक मशीन बड़मुरी ओसीपी को मिला था, जिसमें चार मशीनों का पाट्र्स चोरी हो जाने के वजह से मशीन खड़ी हो गई। वहीं सुबह में कार्य करने आए कर्मियों ने चोरों को तेल निकालते हुए डब्बे में भरा हुआ तेल को पकड़ा और जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यदि प्रबंधन इस पर गंभीरता से विचार कर सुरक्षा प्रदान नहीं करता है, तो उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चितकालीन के लिए बंद रहेगी। वहीं जरूरत पड़ने पर पूरे मुगमा एरिया का भी चक्का जाम किया जाएगा। मौके पर असिस्टेंट मैनेजर उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और उन्होंने यह भी बताया कि मुझे प्रभार के रूप में प्रबंधक का कार्य दिया गया है। अंसारी सर ही विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा पाएंगे।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में संगठित अपराध के रोकथाम व फरार गैंगस्टर्स की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश

## सभी दुकान, मॉल, बाजार, अपार्टमेंट व भीड़ भाड़ वाले इलाके में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, महिला सुरक्षा व पॉक्सो से जुड़े मामलों में जल्द पुख्ता कार्रवाई

## लंबित मामलों में चार्जशीट दायर करने एवं थाना क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एसएसपी दीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमे सभी वरीय पदाधिकारी समेत थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे। समाहरणालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान एसएसपी द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लाई जाए और यथाशीघ्र सभी मामलों की चार्जशीट समर्पित की जाए। इसके अतिरिक्त एसएसपी महोदय द्वारा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले को गंभीरता पूर्वक निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया ’ महिला सुरक्षा को लेकर सभी थानों को बेहद संवेदनशील रहने को कहा गया।वही जिले में हालिया घटित संगठित अपराध से जुड़े मामलों पर गहनता





से समीक्षा करते हुए फरार अपराधियों व सभी गैंगस्टर की गिरफ़्तारी जल्द सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया। जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए साइबर सेल को इन वारदातों में संलिप्त अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश भी दिया। अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थों, मवेशियों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआं, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए। वही एसएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पुलिस की पाठशाला जागरूकता अभियान के तहत शिक्षा के प्रसार प्रचार करने, नए कानून के बारे में लोगों को जागरूक करने, साइबर अपराध व सडक सुरक्षा के रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करने एवं डायन बिसाही व अन्धविश्वास को समाज से दूर करने के लिए जागरूकता अभियान पर जोर देने को कहा समीक्षा बैठक में एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी आशुतोष सत्यम, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती समेत तमाम पुलिस निरीक्षक, जिले के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## रंजय हत्याकांड, नही दर्ज हो सका मामा का बयान

**धनबाद।** झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह का करीबी माना जाने वाला रंजय सिंह की हत्या के मामले में जेल में बंद नंदकुमार सिंह उर्फ मामा का सफाई बयान सोमवार को भी दर्ज नहीं किया जा सका। दरअसल होटवार जेल प्रशासन ने मामा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया बताया गया कि वह बीमार है सही से बैठ नहीं पा रहा है. अदालत ने सफाई बयान के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है ।27 मार्च 25 को अदालत ने मामा के आवेदन को खारिज करते हुए मामा का सफाई बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने का आदेश दिया था।

## सुशांतो हत्याकांड, गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल के हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में हुई। कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है ! 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी। जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे।

## हर्ल का शटडाउन समाप्त, प्लांट किया गया लाईट अप

**सिंदरी।** हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (हर्ल) उर्वरक संयंत्र का एक पखवारा का शटडाउन सोमवार को समाप्त हो गया। हर्ल के प्लांट हेड गौतम माजी ने बताया कि प्लांट में प्राईमरी रिफोर्मर लाईटअप किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 शुरू होते ही 15 अप्रैल से एक पखवाड़ा के लिए हर्ल उर्वरक संयंत्र को वार्षिक शटडाउन के लिए बंद कर दिया गया था। गौतम माजी ने बताया कि वार्षिक शटडाउन के दौरान ओवरऑल मेंटनेंस का काम किया गया है। अमोनिया प्लांट, यूरिया प्लांट के अलावा हरेक आवश्यक मशीनों का अनुरक्षण किया गया। एक पखवारे का निर्धारित शटडाउन अवधि में प्लांट का ओवरऑल अनुरक्षण का काम पूरा हो गया। सुबह में प्राईमरी रिफोर्मर लाईटअप किया गया।

## नुक्कड़ नाटक और रैली का हुआ आयोजन

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो 2025 के दूसरे दिन सोमवार को नुक्कड़ नाटक और रैली का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत में संस्था के सेंटर 3 ब्लाइंड स्कूल से आर्य समाज होते हुए डीएवी टासरा स्थित सेंटर 2 तक साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही शहरपुरा चौक पर और बीआईटी सिंदरी के मुख्य द्वार पर युग परिवर्तन विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

## फल लदा मालवाहक पलटा

**पूर्वी टुंडी।** थाना अंतर्गत गोविंदपुर साहेबगंज मुख्य सड़क कितार्डीह मोड़ के पास तेज गति में जा रहा फल लदा मालवाहक पलट गया। वाहन में फल का पेटी लदा हुआ था। फल लदा वाहन बरवाअड्डा के कृषि बाजार से जामताड़ा जिला जा रहा था। वाहन पर बैठे फल व्यवसाई का घटना के कारण हाथ में गंभीर चोट लग गई। गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से फल का पेटी फट गया। और रोड में बिखर गया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

## आभूषण दुकान में चोरी का प्रयास

**कतरास।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र बड़की बउआ मोड़ के समीप मां लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान के शटर का ताला तोड़कर अपराधियों ने चोरी का प्रयास किया। एन मौके पर पुलिस की वाहन को आता देख अपराधी भाग खड़े हुवे। चर्चा है कि अपराधियों ने भागते वक्त फायरिंग की है। लेकिन इसकी पुष्टी स्थानीय पुलिस नही कर रही है।

### मशीनों से शुरू हुई खदान की भराई, डिपो से करीब पचास टन कोयला बरामद

# बीसीसीएल व सीआईएसएफ का एक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** धर्मा बांध ओपी से महज एक किलोमीटर की दूरी पर कोल माफियाओं के द्वारा चलाये जा रहे बड़े खदान पर सोमवार को बीसीसीएल व सीआईएसएफ का एक्शन शुरू हुआ। गोबिंदपुर क्षेत्र के अधिकारी व कर्मी जेसीबी मशीन और पेलोडर के साथ बंगाली कोठी के नाम से चर्चित जगह के पास अवैध खनन स्थल पर पहुंचे।सीआईएसएफ टीम व धमाबांध ओपी पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मशीनों से भराई शुरू किया। देर शाम तक भराई चला। लेकिन पूरी तरह से भराई नही हो पाई।कारण यह कि कारोबारियों ने कोयला निकालने के लिए मशीन से खुदाई करवा ओसीपी का छोटा रूप दे दिया है। जिसे पूरी तरह से बन्द करने में दो तीन दिन से अधिक समय लग सकता है। मालूम हो कि शनिवार को बीसीसीएल और सीआईएसएफ की संयुक्त जांच में बड़े पैमाने पर चल इस अवैध खनन का खुलासा हुआ था। काफी कोयला भी वहां पड़ा हुआ था। संसाधन उस वक्त मौके पर उपलब्ध नहीं रहने के चलते कोयला का उठाव प्रबन्धकीय टीम नही कर सकी थी। दूसरे दिन रविवार होने के चलते सोमवार को प्रबन्धकीय टीम पूरी तैयारी के साथ पहुंची थी। बता दें खबर मंत्र ने रविवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खनिज संपदा की हो रही लूट को लगातार उजागर कर रहा है।इस कारवाई टीम में गोबिंदपुर क्षेत्र के अधिकारी, सीआईएसएफ व ओपी पुलिस के कई अधिकारी व जवान शामिल थे।

**जमीनी सतह से पांच - छह मीटर नीचे है कोयला :** खनन क्षेत्र के एक जानकार ने पूछे जाने पर बताया कि एक तो जमीनी सतह से पांच-छह मीटर नीचे है कोयला।



खबर मंत्र के खबर का दिखा असर

**कोलियरी अधिकारी का वर्जन :** सूचना मिलने के बाद खनन स्थल की भराई की जा रही है। करीब पचास टन कोयला बरामद हुआ है। जिसे वाहन से ले जाया जायेगा। वजन कराने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।
**प्रमोद कुमार, बीसीसीएल अधिकारी**

## जंगली परिक्षेत्र में हो रहा था खनन, चाहरदिवारी में डिपो

**कतरास।** जंगल झाड़ की अवैध रूप से कटाई कर जमीन की खुदाई करके कोयला निकाला जा रहा था। मशीन से खनन के जरिये उत्पादित कोयले को ट्रैक्टर में लोड कर खनन स्थल से करीब एक सौ गज पहले कच्ची सड़क के बगल में टूटी हुई चारदिवारी में रख उसे ट्रक के जरिये बाहर भेजा जा रहा था। आज भी उस डिपो में करीब 50 टन कोयला पड़ा हुआ था। जिसको जप्त कर बीसीसीएल के अधिकारी हाइवा पर लोड करके ले जाने की बात कह रहे थे। इस अवैध खनन स्थल के दायरे और गहराई को देखने से अंदाजा लगाया जा रहा था कि पिछले कई सप्ताह से कारोबार चल रहा होगा।

दूसरे उन्नत किस्म का कोल है। जिसका पता धन्धेबाजों ने लगा लिया था। इसी लिए अवैध खनन के लिए इस स्थल को चुना। कारण यह कि कोयले के उपरी सतह पर मिट्टी है। जो कोयले को एक्सपोज करने में आसान होगा।

**अवैध कोयले की ढुलाई से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त :** अवैध कोयले की ढुलाई से बंगाली कोठी के पड़ोस गांव में सड़क पर बिछी पाइप क्षति ग्रस्त हो गयी है। जिसके चलते जलापूर्ति तीन दिन से ठप है। गांव के लोग आज पाईप की मरम्मत करा रहे थे। ग्रामीणों ने अवैध कोयले की ढुलाई का विरोध जाहिर किया।

**कोल माफिया के गुर्गे कर रहे थे रेकी :** अवैध खनन स्थल की भराई चल रही थी, इधर कोल माफिया के गुर्गे सड़क पर रेकी कर रहे थे। मीडिया में छपी खबरों को लेकर विरोध जाहिर कर रहे थे।

## पतरोडीह गांव में कम्युनिटी आउट रिच प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**जमाताड़ा।** नारायणपुर थाना के पोस्ता पंचायत के पतरोडीह गांव में कम्युनिटी आउट रिच प्रोग्राम का आयोजन पुलिस अधीक्षक जमाताड़ा के आदेशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर रविन्द्र नाथ यादव,थाना प्रभारी मुराद हुसैन ने ग्रामीणों के बीच सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में आम जनता की शिकायत के समाधान पर भी बल दिया गया।थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक रहने का अपील किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है, जबकि नशा मुक्ति के लिए समाज में जागरूकता फैलानी होगी। साइबर अपराध के मामले में उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने और अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करने की सलाह दी।

## आयुष्मान आरोग्य के कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बकाये वेतन की मांग को लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मियों ने सोमवार को धनबाद नगर निगम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। कर्मियों का कहना था कि चार माह से हमलोगों को वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। घर परिवार चलाना मुश्कील हो गया है। अधिकारियों से बात करने पर टालमटोल की नीति अपनाई जाती है। वेतन मांगने पर हमें नौकरी से रिजाईन देने को कहा जाता है।वहीं आरोग्य केंद्र के गार्ड अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के 30 सेंटर है। प्रत्येक सेंटर में जीएनएम, एमपीडब्लू, गार्ड और सफाई कर्मी मिलाकर पांच लोग काम करते है। प्रत्येक सेंटर में प्राथमिक उपचार तथा छोटी मोटी बीमारियों का इलाज किया जाता है। हमलोग कुल 150 कर्मी है, जो आउटसोर्स पर काम करते है। पहले छह घंटा ही काम लिया जाता था, अब आठ घंटा काम लिया जा रहा है। समय पर कभी वेतन नहीं मिलता है। अभी तो लगातार चार माह से वेतन बंद है। कोई सुनता नहीं है, इसलिए आज हमलोगों को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इस दौरान आउटसोर्स कर्मियों ने निगम के पदाधिकारियों से मुलाकात की, अपनी समस्या रखी। पदाधिकारियों ने आउटसोर्स कंपनी से बातकर जल्द बकाया भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मी वापस लौट गए।




## जिला में बाल हित योजनाओं का लाभ हो सुनिश्चित : रुचि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड सरकार के सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने गिरिडीह जिला का दो दिवसीय दौरा किया। सर्वप्रथम गिरिडीह जिला के अधिकारियों के साथ परिसदन भवन में बैठक किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डीसीएलआर अमरेन डांग, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी,निदेशक डीआरडीए रंथू महतो, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपूते, डालसा सचिव, जिला कल्याण पदाधिकारी जयप्रकाश मेहरा, सिविल सर्जन,जिला शिक्षा अधिकारी वसीम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, विशेष किशोर पुलिस अधिकारी, श्रम अधीक्षक रवि शंकर, अधीक्षक उत्पाद विभाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी जीतू कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी मुनेश्वरी बाड़ा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति पूजा सिंह सदस्य योगेंद्र प्रसाद, संतोष गुप्ता, नीतू गुप्ता, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सुलेखा गुप्ता, मिशनरी ऑफ चैरिटी की प्रतिनिधि, समन्वयक चाइल्डलाइन सुनीता कुमारी, मुख बधिर विद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। झारखंड राज्य बाल आयोग के सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने क्रमवार विभाग का समीक्षा किया। जिला में बाल अधिकार और संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्य और योजनाओं का समीक्षा किया।सिविल सर्जन ने विशेष न्यू बोर्न यूनिट और बाल कुपोषण यूनिट की जानकारी दिया साथ आयोग ने विशेष बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए उन्हें दिशा निर्देश दिया,बाल श्रम, बाल पलायन रोकने के लिए श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनवाड़ी, कस्तूरबा विद्यालय और सभी आवासीय विद्यालय में भोजन और पानी की शुद्धता बनी रहें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से कहा गया कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जोड़े, और ड्राप आउट बच्चों को विशेष निगरानी रखें। जिला कल्याण पदाधिकारी ने जनजातीय आवासीय विद्यालय की जानकारी दिया। तत्पश्चात उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से बैठक किया बाल श्रम रोकने, बाल तस्करी रोकथाम, बच्चों को शिक्षा के प्रति जोड़ने, बाल संप्रेषण भवन, बाल गृह बनाने पर बात हुई।



## संगठन सृजन को लेकर कांग्रेसियों की बैठक संपन्न

**मैथन।** निरसा पंजाबी मिलन में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत निरसा प्रखंड कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से निरसा प्रखंड के पर्यवेक्षक रवि रंजन सिंह मौजूद थे। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रवि रंजन सिंह ने कहा कि संगठन में अब जंबो कमेटी नहीं रहेगी, बल्कि वैसे ही लोग कमेटी में रहेंगे, जो अपने पद का निर्वहन सही रूप से कर सकेंगे। भले ही संगठन की कमेटी छोटी हो, परंतु जिन्हें जो जिम्मेवारी दी जाएगी उसका यदि वह सही से निर्वहन नहीं करेंगे, तो उन्हें पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं होगा। संगठन का विस्तार सभी के सहयोग से ही हो सकता है।

## धनबाद में उज्ज्वला योजना फेल, 95 प्रतिशत लाभुक नहीं भरा रहे गैस

**मिथिलेश कुमार सिंह**

**धनबाद।** कोयले के शहर धनबाद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना दम तोड़ रही है। अब मुफ्त का गैस चूल्हा और सिलिंडर घर के किसी कोने में जंग खाने लगा है। रसोई गैस के मुकाबले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता कोयला उपलब्ध होंने के कारण यह स्थिति बनी है। लेकिन घर-आंगन और गली मुहल्लों से सुबह-शाम निकलने वाले धुएं के गुब्बार का लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर भी डाल रहा है। लोग स्वांस और एलर्जी जैसी बीमारियों से ग्रसीत नजर आते है।

**गैस की बढ़ती कीमतों के कारण भी बनी यह स्थिति :** वर्तमान में जिले में एक गैस सिलेंडर की कीमत 960 रुपये है, वेंडर के 20 मिलाकर लोगों को 980 रुपये चुकाने पड़ते है। यह खर्च बीपीएल परिवार के साथ कई मध्यम वर्ग के लोगों पर भारी पड़ता है। जबकी कोयला 110 से 130 रुपया प्रति बोरा आसानी से हर जगह मिल जाता है। सरकारी आंकड़े के अनुसार जिले में उज्ज्वला योजना के कुल 2 लाख 9 हजार 901 लाभुक हैं, जिन्हें अलग अलग गैस एजेंसियों से मुफ्त की गैस और चूल्हा मिल चुका है, लेकिन 95 प्रतिशत महिलाएं, कोयले पर खाना पका रही है। सिर्फ पांच प्रतिशत ही गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करती है।

### खाना पकाने में कोयले का करते है इस्तेमाल



**साईकिल और बाईक से हर जगह पहुंचता है कोयला:** कोलियरी क्षेत्रों से घनी आबादी वालें क्षेत्र से मुख्य सड़कों तक हर जगह साईकिल और बाईक से कोयला आसानी पहुंचता है। सिर्फ बीपीएल परिवार ही नहीं मध्यम वर्ग, किरायेदार, होटल, रेस्टोरेंट, ढ़ाबा आदि में भी कोयले से खाना पकता है।

सिन्हा गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि धनबाद में कोयले की उपलब्धता के कारण गैस की खपत अन्य शहरों के मुकाबले कम है। बीपीएल वालों के साथ नॉर्मल कस्टमर भी हर माह गैस नहीं लेते हैं। बीपीएल वाले अब काफी कम कस्टमर रह गए है। अब तो एक साल तक गैस नहीं लेने पर कई लोगों का कंज्यूमर नंबर भी ब्लॉक हो चुका है।

**धुंअे से मुक्ति दिलाने के लिए शुरू हुई थी योजना :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत भारत सरकार एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराती है। गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वालों को मुफ्त चुल्हा और गैस दिया जाता है। लेकिन बाद में इसे पूरे पैसा देकर कंज्यूमर को गैस खरीदना पड़ता है। लेकिन ज्यादातर लोग मुफ्त गैस लेने के बाद दुबारा गैस भराना जरूरी नहीं समझते है।

**कांग्रेस का वादा भी अभी तक है अधूरा :** झारखंड विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने बीपीएल परिवारों को 450 रुपया में गैस उपलब्ध कराने का वादा किया था। चुनाव के पांच माह से अधिक समय बीत चुके है। कांग्रेस पार्टी-जेएमएम के साथ सरकार भी चला रही है। लेकिन गरीबों का किया वादा भूल चुकी है। अभी तक सस्ते दर पर गैस उपलब्ध कराने की बात सरकार की ओर से नहीं की गई है। अब तो कई बीपीएल परिवार अपने को ठगा महसूस कर रहे है।

एक नजर में

## संप्रेषण गृह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाया जागरूकता शिविर

**धनबाद।** बच्चें देश के भविष्य हैं जिनमें प्रतिभाओ की कमी नहीं है इनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कही. सोमवार को वे धनबाद के बरमसिया स्थित संप्रेषण गृह के बाल बंदियों से रूबरू होने एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु एवं डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट के साथ पहुँचे थे। निरीक्षण के दौरान बाल बंदियों ने न्यायाधीश को अपनी समस्याएं बताई। जिसके बाद न्यायाधीश ने उन समस्याओं के निराकरण के लिए संप्रेषण गृह प्रशासन को निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं है उसका निराकरण त्वरित गति से किया जाएगा. वहीं संप्रेषण गृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी नूतन एक्का, सदस्य पूनम सिंह, अजय कुमार, व एलएडीसीएस की टीम द्वारा बच्चों को विभिन्न तरह की कानूनी जानकारियां जिसमें किशोर की निर्दोषता की अवधारणा, गरिमा और स्वाभिमान, सुने जाने का अधिकार, सर्वोत्तम हित, पारिवारिक उत्तरदायित्व, सुरक्षा का सिद्धांत, कलंकित न करने वाले शब्द, निर्णय और कार्रवाई, अधिकारों के अभित्यजन तथा अन्य सिद्धांतों पर चर्चा की गई। शिविर में किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल श्रम अधिनियम 1986, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शिविर में खोए हुए, सड़क पर के कामकाजी बच्चे, बाल मजदूरी, अवैध व्यापार से पीड़ित, दुरुपयोग किए हुए, उपेक्षित एवं त्यागे हुए बच्चे, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, निशक्त, एचआईवी से ग्रसित, अनाथ, बाल विवाह से पीड़ित, मनुष्य द्वारा विपदाओं से ग्रसित बच्चे की देखभाल एवं संरक्षण पर भी चर्चा की गई।

## मृत खाताधारक के खाता से फर्जी तरीके से राशि की निकासी

**जमाताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी रासमुनी हेम्ब्रम ने सोमवार को बीडीओ मुरली यादव को आवेदन देकर अपनी मृत सास फुलमुनि मुर्मू के खाता से फर्जी ढंग राशि निकसी को लेकर आवेदन दिया है।रासमुनी ने आवेदन में लिखा है कि उनकी सास फूलमुनी मुर्मू का खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ मोहनपुर में है।जिसका खाता संख्या 2299768624 है।जिसमें मेरी सास का पेंशन की राशि आती थी।इस खाता का नॉमिनी मेरे पति सोनाराम किस्कु था।लेकिन मेरे पति का मौत 3 फरवरी 2014 को हो गया था।वही मेरी सास की मौत 15 अक्टूबर 2023 को हो गई।जिसके बाद उनके खाते से 20 हजार रुपया 19 जुलाई 2024 और 5 हजार 5 सौ की राशि 29 जुलाई 2024 को किसी अन्य व्यक्ति एवं मोहनपुर शाखा प्रबंधक के द्वारा कर ली गई है। नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव ने कहा कि मुझे मृत खाताधारक के खाते से राशि निकासी को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है।मैं शाखा प्रबंधक को शोकाज किया हूं, तथा खाते को लेकर जांच पड़ताल कर रहे हैं, जांच पड़ताल करने के बाद ही निष्पक्ष जानकारी मिल पाएगी।

## कलियासोल में रूआर के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**मैथन।** कलियासोल प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को बीडीओ जयप्रकाश नारायण की अगुवाई में सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखिया, सीआरपी व बीआरपी भी थे। बीईईओ सह समन्वयक, निरसा अशोक पाल ने कहा कि ड्रॉप आउट और छूटे हुए बच्चों को स्कूल हर हाल में लाना है। मैट्रिक के बाद बच्चों की पढ़ाई का स्तर कम होता जा रहा है। 6 से 14 वर्ष तक आयु वर्ग वाले बच्चों को विशेष का ध्यान देते हुए स्कूल में नामांकन करवाना है। इस अभियान में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं पंचायत के मुखिया की सहभागिता जरूरी है। इनकी मदद से ही बच्चों को स्कूल लाया जा सकता है। प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक, सीआरपी व बीआरपी भी सहयोग करेंगे। बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि स्कूल बच्चों की पढ़ाई का प्रथम पाठशाला है। बच्चों की पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण होगी तो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे एवं भविष्य में माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। वैसे बच्चे जो मजबूरी में काम करते हैं, उनका स्कूल चले अभियान के तहत नामांकन कराना है। बैठक में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिवदत्त मिश्रा, सीआरपी प्रदीप पंडित, वीरेंद्र अटल, कृष्णा यादव, मदन लायक, बबलू महतो, मुखिया हरिपदो टुडू, शिक्षक विनय कुमार, अजय कुमार सिंह, वंसीधर पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## बीआरसी कार्यालय फतेहपुर के संसाधन केंद्र में स्कूल रुआर कार्यक्रम का शुभारंभ

**पूर्वी टुंडी।** बीआरसी कार्यालय फतेहपुर के संसाधन केंद्र में स्कूल रुआर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, लटानी पंचायत के मुखिया ऐनुल हक,बीईईओ सहदेव महतो, बीपीओ सुजीत महतो द्वारा दी प्रज्वलित कर किया गया। बीडीओ ने मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा देना है। शिक्षा के वजह से आज हम और आप यहां पर उपस्थित हैं। सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाएं जिनमें पोषक, साइकिल एवं पढ़ाई हेतु कई लाभ दिया जाता है।बीईईओ सहदेव महतो ने कहा कि 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को विद्यालय में नामांकन करना। और बच्चों को विद्यालय से जोड़ना इसका मुख्य उद्देश्य है। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलाया जाएगा। मौके पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिका वह सीआरपी मधुसूदन गोराई, ललन सेन आदि उपस्थित थे।

## भरकट्टा पुलिस के खिलाफ सांकेतिक नुक्कड़ सभा

**गिरिडीह।** बिरनी के पूर्वी इलाकों में गरीब किसानों और मजदूरों पर भरकट्टा पुलिस के कथित जुल्म के खिलाफ आज शाम भाकपा माले ने सांकेतिक नुक्कड़ सभा की। सभा का नेतृत्व प्रखंड सचिव शेखर सुमन ने किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन ने रवैये में सुधार नहीं किया तो हजारों की संख्या में उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अली असगर, कामेश्वर मंडल, रणधीर मंडल, कुंज बिहारी यादव, मुस्तकीम अंसारी, अशोक यादव, मिनहाज अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मन्दिर के पुजारी और मस्जिद के मौलवियोंका सहयोग जरूरी: शंकर

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में सोमवार को संस्था प्रमुख की और से एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बाल विवाह रोकथाम को लेकर क्षेत्र के मंदिर, मस्जिद धर्मगुरूओं का सहयोग व समर्थन मिलने का बात बतायी। संस्था के निदेशक शंकर रवानी ने कहा कि धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है। इस अक्षय तृतीया के मौके पर जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के धनबाद में सहयोगी संगठन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। अठारह वर्ष से कम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत अपराध है।

# मझिआंव में बजरंग दल की आक्रोश रैली पाकिस्तान का पुतला जलाकर जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में रविवार देर शाम बजरंग दल के नेतृत्व में मझिआंव में आक्रोश रैली निकाली गई। प्रखंड संयोजक अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में राधाकृष्ण मंदिर से निकली यह रैली मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। रैली में महाबीरी झंडा और परंपरागत हथियारों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, मोदी जी यह काम करो, जिहादियों को साफ करो, हिंदू हितों का हनन हुआ तो खून बहेगा सड़कों पर जैसे तीखे नारे लगाए। बस स्टैंड लौटने के बाद तीनमुहान पर पाकिस्तान का पुतला एवं झंडा जलाकर विरोध प्रकट किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री सोनू सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शन आतंकियों और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देने के लिए है कि भारत अब जाग चुका है। उन्होंने कहा, अगर शांति को कायरता समझा जा रहा है, तो यह भारी भूल है। हम खून का बदला खून से लेंगे। बजरंग दल के जिला संयोजक करण चंद्रवंशी, चंदन स्वामी, ऋषभ श्रीवास्तव और मारुति नंदन सोनी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग और हिंदूवादी कार्यकर्ता इस रैली में शामिल हुए।

## भवनाथपुर में आटा चक्की और तेल मिल में आग लगने से 20 हजार रुपये की क्षति

**भवनाथपुर।** रविवार रात को हीरो एजेंसी के समीप स्थित आटा चक्की और तेल मिल में आग लगने से हड़कंप मच गया। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने के बाद आटा चक्की के मालिक ने किसी तरह पानी से आग बुझाई। इस घटना में करीब एक क्विंटल गेहूं और लगभग 20 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। आटा चक्की और तेल मिल के मालिक अमित सिंह ने इस अगलगी की घटना के संबंध में स्थानीय थाने में पंकज सोनी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अमित सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब पौने 12 बजे दो राहगीरों ने उन्हें सूचना दी कि उनके तेल मिल में आग लग गई है।

# आतंकी हमला: भाकपा माले ने निकाला कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में सैलानियों की नृशंस हत्या के विरोध में भाकपा माले की जिला इकाई ने राज्यव्यापी आह्वान पर गढ़वा, भवनाथपुर और बंशीधर नगर में कैंडल मार्च निकाला। गढ़वा में यह मार्च प्रखंड कार्यालय से रंका मोड़ तक निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। मार्च के दौरान शहीद सैयद हुसैन शाह और अन्य पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और फिर प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए माले नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कश्मीर में सैलानियों की हत्या सिर्फ आतंकवाद नहीं, बल्कि सरकार की गंभीर विफलता का प्रमाण है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आम नागरिक असुरक्षित हैं और सरकार मौन है, तो जवाबदेही की मांग लाजमी है। माले नेताओं ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि इस हमले की नैतिक जिम्मेदारी उन्हें लेनी चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि इस त्रासदी से चुनावी लाभ लेने की कोशिश न करें। उन्होंने आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। कार्यक्रम को राज्य कमिटी सदस्य कालीचरण मेहता, सुषमा मेहता, जिला कमिटी सदस्य अख्तर अंसारी, कामेश्वर विश्वकर्मा, दिलीप गुप्ता, गिरधारी सिंह, कुंदन मेहता आदि ने संबोधित किया। कैंडल मार्च में रेखा देवी, संगीता देवी, अनिता तिवारी, शालिनी मेहता, छोटी कुमारी, आरती कुमारी सहित काफी संख्या में महिलाएं और आम नागरिक शामिल हुए।

# भवनाथपुर के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के प्रतिनियोजन पर ग्रामीणों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरवारी में अध्ययनरत 60 छात्र-छात्राओं को केवल एक सहायक अध्यापक के भरोसे शिक्षण कार्य संचालित कराया जा रहा है, जबकि शिक्षा विभाग ने दो सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन किया था। इस मुद्दे पर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है और उन्होंने इसकी शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारियों से न्याय की मांग की है। गांववासियों के अनुसार, 21 जुलाई 2005 को उक्त विद्यालय में सहायक अध्यापक विक्की वशिष्ट और बिंदु कुमारी का योगदान हुआ था। कुछ समय बाद, बिंदु कुमारी को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजित कर दिया गया, लेकिन भारी विरोध के बाद उन्हें वापस बरवारी विद्यालय में तैनात किया गया। वहीं, 2023 से सहायक अध्यापक विक्की वशिष्ट को प्रतिनियोजित कर दूसरे पंचायत में भेज दिया गया था। इसके बाद, उन्हें कोरवाटोली विद्यालय में फिर से भेजा गया। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा विभाग ने दोनों सहायक अध्यापकों को प्रतिनियोजित करने के बावजूद बरवारी विद्यालय में एक भी सहायक अध्यापक की स्थायी नियुक्ति नहीं की है। इसका परिणाम यह हुआ है कि 60 छात्र-छात्राओं को केवल एक सहायक अध्यापक के भरोसे शिक्षा दी जा रही है, जो कि पूरी तरह से अव्यवस्थित और समस्या उत्पन्न करने वाला है। साल 2025 में शिक्षक मंगलेश सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद, बिंदु कुमारी को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया, जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया था। बावजूद इसके, शिक्षा विभाग ने उनकी आवाज को नजरअंदाज किया और राजकीय माध्यमिक विद्यालय मकरी के सहायक अध्यापक रविप्रकाश यादव को प्रभारी बना दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उनके विद्यालय में पहले से दो सहायक अध्यापक कार्यरत हैं, तो दूसरे विद्यालय से प्रतिनियोजित शिक्षक को क्यों भेजा जा रहा है? उनका यह भी कहना है कि अगर यह समस्या जल्द हल नहीं हुई, तो वे डीसी गढ़वा और शिक्षा सचिव, रांची से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग करेंगे और जांच करवाने की कोशिश करेंगे। समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी, उमेश यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोरख यादव और कई अन्य ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा विभाग और बीआरसी कार्यालय के अधिकारियों की मिलीभगत से कई अन्य शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया गया है, जो नियमों के खिलाफ है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी शेखर जमुआर ने की, जिसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में डीसी ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 तक जिले में कुल 47 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 28 लोगों की जान गई और 35 घायल हुए। डीसी ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए अधिकारियों को स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, रेडियम और साइनेज लगाने जैसे त्वरित उपाय करने का निर्देश दिया। बैठक में तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट झ अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोढ़ा और बुढ़ा पारस (टेढ़ी पुल) को चिन्हित कर शीघ्र सुधार करने का निर्णय लिया गया। डीसी ने सड़क निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि इन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए सभी सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। डीसी श्री जमुआर ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों पर भी सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है। उन्होंने स्पीड ब्रेकर, साइनेज और रंबल स्ट्रिप लगाने की अनिवार्यता दोहराई। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को सभी एंबुलेंस को चालू हालत में रखने और सेवा को सुलभ बनाने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटना के बाद समय पर इलाज मिल सके। डीसी ने शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने और स्कूल बसों की नियमित जांच सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में जिले में एक ट्रैफिक थाना स्थापित करने और शहर के प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, बिना हेलमेट, तेज गति और काले शीशों वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई का भी आदेश दिया गया। बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीईओ कैशर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज समेत अन्य संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


## शपथ पत्र

मैं मो० इसहाक असारी पित्ता युनूस अंसारी निवासी कुसुमडीह पोस्ट चारी गोला थाना एवं जिला रामगढ़ झारखंड एतद द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है।

2 यह कि आधार कार्ड सं0 3676 7341 0805 है जिसमें मेरा नाम MD. ISHAK ANSARI दर्ज है जो सही है।

3 यह कि मेरे नाम से ड्राइविंग लाइसेंस बना है जिसका लाइसेंस नं० JH0820100043074 है जिसमें भुल वश मेरा नाम MD ISHAQ दर्ज है जो गलत है।

यह कि उक्त ग्राइविंग लाइसेंस में MD ISHAQ के स्थान पर मेरा सही नाम MD. ISHAK ANSARI सुधार किया जाए इस निमित यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।

5 यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 24.04.2025 ई० को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया।

## शपथ पत्र

मैं कल्लु भुईयां पिता स्व बेलास भुईयां निवासी ग्राम निमियां, पोस्ट : सुदना, थाना - मेदिनीनगर, वार्ड नंबर- दो, जिला-पलामू, राज्य-झारखंड का स्थाई मुल निवासी हूँ। शपथ पूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा व एकरार करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं इस शपथ पत्र के माध्यम से यह आवश्यक रूप से प्रकाशन द्वारा सूचित करता हूँ कि खाता नंबर - 4, प्लॉट नंबर- 56, 45, 35, 101 कुल रकबा 3.27 डिसमिल जमीन एवं प्लॉट नंबर - 59, रकबा-12 डिसमिल मेरे खतियान में दर्ज है। उपरोक्त 3.27 डिसमिल जमीन का आधा हिस्सा 1.63 1/2 (एक बटा दो) डिसमिल जमीन सिविल जज सिनियर डिविजन नंबर-तीन के न्यायालय में 31.07.2024 ई. को हमलोगों के पक्ष में, सतीशचंद्र मेहता पिता स्व. राज कुमार मेहता निवास स्थान पुलिस लाईन रोड डालटनगंज पलामू के खिलाफ चौहदी के साथ हमलोगों को जमीन मिला है। सतीश मेहता आधा से अधिक जमीन बेच चुके हैं, हमलोग शुरू से ही जमीन प्लॉट नंबर - 56, 45 पर कब्जा दखल में हैं। उसी में हमारा 1.63 1/2 (एक बटा दो) डिसमिल जमीन हमको हासिल है। सतीश के भाई प्रेमचंद मेहता का बेचा हुआ जमीन अश्विन राम निवास स्थान हमीदगंज डालटनगंज रकबा-15 डिसमिल, प्लॉट नंबर- 56 में चौहदी के साथ हमलोगों के पक्ष में न्यायालय द्वारा मिला है। जो हमारे हिस्से में है। आये दिन सतीश मेहता, अश्विनी राम जमीन पर आकर डराते धमकाते हैं। हमलोगों को डर बना हुआ है इसके अलावे धीरेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अवधेश मेहता पिता सरयू मेहता निवासी ग्राम निमियॉं, प्लॉट नंबर 56 में बाजबरजस्ती मकान बना रहा है। इस तरह से कोई व्यक्ति जमीन खरीद बिक्री उनलोगों से करेंगे तो वह अवैध होगा। सिविल क्रिमिनल ए0 एसी0 एस0 टी0 केस का भागीदार होंगे।

बुक नंबर- 67, सिरियल नंबर-3240

दिनांक- 28.04.25


## स्पीड न्यूज

### रमना में 15वें वित्त मद से बने पीसीसी पथ का उद्घाटन



**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत में 15वें वित्त आयोग के तहत निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन सोमवार को पंचायत की मुखिया अनीता देवी द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। यह सड़क सिलीदाग मेन रोड से मनोज साह के घर तक बनायी गई है, जिसकी प्राक्कलित लागत ?1,08,000 (एक लाख आठ हजार रुपये) है। बरसात के मौसम में कीचड़ और फिसलन के कारण इस मार्ग से गुजरना स्थानीय लोगों के लिए कठिन हो जाता था। लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे मुखिया अनीता देवी ने पूरा कर स्थानीय जनता को बड़ी राहत दी है। उद्घाटन के अवसर पर गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने मुखिया की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने गांव की एक बड़ी समस्या का समाधान कर दिया है। कार्यक्रम में मनोज साह, शिव कुमार साह, सुनील सोनी, चंद्रिका ठाकुर, रघुनाथ साह, रामनाथ सोनी, विष्णु देव ठाकुर, शिव प्रसाद साह, राम चंद्र चौरसिया, विनोद चौरसिया, कंचन गुप्ता, सीमा देवी, सविता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

### सात वारंटियों सहित एक पोस्को आरोपी गिरफ्तार

**रंका।** थाना क्षेत्र में चलाए गए समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने सात वारंटियों सहित एक पोस्को एक्ट आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न पुराने मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को धर दबोचने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। गिरफ्तार वारंटियों में सीएफ-316/2013 के अंतर्गत महिंद्रा उरांव, सुदेश तिर्की और रामनाथ उरांव (सभी ग्राम विश्रामपुर निवासी) शामिल हैं। वहीं, केस संख्या 367/2014 के तहत अजय कोरवा उर्फ अजय देवरा, उदय भुईयां और अवधेश कोरवा (सभी ग्राम शेराशाम निवासी) को भी पकड़ा गया। इसके अलावा रळ केस संख्या 448/2012 के आरोपी रमेश सिंह (ग्राम कुदुम) को भी गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पोस्को एक्ट के तहत रंका थाना कांड संख्या 68/25 के आरोपी अखिलेश भैया (ग्राम करसो, थाना चैनपुर, जिला पलामू) को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि फरार आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जा सके।

### पुलिस के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मझिआंव/बरडीहा।** थाना क्षेत्र के कुंड्हे गांव में पुलिस पदाधिकारी के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बिगन प्रजापति (उम्र 50 वर्ष), पिता स्व. बिशंभर प्रजापति, ग्राम कुंड्हे थाना बरडीहा, ने पुलिस पदाधिकारी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। घटना उस समय की है जब पुलिस पदाधिकारी उनके घर नोटिस देने पहुंचे थे। उसी दौरान बिगन प्रजापति ने अभद्र व्यवहार करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। मामले में थाना कांड संख्या 23/25 दिनांक 27 अप्रैल 2025 को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी तरह की बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एमएसीपी वेतनमान का लाभ पाकर खुश हुए कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने की।

बैठक में उत्कृष्ट सेवा और सेवा की निर्धारित अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को द्वितीय संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया। इस योजना के तहत वर्ष 2004 में नियुक्त लिपिक संवर्ग के 18 प्रधान लिपिकों को 20 वर्षों की संतोषप्रद सेवा के उपरांत लेवल-7 (वेतनमान ?44900-142400, ग्रेड पे ?4600) का लाभ दिया गया। लाभान्वित कर्मियों में जाफर इमाम फारूकी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हैं। राजस्व उप निरीक्षक संवर्ग के तीन कर्मियों झ विनोद कुमार दुबे, विनोद सिंह और विनय कुमार गुप्ता झ को 10, 20 और 30 वर्षों की संतोषप्रद सेवा के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया।

श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय के चालक भरत प्रसाद को भी द्वितीय एमएसीपी का लाभ दिया गया। वहीं, समाहरणालय संवर्ग के पांच अनुसेवकों झ नन्दलाल राम, जयसन कोरवा, राहुल कोरवा सहित अन्य को भी योजना का लाभ मिला। डीसी शेखर जमुआर ने सभी लाभान्वित कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना कर्मियों के लिए सरकार द्वारा दिया गया प्रोत्साहन है, जिससे वे और अधिक निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी कर्मचारी अपने कार्यों का निष्पादन समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण रूप से करेंगे। अनुसचिवीय कर्मचारी संघ और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने जनवरी 2024 से लंबित एमएसीपी लाभ दिए जाने पर संतोष जताया और डीसी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों में कार्य उत्साह बढ़ाने वाला साबित होगा।

# यूपीएससी में सफलता हासिल करने वाली छाया को जिप सदस्य ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की बेटी छाया कुमारी ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे गढ़वा जिले और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। छाया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है, और लोग उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस विशेष अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड की जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा छाया के घर पहुंचीं और उन्हें श्री बंशीधर राधिका जी का फोटो एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रंजनी शर्मा ने कहा, छाया कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि अगर संकल्प और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि छाया जैसी होनहार युवा पीढ़ी ही आने वाले समय में समाज और देश को एक नई दिशा देंगी। जिला परिषद सदस्य ने युवाओं से अपील की कि वे छाया कुमारी से प्रेरणा लें और अपने लक्ष्यों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है, बस जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की।

## कूप निर्माण के दौरान मजदूर पर आकाशीय बिजली गिरने से घायल

**भवनाथपुर।** रविवार की शाम खरौंधी प्रखंड के मझिगवां गांव में कूप निर्माण कार्य के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। यह घटना उस समय घटी जब आधा दर्जन मजदूर कूप से मिट्टी निकालने का कार्य कर रहे थे। अचानक तेज बारिश और तूफान के साथ बिजली गिरने से मजदूर बिनोद राम इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद, गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घायल मजदूर को तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद बिनोद राम को गढ़वा रेफर कर दिया।

# गढ़वा जिला क्रिकेट संघ चुनाव संपन्न, राज महेश्वरम बने अध्यक्ष




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन में सोमवार को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चुनाव प्रभारी राहुल ऋषि की निगरानी में कराया गया। कुल 46 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर गढ़वा के युवा समाजसेवी राज महेश्वरम ने भारी बहुमत से जीत मिली। उन्हें 43 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी शैलेंद्र पाठक को सिर्फ तीन मत मिले।

# केतार में मनरेगा योजनाओं में जेसीबी से कार्य, समाजसेवी ने उठाई जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**केतार।** प्रखंड के पचाडुमर पंचायत में मनरेगा योजनाओं के तहत डोभा निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप सामने आया है। समाजसेवी रविंद्र कुमार पासवान ने उप विकास आयुक्त गढ़वा को लिखित आवेदन देकर दो योजनाओं में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन के प्रयोग और बिना कार्य भुगतान का गंभीर आरोप लगाया है। रविंद्र पासवान का कहना है कि योजना संख्या 3407003015/आईएफ708090 3750377 के तहत बनाए जा रहे 60760 डोभा का कार्य 16 अप्रैल 2025 तक स्थल पर शुरू नहीं हुआ था, इसके बावजूद फरवरी और मार्च माह का भुगतान दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य 25 अप्रैल की रात 12:24 बजे जेसीबी मशीन से कराया गया, जिसकी पुष्टि जीपीएस कैमरा से ली गई तस्वीरों से की जा सकती है। इसी प्रकार, दूसरी योजना संख्या 3407003015/आईएफ708090 51151 में भी बिना कार्य हुए फरवरी और मार्च माह का भुगतान कर दिया गया, और कार्य 24 अप्रैल को रात में जेसीबी मशीन से कराया गया। रविंद्र पासवान ने दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में जब बीपीओ नीरज कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोप सत्य पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।


**Government of Jharkhand**

**Directorate of Food & Consumer Affairs**

**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002**

Letter No - 604 Date- 28-04-2025

**Corrigendum Notice - 02**

Reference to Tender Ref. No.-Kha.Up.Ni.-24(Chi.Vi.Yo.)-04/2024-Re-448 Dated:-24/03/2025, PR No. 349157 and PR No. 350579 for Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As Per FSSAI Norms) for 4th Quarter (January 2025 to March 2025) of Financial Year 2024-25 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited.

Bid End Date/Time Amended as follows :-

| Description | As per RFP/ Corrigendum | Amended As |
|---|---|---|
| Bidding Document Cost Date : | 24-04-2025 | 02-05-2025 |
| Tender Document Sales End Date : | 24-04-2025 | 02-05-2025 |
| Bid Submission Closing Date : | 24-04-2025 | 02-05-2025 |

However, the prospective bidder are advised to regularly keep visiting and checking the website http://jharkhand.gov.in/food & https://www.neml.in for any further forthcoming information/ notice(s) / developments / amendment(s) / Clarification(s) regarding the subject Tender. Rest all the Terms and Conditions of the RFP and subsequent amendment remains unchanged.

Sd/-

PR 351243 Directorate of Food and Consumer Affairs (25-26)_D ( Dilip Tirkey ) Director

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2025-26

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 13/05/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 14/05/2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 14/05/2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉंची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Work Shop Building at ITI, Kuru, Lohardaga. | 19,90,400=00 | 40,000=00 | 5,000=00 | 03 (Three) Months. |
| 2. | Renovation of 250 MT Food Grain Godown at Kisko Block Campus Lohardaga | 5,96,000=00 | 12,000=00 | 1,250=00 | 02 (Two) Months. |
| 3. | Renovation of 500 MT Food Grain Godown at Kisko Block Campus Lohardaga | 13,38,400=00 | 27,000=00 | 2,500=00 | 03 (Three) Months. |
| 4. | Renovation of 500 MT Food Grain Godown at Kudu Block Campus Lohardaga | 14,77,900=00 | 30,000=00 | 2,500=00 | 03 (Three) Months. |
| 5. | Renovation of 250 MT Food Grain Godown at Kudu Block Campus Lohardaga | 8,13,600=00 | 17,000=00 | 1,250=00 | 02 (Two) Months. |
| 6. | Renovation of 500 MT & 250 MT Food Grain Godown at Bhandra Block Campus Lohardaga | 14,53,000=00 | 30,000=00 | 2,500=00 | 03 (Three) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तो का पालन अनिवार्य है :–

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 351214 Lohardaga(25-26)D

# पापी पाक!

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? पाक ने पूरी दुनिया को दहलाने के लिये अपने आतंकी निर्यात किए। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने इसे अनदेखा ही किया। निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। क्या जेहादियों के संरक्षक पाक पर कड़ी कार्रवाई करना भारत का अधिकार और भविष्य नहीं है?

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हिन्दू को निशाना बनाना भारत की परीक्षा के समान

**आईएसआई** की मंशा यह रही है कि भारत में हिंदू मौजूद अल्पसंख्यकों से बदला लेने पर उतारू हो जाएंगे। वह भारत में ऐसा संकट तैयार करना चाहती है कि यहां गृह युद्ध की स्थिति बन जाए

पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए आप कम से कम यह नहीं कह सकते कि उनका कोई भरोसा नहीं है, कब क्या कर जाएं। भारत के खिलाफ आतंकवाद शुरू करने के बाद पिछले 45 साल में हमेशा पता रहता है कि वे क्या करने जा रहे हैं।

पहले तो इस रणनीति को समझते हैं। इसके लिए कई नाम इस्तेमाल किए गए- छद्म युद्ध, हजारों जख्म देकर मौत, हिंसक जिहाद आदि। लेकिन आईएसआई के इन तरीकों में एक बात बराबर नजर आती है और वह है झ पाकिस्तानी जिहादी लश्करों या भारतीय अल्पसंख्यकों में से आतंकियों के जरिये हिंदुओं को निशाना बनाना। उन्हें लगता है कि हिंदू अपने देश में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध खड़े हो जाएंगे। वे भारत में ऐसा संकट लाना चाहते थे कि देश में गृह युद्ध की स्थिति बन जाए। इससे हम खुद से ही लड़ रहे होते और भारत सामरिक, सैन्य, राजनीतिक तथा नैतिक रूप से कमजोर होता। सबसे अहम बातः भारत के हिंदू बहुसंख्यक गुस्से और हताशा में अपने ही अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो जाते तो दो राष्ट्र का सिद्धांत सही साबित हो जाता।

हम इसे सबसे अहम क्यों कह रहे हैं? विदेश में रहने वाले पाकिस्तानियों को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने 16 अप्रैल को जो भाषण दिया, उसे देखिए। अपने ही देश में उनकी विश्वसनीयता जिस तरह कम हो रही है और वे जिस तरह कुरान का हवाला देकर आक्रामक बातें कर रहे हैं, उनसे आप समझ सकते हैं कि दर्द कहां उठ रहा है। यह दर्द पाकिस्तान की बुनियाद रखने वाले उस द्विराष्ट्र सिद्धांत की नाकामी से आया है, जो 1971 में ध्वस्त हो गया था। पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांतों में जातीय अल्पसंख्यक नए सिरे से इसे चुनौती दे रहे हैं। वे सभी मुस्लिम हैं। उनमें से कई तो पाकिस्तान से अलग होने के लिए मरने-मारने पर उतारू हैं।


इसके बावजूद आप द्विराष्ट्र सिद्धांत और पाकिस्तान की विचारधारा की बात कैसे करते हैं? यह साबित करके कि भारत में अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिमों का दमन हो रहा है। इसके लिए वह कायदे आजम का धन्यवाद करते हैं भले ही जिन्ना होते तो शायद जनरल के इस सुझाव को खारिज कर देते कि पाकिस्तान का निर्माण इस्लामिक कलमा के आधार पर किया गया था। या अंग्रेजीदां जिन्ना को यह समझने में ही मुश्किल होती कि पाकिस्तान की इस विचारधारा के स्वयंभू संरक्षक अपनी भद्दी अंग्रेजी में कहना क्या चाह रहे हैं। हमने 45 साल पहले की बात से शुरूआत इसलिए की क्योंकि यह सब तभी शुरू हुआ था, जब अफगानिस्तान में सोवियत आक्रमण के बाद से जब अमेरिका और पश्चिम तथा पश्चिम एशिया में उसके साथियों ने पाकिस्तान को अपना साझेदार बनाया था। उन्होंने इस्लामिक जिहाद का इस्तेमाल ह्यकाफिरह्न सोवियत के खिलाफ रणनीति के रूप में किया था। अगर कम्युनिस्टों को काफिर घोषित किया जा सकता है तो हिंदुओं को किया ही जा सकता है। इसकी शुरूआत 1980-81 में पंजाब में भिंडरांवाले के उदय के साथ हुई। शुरूआत में उसने पुलिस और निरंकारी पंथ के लोगों को निशाना बनाया लेकिन जल्दी ही हिंदू उसके निशाने पर आ गए। हिंदुओं को अलग करके मारने की पहली घटना 5 अक्टूबर 1983 को हुई। पंजाब में ढिलवाना कस्बे से कपूरथला जा रही एक बस को रास्ते में रोका गया और छह हिंदुओं को बाहर निकालकर गोली मार दी गई। यह हमला इतना बड़ा झटका था कि पूरा भारत उबल पड़ा। इंदिरा गांधी ने पंजाब में दरबारा सिंह के नेतृत्व वाली अपनी ही सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगा दिया।

आने वाले महीनों में हिंदुओं को छांट-छांट कर उनकी हत्या की जाने लगी और बाद में यही आंतकी हमलों का तरीका बन गया। 1989 से कश्मीरी आतंकी समूहों ने भी ऐसा ही करना शुरू कर दिया। इसकी शुरूआत पंडितों को प्रताड़ित करने और उनकी हत्या करने से हुई। आईएसआई समर्थित समूहों या लश्कर ए तैयबा ने मंदिरों, शादियों, होली-दीवाली के त्योहारों, रामलीला और हिंदू धार्मिक जुलूसों पर हमले करना शुरू कर दिया। तब हिंदुओं को मजबूरन पलायन करना पड़ा और वे देश भर में बिखर गए। एक समय तो एक भारतीय आतंकी संगठन भी खड़ा हो गया, जो पूरी तरह आईएसआई से जुड़ा था। तथाकथित इंडियन मुजाहिदीन ने देश भर में बम विस्फोट किए। इनमें दिल्ली में 2005 में हुए धमाके (जिनमें 62 जानें गईं), जयपुर में 2008 में हुए धमाके (63 मौतें) और 2008 में दिल्ली में ही फिर हुए बम धमाके (20 लोगों की मौत) शामिल थे।

बीते 45 सालों में हिंदुओं को निशाना बनाकर करीब 100 हमले किए गए। 1994 तक हमलावरों में पंजाब के आतंकी भी शामिल थे। इसका ब्योरा आपको साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल पर मिल जाएगा। मैं दिल्ली और जयपुर बम धमाकों के अलावा कुछ चुनिंदा घटनाएं याद दिलाता हूं, जहां इक्का-दुक्का आतंकियों को छोड़कर मरने वाले लगभग सभी हिंदू थेः ढिलवां बस हमला (1983, 6 मृत), फतेहाबाद बस हमला (1987, 34 मृत), रुद्रपुर रामलीला बम धमाका (1991, 41 मृत), लुधियान ट्रेन हत्याकांड (1991, 125 मृत)। इसके अलावा 1993 में चेन्नई आरएसएस कार्यालय में 11 लोग, 1996 में लाजपत नगर धमाकों में 13 लोग, 1996 में राजस्थान के दौसा धमाकों में 14 लोग, 1998 में कोयंबत्तूर धमाकों में 58 लोग, मार्च और नवंबर 2002 में जम्मू के रघुनाथ मंदिर में 12 और 14 लोग, 2002 में अक्षरधाम मंदिर में विस्फोट में 33 लोग, 2011 में अफजल गुरु की रिहाई की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में हुए धमाकों में 15 लोग मारे गए थे।

ये सैकड़ों हमलों में से बस कुछ हैं। इसमें मुंबई लोकल में हुए सिलसिलेवार धमाके और 26/11 का आतंकी हमला शामिल नहीं। कहने का अर्थ है कि आईएसआई की रणनीति रही है प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हिंदुओं को मारना। वे चाहते हैं कि हिंदू उग्र हों और अपने देश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाएं। इतना ही नहीं इससे गर्त में पड़ी पाकिस्तानी सेना की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। मैं आपको 1993 के बंबई धमाके याद दिलाता हूं। धमाके से पहले वाली शाम को एके-47 और गोले चुनिंदा जगहों पर रखे गए थे, जिनमें अभिनेता संजय दत्त का घर भी था। विचार यह था कि अयोध्या दंगों के बाद (जो उसी समय हुए थे) शिव सैनिक मुस्लिम बहुल इलाकों में हमले करेंगे और इन हथियारों का इस्तेमाल पुलिस तथा आम लोगों को मारने के लिए किया जाएगा। उसके बाद पूरे भारत में जो आग लगती उसे कौन काबू कर पाता?



-शेखर गुप्ता

> मुंबई लोकल में हुए सिलसिलेवार धमाके और 26/11 का आतंकी हमला शामिल नहीं। कहने का अर्थ है कि आईएसआई की रणनीति रही है प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हिंदुओं को मारना। वे चाहते हैं कि हिंदू उग्र हों और अपने देश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाएं। इतना ही नहीं इससे गर्त में पड़ी पाकिस्तानी सेना की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। मैं आपको 1993 के बंबई धमाके याद दिलाता हूं।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**तीन** बच्चों के पिता तस्लीम ने लव जिहाद कर झीमड़ी (सरायकेला) की बेटी का ब्रेन वाश किया। फिर उसका धर्म-परिवर्तन कर, नाम बदल कर बंगाल में निकाह कर लिया। मैं वर्षों से कह रहा हूं कि झारखंड में बेटियों की अस्मिता और खतरे में हैं। क्ठउक्रसरकार की खामोशी ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ाती है।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री**

**पहलगाम** के दुखद व दुर्दांत आतंकी हमले के बाद जहाँ देश आक्रोश में हैं और पीएम मोदीजी आतंकियों को अभूतपूर्व दंड देने का संकल्प ले रहे हैं,वहीं बहुत दुःख की बात है कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री ऐसे बयान दे रहे हैं जो पाकिस्तानी मीडिया में वाहवाही बटोर रहे हैं।

**- सुधांशु त्रिवेद्वी, सांसद**

# कश्मीरियों को नहीं पसंद पाकिस्तानियों का दखल

**सामयिक**

**ज्योति**

पहलगाम में गत सप्ताह जिस तरह मौत का तांडव मचा, जब आतंकवादियों ने पहचान के आधार पर छांट-छांट कर सैलानियों को गोलियों का शिकार बनाया, उससे किसी सख्त से सख्त दिल तक की रीढ़ में सिहरन दौड़ जाए। इन पर्यटकों में अधिकांश भारत के छोटे शहर जैसे कि शिवमोगा, पनवेल, विशाखापट्टनम, नेल्लोर, थाणे, करनाल, हैदराबाद, भावनगर, लोअर सुबानगिरी के ताजांग गांव, कोझीकोड जैसी जगहों से कश्मीर घूमने आए थे। जन्म से ही हमें बताया जाता है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है। अगर 2008 के मुंबई हमलों का उद्देश्य भारत के वित्तीय राजधानी को पंगु करना और इस तरह भारत को अपने घुटनों पर लाना था, तो बैसरन के अपराधियों का संदेश और भी स्पष्ट है कि मुस्लिम बहुल कश्मीर को सामान्य बनाने की कोशिश न की जाए, जो कि ह्यद्वि-राष्ट्र सिद्धांतह्न का हृदयस्थल है और यह फलसफा जितना जायज विभाजन के वक्त था, उतना ही आज भी है। हिंदू और मुसलमान अलग-अलग हैं और उन्हें पृथक ही रहना होगा।

इसलिए एक पल के लिए भी यह मत सोचिएगा कि कन्नड़, मलयाली, महाराष्ट्रीयन, गुजराती और हरियाणवी कश्मीर के मैदानों में मनमाफिक विचरेंगे और झूठमूठ मान लेंगे कि वे स्विट्जरलैंड में सैर कर रहे हैं, हालांकि मानने की बात कि यह इलाका स्विट्जरलैंड से कहीं ज्यादा खूबसूरत है- सिर्फ इसलिए कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है और इसके वर्तमान को नया स्वरूप प्रदान करना चाहती है।

लेकिन अगर आप इस बारे में विचार करें, तो बैसरन का संदेश वास्तव में काफी अलग है। जिस तरह से कश्मीरी लोग इस नृशंस नरसंहार की निंदा करने के लिए उठ खड़े हुए हैं, उमर अब्दुल्ला से लेकर टट्टू की सवारी करवाकर रोजी-रोटी कमाने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार तक, जिसने एक आतंकवादी के हाथ से बंदूक छीनने की कोशिश की और आतंकी ने उसे मार डाला। इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि हफ्ते का दिन कोई भी हो, कश्मीरी आवाम अलगाववाद के प्रयोजन को बढ़ावा देने वाले ढोंगियों की बजाय शांति बनाए रखने को तरजीह देना चाहता है। जब से समूची मुस्लिम बहुल घाटी में आजादी के नारे गूंजने के बाद कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ था और बाद के तमाम सालों में विद्रोही गतिविधियां जारी रहीं, 35 वर्षों में यह पहली बार है जब कश्मीर के मुसलमान एक बार फिर से तथाकथित ह्यद्वि-राष्ट्र सिद्धांतह्न के मलबे पर थूक रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने यह 1947 में किया था, जिसने घुसपैठिए भेजने वाला नव-स्वतंत्र पाकिस्तान को नाराज कर डाला। फिर भारतीय सेना को कारगिल की चोटियों पर काबिज हुए घुसपैठियों की पहली सूचना देकर उन्होंने 1999 में भी यही किया। आज फिर से वही कर रहे हैं।

यह सच है कि 2019 में अनुच्छेद-370 को बहुत ही असहज तरीके से हटाया गया, जिसके कारण बहुत लोगों को कर्फ्यू के कारण लंबे समय तक अपने ही घरों में कैद रहना पड़ा था। साथ ही, संवैधानिक रूप से गारंटी के रूप में प्रदत्त उनके अधिकारों का हनन का आक्षेप है। लगा कि आम कश्मीरी के पास खुलकर सांस लेने की जगह बहुत कम बची। लेकिन, अंततः मांएं और बच्चे पार्कों में बेधड़क बैठकर दिन भर की घटनाओं पर गप-शप करने की साधारण किंतु कीमती आजादी का अनुभव कर पाए। बच्चे फिर से स्कूल जाने लगे और स्कूल की दीवारें इतनी छोटी हैं कि आप उन्हें अंदर फुटबॉल खेलते हुए देख सकते हैं। श्रीनगर में झेलम के तट पर काले हिजाब में महिलाएं पुरुष साथियों के साथ बैठकर आइसक्रीम का लुत्फ लेते दिखाई देती हैं। शेष हिंदुस्तान अमीर खुसरो की जन्नत की ओर उमड़ने लगा, पिछले साल दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए।

इन दिनों, आत्म-सम्मान, स्वायत्तता और श्रीनगर-जम्मू और दिल्ली के बीच अक्सर तनावपूर्ण संबंधों को लेकर चलने वाली बहस पर ध्यान कुछ हटा हुआ है। अब जब राज्यवासी भी देश के बाकी हिस्सों के साथ शोक मना रहे हैं, कश्मीरी लोग पाकिस्तानियों से कह रहे हैं कि न सिर्फ.वे अपने काम से मतलब रखें, बल्कि उनसे दूर रहें और अकेला छोड़ दें।

पाकिस्तान के भीतर की प्रतिक्रिया पर भी ध्यान दें। उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार को भारत के इस आरोप का बचाव करने के लिए विदेशी मीडिया के सामने उतारा गया कि नरसंहार करने वाले आतंकवादी पाकिस्तानी हैं।

आरोप नकारने को उन्होंने यह कहकर समाप्त किया कि असली मुद्दा यह है कि कश्मीर प्रश्न एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है और इसे 1949 के संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए। शायद डार ने यह गौर नहीं किया कि इस सप्ताह की शुरूआत में पहलगाम नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और रोष मार्चों में भाग लेकर कश्मीरियों ने उनके लिए इस प्रश्न को हल कर दिया है, जो ह्यमेरे नाम पर नहींसे शुरू हुआ और समाप्त हुआ।

# पाक के कई यूट्यूब चैनल्स पर सर्जिकल स्ट्राइक

**सामयिक**

**रिमझिम सिंह**

पहलगाम हमले बाद भारत की सख्ती, शोएब अख्तर का अकॉउंट भी बंद।

बैन के तहत भारत में जिन पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया गया है, उनमें कई बड़े न्यूज चैनल और व्यक्तिगत क्रिएटर्स शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान गई और कई घायल हुए, भारत सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर बैन लगा दिया है।गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की गई इस कार्रवाई में कहा गया है कि ये यूट्यूब चैनल ह्लभड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील कंटेंटह्न फैला रहे थे और ह्लभारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों को निशाना बनाते हुए भ्रामक नैरेटिवह्न चला रहे थे।

किन चैनलों पर लगा बैन?

बैन के तहत भारत में जिन पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया गया है, उनमें कई बड़े न्यूज चैनल और व्यक्तिगत क्रिएटर्स शामिल हैं। जिन चैनलों पर पाबंदी लगी है उनमें डॉन न्यूज (, समा टीवी , एआरवाई न्यूज , बोल न्यूज , रफ्तार , जियो न्यूज , सुनो न्यूज और द पाकिस्तान एक्सपीरियंस शामिल हैं।




इसके अलावा, कई लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स के चैनल भी प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। इनमें वसी हबीब, अरजू काजमी, सैयद मुजम्मिल शाह, पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर और पत्रकार इरशाद भट्टी, असमा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक जैसे नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि इन चैनलों के दर्शकों में बड़ी संख्या भारतीय यूजर्स की थी।

अब जब भारतीय दर्शक इन चैनलों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं, तो यूट्यूब पर उन्हें एक संदेश दिखाई देता है:ह्लयह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है।


22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपनी जांच तेज कर दी है। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में एनआईए की टीमें 23 अप्रैल से घटनास्थल पर तैनात हैं और मौके पर मौजूद चश्मदीदों से पूछताछ कर महत्वपूर्ण सबूत जुटा रही हैं।

इस हमले के बाद भारतीय सेना ने भी सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। घाटी में आतंकियों के खिलाफ कई तलाशी अभियानों को अंजाम दिया जा रहा है। इसके साथ ही आतंकियों से जुड़े कई ठिकानों और घरों को ध्वस्त किया गया है।

इस बीच, भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के मद्देनजर कई यूट्यूब चैनलों को भारतीय दर्शकों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें वसय हबीब, अरजू काजमी, सैयद मुजम्मिल शाह, क्रिकेटर शोएब अख्तर और पत्रकार इर्शाद भट्टी, असमा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक जैसे लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स के चैनल शामिल हैं। इन चैनलों का बड़ा दर्शक वर्ग भारतीय था।

अब भारतीय दर्शकों को यूट्यूब पर इन चैनलों को खोलने पर यह संदेश दिखाई देता हैः यह कंटेंट इस देश में वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, क्योंकि सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित आदेश के तहत इसे हटाया गया है। सरकारी हटाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए गूगल ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट पर पूरी जानकारी उपलब्ध है।

**भले ही रांची का मौसम ठंडा हो गया हो और लगातार बरसात से तापमान गिरा है, लेकिन मेकॉन स्थित इस प्याऊ का दृश्य लुभाता है। तस्वीर- अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### बच्चों के बीच स्कूली बैग का वितरण



विष्णुगढ़। प्रखंड के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूली बैग का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में भारतीय युवा संसद सह जेएलकेएम के प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुनवा देवी तथा विद्यालय संयोजिका हेमंती कुमारी शामिल रहीं। पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को बैग दिए गए। सुरेश कुमार ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा या किसी समस्या के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को सूचित करें। बच्चों से मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शिक्षक दयामनी सोरेन, बबीता कुमारी, गुंजा भारती, सोनिया देवी, मोहिनी देवी समेत कई अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट के प्रभावित क्षेत्र के लिए पेयजल का शुभारंभ



बड़कागांव: प्रखंड में पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजना के प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल संकट को देखते हुए कंडाबेर, बेलतु और बरियातू गांवों में शुद्ध पेयजल वितरण के लिए टैंकर सेवा की शुरूआत की गई। टैंकर सेवा का उद्घाटन एनटीपीसी पीबीएनडब्ल्यू के सिरमा साइट ऑफिस के पास सदानंद चारी (अपर महाप्रबंधक) और पुरुषोत्तम सोनी (उप महाप्रबंधक) ने संयुक्त रूप से किया। इस पहल से कुल सात गांवों के ग्रामीणों को ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक, नॉर्थ वेस्ट माइनिंग के वरिष्ठ प्रबंधक संजय कांडी और स्थानीय जनप्रतिनिधि दिनेश साव उपस्थित रहे। पानी की इस व्यवस्था से गर्मी में पानी की किल्लत को काफी राहत मिलेगी।

### पर्यावरण सर्प मित्र सुरेश राम ने 21वीं बार व पत्नी ने 5वीं बार किया रक्तदान



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ के पर्यावरण सर्प मित्र और भारतीय मजदूर संघ भवन निर्माण जिला अध्यक्ष सुरेश राम ने 21वीं बार और उनकी पत्नी मंजू देवी ने 5वीं बार रक्तदान किया। जानकारी मिली थी कि सदर अस्पताल में ड पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है। सुरेश राम ने पत्नी मंजू देवी और सनी कुमार महतो के साथ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग पहुंचकर रक्तदान किया। सुरेश राम ने बताया कि रक्तदान करने से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छा महसूस होता है और आज तक उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने संकल्प लिया है कि स्वस्थ रहते हुए हर तीन महीने में नियमित रक्तदान करते रहेंगे। रक्तदान को जीवन बचाने का महान कार्य बताते हुए उन्होंने दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### सांसद प्रतिनिधि एवं आजसू नेता ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



बड़कागांव। प्रखंड के ग्राम चमगढ़ा में पुराने ट्रांसफार्मर के जलने के बाद नया 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर बिजली विभाग ने शीघ्रता से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इसका उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता और आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर नेताओं ने बताया कि विधायक ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सदैव तत्पर हैं, चाहे बिजली हो, पानी, सड़क या विस्थापन। ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। उद्घाटन समारोह में पंसस प्रतिनिधि अरुण महतो, आजसू प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, छात्र नेता अर्जुन महतो समेत कई लोग मौजूद रहे। इस पहल से गांव में फिर से बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है।

### जल पखवाड़ा के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली



पदमा: प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पदमा में जल पखवाड़ा 2025 के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती जय श्री देवी और वार्डन सुश्री मेनका मेहता ने किया। रैली का मुख्य उद्देश्य 'जल है तो कल है' विषय पर आमजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं ने जल बचाने का संदेश देते हुए लोगों को जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया। छात्राओं ने नारे लगाते हुए एवं पोस्टर के माध्यम से बताया कि पानी जीवन का आधार है और इसका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। रैली के माध्यम से छात्राओं को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और नेतृत्व कौशल सीखने का अवसर मिला। इस आयोजन में विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन किया और आयोजन को सफल बनाया। समापन के अवसर पर वार्डन मेनका मेहता ने सभी छात्राओं को जल बचाने के लिए अपने घर, विद्यालय एवं समाज में भी सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया। रैली ने पदमा क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश फैलाया।

### मांडू में सांसद प्रतिनिधियों की बैठक, जनहित कार्यों में तेजी लाने पर जोर



हजारीबाग। सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रामगढ़ जिले के बरही स्थित सीसीएल जीएम कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे सेवा कार्यों, आगामी क्षेत्रीय दौरों और विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सत्येंद्र नारायण सिंह ने सभी सांसद प्रतिनिधियों को जनहित और क्षेत्रहित में सक्रियता बढ़ाते हुए जनता और सांसद के बीच समन्वय को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य करने और सेवा भाव को प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस अवसर पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, सह-प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, मांडू मंडल सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, आरा मंडल प्रतिनिधि अरविंद कुमार प्रसाद, टाटीझरिया प्रतिनिधि संतोष मंडल, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल प्रतिनिधि रवींद्र कुमार वर्णवाल उर्फ टीपू और चुरचू मंडल प्रतिनिधि दुलेश्वर महतो उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्रीय विकास और सेवा कार्यों में नई ऊर्जा भरने का संकल्प लिया गया।

# काली कार का रहस्य!

## हजारीबाग की जमीन के नीचे दबा अंधेरा!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शाम के छह बजे थे। गांधी मैदान की हवा में अजीब सी बेचैनी घुली थी। कुछ दूर एक काली बुलेट की गड़गड़ाहट गूंजी, और फिर धीरे-धीरे सबकुछ शांत हो गया। मैदान सुनसान था, लेकिन जमीन के नीचे कुछ छुपा था, कुछ ऐसा, जिसने हजारीबाग की रातों से मासूमियत चुरा ली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहानी शुरू होती है एक काली चमचमाती कार से, जिसके काले शीशों के पीछे छुपा रहता है इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड। दिपुगढ़ा से आने वाला यह शातिर शख्स शहर के छोटे पेडलर्स को ड्रग्स की सप्लाई करता है। ये पेडलर्स बेरोजगार लड़कों को अपने जाल में फंसाते, उन्हें नशे का खुदरा विक्रेता बना देते, और बदले में कमीशन का लालच देकर हमेशा के लिए बांध लेते हैं।

कोर्रा इलाका, जहां हजारीबाग के तमाम कॉलेजों के छात्र किराए पर रहते हैं, अब इस काले कारोबार का गढ़ बन चुका है। युवा सपनों के इस इलाके में हर शाम एक नया सौदा पक्का होता है। और सबसे खतरनाक है इनका तरीका: न ड्रग्स की खुली सौदेबाजी, न कोई दिखावा। बस, जमीन के नीचे दबा माल, जिसे चुपके से निकाल कर कस्टमर के हाथ में थमा दिया जाता है।

गांधी मैदान और कृष्णापुरी तालाब के किनारे की अधूरी दुकानों की मिट्टी अब नशे की चादर ओढ़ चुकी है। हर शाम 6 से 8:30 के बीच काली बुलेट वाले पेडलर्स आते हैं, ग्राहकों से पहचान के इशारों में बात होती है, और मिट्टी से निकाला जाता है जहर। सौदा तय होते ही सब कुछ फिर से शांत। जैसे कुछ हुआ ही न हो। पर इस शांत माहौल के पीछे है एक भयावह सच। एक बार इस नशे के खेल में फंसने के बाद, वापस लौटने का कोई रास्ता नहीं है। न बेचने वाले के लिए, न लेने वाले के लिए। बेचने वालों को दौलत की लत है, और खरीदने वालों को नशे की। ज्ञात हो अभी कुछ दिनों पहले कृष्णापुरी की गली में नशे में धुत्त युवती की लाश मिली थी। सूत्र बताते हैं कि वो खुद एक ड्रग पेड्डलर थी। हजारीबाग की शांत फिजा के नीचे, अब एक दूसरा शहर बस चुका है। एक ऐसा शहर जो मिट्टी में मौत बोता है। और सवाल अब भी वही है, क्या इस काले खेल पर कभी कोई उजाला पड़ेगा?

# अंडर-15 बालिका टी-20 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

## हजारीबाग टीम में बीएसए बरही की 10 खिलाड़ी शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-15 बालिकाओं के लिए टी-20 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 अप्रैल से हुआ है और यह 8 मई तक चलेगी। टूर्नामेंट के लिए टीमों को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में जमशेदपुर, सिमडेगा, लोहरदगा और खूंटी की टीमें शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में हजारीबाग, बोकारो, रांची और पाकुड़ की टीमें रखी गई हैं। ग्रुप सी में धनबाद, रामगढ़, गिरिडीह, देवघर और गुमला की टीमें खेल रही हैं। ग्रुप ए के मुकाबले धनबाद में, ग्रुप बी के मैच पाकुड़ में और ग्रुप सी के खेल बोकारो में आयोजित हो रहे हैं। टूर्नामेंट के तहत 30 अप्रैल को हजारीबाग और पाकुड़ के बीच, 1 मई को हजारीबाग और रांची के बीच तथा 2 मई को हजारीबाग और बोकारो के बीच मैच खेले जाएंगे। हजारीबाग टीम की कप्तानी सलोनी कुमारी कर रही हैं। हजारीबाग टीम में बीएसए बरही से दस प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी (कुंडवा), पिता- छोटन राणा, विद्यालय- मध्य विद्यालय बरही, नंदनी कुमारी (करसो बरही), पिता- धीरेंद्र कुमार, विद्यालय- उत्क्रमित मध्य विद्यालय करसो, तृप्ति गुड़िया (रसोइया धमना), पिता- प्रकाश साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, सृष्टि कुमारी (बरहीडीह), पिता- दीपू प्रजापति, विद्यालय- प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही, सुमन कुमारी गुप्ता (रसोइया धमना), पिता- सुरेंद्र साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, अंशु कुमारी, पिता- वीरेंद्र साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, तानिया कुमारी (हजारी धमना), पिता- धूपनारायण सिंह, विद्यालय- भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही, सृष्टि राज गुप्ता (धमना), पिता- विकास कुमार, विद्यालय- सुरेंद्र लाल जैन हाई स्कूल सिंहरावा, जीविका रानी, पिता- विजय कुमार साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, सपना कुमारी (बरही), पिता- राजू रविदास, विद्यालय- प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही शामिल है। टीम के सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रौशन करने के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगी। सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, कुलदीप कुमार, बसन्त ठाकुर देने का काम किए हैं। बधाई देने वालों में विधायक मनोज यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, मनोज केशरी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, धर्मपाल केशरी, अनिल रजक, मनितोष यादव, रामप्रसाद यादव समेत अन्य शामिल हैं।

### पैक्स में सदस्यता हेतु विशेष अभियान शुरू

**विष्णुगढ़।** प्रखंड में पैक्स में सदस्यता के लिए 24 अप्रैल से 24 मई 2025 तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत पंचायत क्षेत्र के स्थायी निवासियों में से अर्हताधारी प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को सदस्यता दी जाएगी। इसके लिए 10 रुपये सदस्यता शुल्क और 100 रुपये शेयर मूल्य यानी कुल 110 रुपये लिए जाएंगे। इच्छुक व्यक्तियों का विवरण क्रमवार एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, जिसकी प्रतिलिपि और राशि बैंक खाते में जमा कर रिपोर्ट भेजी जाएगी। साथ ही, सदस्यता प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र भी दिया जाएगा। यह अभियान मिशन मोड में चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को सहकारी समितियों से जोड़ा जा सके और ग्रामीण विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाई जा सके।

### श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम बादम में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ हुआ। पंचवाहिनी माता स्थान से शुरू होकर कलश यात्रा महतो मोहल्ला, बनिया मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए सीमासी बागी नदी तक गई, जहां जल उठाव कर यज्ञ मंडप पहुंचा। यज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं। 30 अप्रैल से 6 मई तक कथा वाचन कार्यक्रम होगा और 7 मई को जागरण एवं झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ में यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय और कथावाचिका अंजना किशोरी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष अभय कुमार और सचिव संतोष कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन आनंद पांडेय द्वारा महाआरती भी की जाएगी।

# हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान

- नियम का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान और कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज, प्रज्ञेश निगम ने किया। अभियान के दौरान महिला डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने वाले, प्लेटफॉर्म पर अनुशासनहीनता फैलाने वाले और 'नो पार्किंग' क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की गई। पकड़े गए व्यक्तियों को मौके पर ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आर्थिक दंड से दंडित किया गया। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल की अहम भूमिका रही। निरीक्षक प्रभारी यू.एस. ओझा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चंद्र भान पांडेय, प्रधान आरक्षी राज कुमार साव, दीपक यादव सहित कई अन्य आरक्षियों ने अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक दंडाधिकारी ने यात्रियों से अपील की कि रेलवे नियमों का पालन सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित रेलवे वातावरण बनाए रखने के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। आज का अभियान यात्रियों के लिए एक स्पष्ट संदेश था कि नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित है।

# चित्रगुप्त महापरिवार की बैठक में दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

- पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**गोला (रामगढ़)।** गोला चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश महापरिवार गोला की मासिक बैठक हुई। ज्ञात हो कि महापरिवार की बैठक प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को होती है। इस बैठक में सर्वप्रथम समाज के हाल में हुए दिवंगत सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस बैठक में सभी चित्रांश वक्ताओं ने एक स्वर में पहलगाम आतंकी हमले की तीव्र भर्त्सना की तथा सरकार से मांग की कि घटना के दिवंगत पर्यटकों के बहे लहू का बदला लिया जाये। आतंकी घटना को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने वाले पड़ोसी देश को सबक सिखाने का आह्वान किया गया ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिमाकत ना कर सके।

मौके पर चित्रांश महापरिवार के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा, धिरेन्द्र नारायण बक्शी, आधार कुमार, लाला चन्द्रमोहन, दीपक कुमार सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, प्रीतम सिन्हा, सुजीत सिन्हा, रजनीश आनंद, श्रीकांत गोविंद, अभय कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, शैलेंद्र सिन्हा, विरेन्द्र सिन्हा, संदीप लाला, संदीप बक्शी, आनंद बक्शी, जितेंद्र बक्शी, जीवन बक्शी,विक्की सिन्हा, प्रवीण बक्शी सहित कई चित्रांश शामिल थे।

# उत्कृष्ट कार्यों से है रोटरी रांची की पहचान : विपिन चाचन

- रोटरी क्लब रांची के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चाचन ने जनसेवा परियोजनाओं की सराहना की




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मेजर डोनर रोटेरियन विपिन चाचन ने फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचन के साथ रोटरी रांची क्लब का अधिकारिक दौरा किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा संचालित परियोजनाओं को देखा और उनकी प्रशंसा की जिसमें प्रमुख रूप से गुरुनानक होम फॉर हेंडिकेप में जनसेवा के प्रति डॉक्टर अनिल पांडेय के जूनून की प्रशंसा की। गवर्नर विपिन चाचन ने कहा कि भारत में पिछले सौ वर्षों से सामाजिक कार्यों में लगे रोटरी क्लब ने पोलियो उन्मूलन के बाद अब देश से अशिक्षा को दूर करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन पूरे झारखंड बिहार में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इसके लिए टीच नामक मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है। इसका हर अक्षर एक विशेष प्रोजेक्ट है। टी अक्षर का अर्थ है टीचर्स सपोर्ट, ई का अर्थ है ई-लर्निंग, ए का अर्थ है एडल्ट लिटरेसी, सी का अर्थ है चाईल्ड डेवलपमेंट और एच का मतलब है हैपी स्कूल। इसी के आधार पर रोटरी क्लब अपने मिशन को पूरा करने में जुटा हुआ है। असिस्टेंट गवर्नर दीपक श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब राँची द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल आदि के लिए किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। रोटरी रांची के अध्यक्ष गौरव बोगरॉय ने कहा कि रोटरी क्लब ने पोलियो को खत्म करने के लिए जो अभियान चलाया था, वह शत प्रतिशत सफल रहा। क्लब ने कई मरीजों का निःशुल्क उपचार कराया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज रोटरी रांची ने बहुत ही सफलता के साथ रोटरी सत्र 24-25 का 100वां प्रोजेक्ट सदर अस्पताल रांची में पूरा किया। मानंद सचिव डॉ ख्याति मुंजाल ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी क्लब रांची पूरी तरह समर्पित है। सबको साथ लेकर चलना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मास्टर ऑफ शिरोमणि ललित त्रिपाठी ने कहा कि देने के सुख से बड़ा कोई सुख नहीं है, इससे हम दूसरों के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। हम तब खुश होंगे, जब हमारे पड़ोसी खुश हों। मौके पर पूर्व गवर्नर अनिल सिंह, जोगेश गंभीर, राजीव मोदी, रेखा सिंह, विनय ढनढनिया, विनोद सरावगी, डॉ अनिल कुमार पांडेय, मुकेश तनेजा, जी सी सिंह, हरमिंदर सिंह, मंजू गंभीर, रेखा सिंह, पूनम छाबड़ा, शाहिद पॉल, सुरेश साबू, सुमित अग्रवाल, अजय दीप वाधवा, अमित अग्रवाल, अजय साबू, अजय जैन, पवन जायसवाल, कांता मोदी, एन के माखीजा, रविन्द्र चड्ढा, परमजीत चड्ढा,राबिया पॉल, अंकुर अनिल, रश्मि अग्रवाल, गौरव प्रशांत, गिरीश अग्रवाल, चरणजीत सिंह वासु, रजत बहल, भावना तनेजा, प्रवीण राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।

### आठ नए सदस्य बने

मौके पर पूर्व गवर्नर सह डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप चेयरमैन जोगेश गंभीर ने आठ नए सदस्यों को लेपल पिन पहना एवं शपथ ग्रहण करवा रोटरी की सदस्यता प्रदान की। नये सदस्यों में डॉ. अनिरबन सान्याल पैथोलॉजिस्ट, गुरबीर सिंह एफएमसीजी- रिटेल, कनिका मल्होत्रा कंसल्टेंट- मानव संसाधन, मेघा कपूर कंसल्टेंट- इंटीरियर डिजाइनिंग, राज कुमार अग्रवाल अकाउंटिंग- वित्तीय प्रबंधन, सरिता सिन्हा फर्नीचर- रिटेल, सिमी मेहता पॉलिसी रिसर्चर, सुधा ढांढानिया कंसल्टेंट- इंटीरियर शामिल हैं।

## एक नजर में

### जिला उद्योग केंद्र के किए जा रहे कार्यों की रामगढ़ उपायुक्त ने की समीक्षा



**रामगढ़।** जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ श्री शंभू शरण बैठा द्वारा संचालित योजनाओं पीएमईजीपी लक्ष्य 72 के विरूद्ध 76 स्वीकृति पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा से संबंधित प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं लाभूको को हुए भूगतान तथा लंबित आवेदनों की सुचना उपायुक्त को दी गई। उक्त के संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि पीएमएफएमई मे जो भी मामले किसी कारणवश लंबित है का निष्पादन जल्द से जल्द किया जाए साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधान के स्तर से आवेदन अग्रसारित करने में विलंब होने की वजह से पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत बहुत आवेदन अभी तक लंबित है उक्त के आलोक में निर्देश प्राप्त हुआ है कि ऐसे ग्राम को चिन्हित करते हुए उक्त के प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु पत्र प्रेषित किया जाए। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग सह रामगढ़, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग, अग्रणी जिला प्रबंधक रामगढ़, ईओडीबी मैनेजर रामगढ़, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में नहीं बिकेंगे तंबाकू उत्पाद : सिविल सर्जन




**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार के आदेशानुसार तथा असैनिक शल्य चिकित्सक डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निदेर्शानुसार जिले मे सीओटीपीए, 2003 अंतर्गत छापेमारी जारी है। सिविल सर्जन ने कहा की हमारे युवा को तंबाकू से बचाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि तंबाकू कंपनियां स्कूल कॉलेज के बच्चों को अपना टारगेट बनाते हुए अपना उत्पाद विक्री करवा रही है। जिले के सभी दुकानदार जो तंबाकू उत्पाद का विक्री करते है उन्हे अपने तंबाकू विक्री स्थल पर निम्न साइनेज 2 फुट .1.5 फुट का प्रदर्शन करना अनिवार्य है साइनेज नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया जाएगा। सभी होटल मॉल पेट्रोल पंप और अन्य कार्यालय को धूम्रपान निषेध का साइनेज 2 फुट .1.5 फुट का लगाना अनिवार्य है साइनेज नहीं पाए जाने की स्थिति में 200 रुपये का अर्थदंड अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। तंबाकू नियंत्रण परामर्शी बिनय शर्मा द्वारा बताया गया की सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करना निषेध है। इसका कारण भी है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जब सिगरेट और बीड़ी का सेवन करता है तो अपने आस-पास के लोगों को भी प्रभावित करता है। इसे अप्रत्यक्ष धूम्रपान कहा जाता है जिसमे कोई व्यक्ति न चाहते हुए भी सिगरेट बीड़ी के धुएं से ग्रहण करता है। सिगरेट बीड़ी का धुआँ लोगों में हृदय रोग को बड़ी तेजी से से बढ़ा रहा है। तंबाकू का कोई भी पदार्थ का सेवन हृदय को कमजोर करता है और हृदय संबंधित बीमारी होता है। टी बी, अस्थमा, अलसर, तथा कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी तंबाकू के सेवन करने वालों को हो रही है। तंबाकू से स्नायुबल कमजोर होता है जिसके कारण लोगों में कार्य करने की क्षमता में कमी आ रही है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में कोई भी दुकानदार द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचना वर्जित है अन्यथा कानूनी कारवाई की जाएगी।

### विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस पर बलकुदरा में सेफ्टी झंडोत्तोलन का आयोजन

- 25 प्रतिशत अतिरिक्त उत्पादन के लिए महाप्रबंधक ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को बलकुदरा मंे सेफ्टी झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने वजारोहण कर बलकुदरा परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगार बंधुओं को सुरक्षित तरीके से लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक उत्पादन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भूरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, सयाल पीओ शंभू शरण सिंह, बरका-सयाल एरिया सेफ्टी प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा, भूरकुंडा मैनेजर कमर फहीम, भुरकुंडा सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, अंकुर विश्वनाथ, रमेश कुमार एवं जेसीएससी मेंबर शशि भूषण सिंह, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य विकास कुमार एवं पप्पू सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। झंडोत्तोलन के पश्चात क्षेत्रीय सेफ्टी कमिटी के सदस्यों द्वारा बलकुदरा माइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत भूरकुंडा ऑफिसर्स क्लब में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सेफ्टी कमिटी के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस बैठक में श्रीकांत गुप्ता, संजय यादव, संजय शर्मा, संजय वर्मा, गणेशा राम, चमन मुंडा, विनोद मिश्रा, अशोक कुमार वशिष्ठ, अजीत सिन्हा, सचिन प्रसाद मेहता, श्याम नंदन प्रसाद, विद्युत प्रकाश लाल सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### रांची में आयोजित एपीकेवाई मैराथन 2025 में कुजू के महेश धोबी ने 21 किलो मीटर दौड़ में लाया पहला स्थान




कुजू। कुजू कोलियरी निवासी महेश धोबी ने रांची बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान रांची में रविवार को एपीकेवाई मैराथन 2025 में 60 वर्ष से अधिक उम्र के दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। महेश धोबी ने प्रतियोगिता में 21 किलो मीटर दौड़ में पहले स्थान पर आकर उन्होंने साबित किया कि आज दौर में फिटनेस से हर प्रतियोगिता को जीता जा सकता है। बाद में महेश धोबी को अतिथियों द्वारा मेडल व बूके देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि 27 अप्रैल 2025 को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में एपीकेवाई मैराथन आयोजित किया गया था। इस मैराथन में 3 किलो, 5 किलो, 10 किलो और 21 किलो मीटर की दूरी शामिल थी। जिसमें महेश धोबी ने 21 किलो मीटर दौड़ में पहले स्थान प्राप्त किया।

### अबुआ आवास योजना के तहत 10 मई को एक साथ 2000 आवासों का होगा गृह प्रवेश, उपायुक्त ने दिया आदेश



**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों में निर्मित कुल 2000 आवासों का एक साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त चंदन कुमार ने सोमवार समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने गृह प्रवेश कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। गौरतलब होकि अबुआ आवास योजना के तहत आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच बर्तनों का भी वितरण किया जाना है इसे लेकर भी उपायुक्त के द्वारा आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

### स्वर्णरेखा महिला समिति ने 'स्पार्कल' थीम पर भव्य वार्षिक समारोह का किया आयोजन





भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा टाउनशिप ग्राउंड में ह्यस्पार्कलह्व थीम पर भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केएस सुंदरम अध्यक्ष पीवीयूएनएल एवं निदेशक परियोजना एनटीपीसी द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस अवसर पर सीईओ आरके सिंह सहित महाप्रबंधकगण एवं कई कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इस दौरान समिति की सदस्यों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समारोह में स्वागत गीत, दुर्गा स्तुति, लोकनृत्य और एक प्रेरणादायक नाटक का भव्य मंचन किया गया। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। मौके पर समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने पूरी टीम की सराहना करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें समिति द्वारा किए गए सामुदायिक विकास कार्यों का उल्लेख किया गया। प्रतिभागियों की उमंग और ऊर्जा ने पूरे कार्यक्रम को जीवंतता से भर दिया। स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित ह्यस्पार्कलह्व समारोह नारी सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक समृद्धि का एक शानदार उदाहरण बनकर उभरा।

## स्वास्थ्य मंत्री ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा

# कोडरमा का सदर अस्पताल अन्य जिलों की अपेक्षा काफी बेहतर तरीके से संचालित है : डॉ. इरफान अंसारी

- माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की स्वास्थ्य मंत्री ने की प्रशंसा

खबर मन्त्र संवाददाता






**कोडरमा।** राज्य सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा परिवार कल्याण विभाग सह खाद्य, आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने सदर अस्पताल के विभिन्न ओपीडी, हेल्प डेस्क, पंजीकरण काउंटर, पेइंग वार्ड, फिजियोथेरेपी वार्ड, इमरजेंसी, जेरियेटिक वार्ड, शिशु वार्ड, प्रसूति वार्ड समेत विभिन्न वार्डों के अलावे नवनिर्मित माड्यूलर ओटी का निरीक्षण किया। वहीं अस्पताल में चिकित्सा के उन्नत सुविधाओं को देख प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा कोडरमा का सदर अस्पताल काफी बेहतर है। फिजियोथेरेपी समेत अन्य वार्ड भी काफी व्यवस्थित है, अस्पताल में उपलब्ध बेहतर चिकित्सा व्यवस्था को देख मुझे गर्व है। वहीं उन्होंने कहा कि माड्यूलर ओटी भी काफी बेहतर बनाया गया है, एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वालों की हमेशा प्रशंसा करनी चाहिए। वहीं मंत्री ने उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं को बरकरार रखने, अस्पताल आने वाले मरीजों को और अधिक चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए हरसम्भव प्रयास करने को कहा। इसके पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. अनिष कुमार समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**हमें गर्व है कि झारखंड में ऐसा भी सदर अस्पताल है :** पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि राज्य के कई जिलों के सदर अस्पताल का दौरा किया, परन्तु जिस तरह की व्यवस्था यहां देखी गयी वह प्रशंसनीय है। वहीं उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि झारखंड में ऐसा भी सदर अस्पताल है, जहां चिकित्सा की उन्नत व्यवस्था है, इससे कोडरमावासियों को काफी लाभ मिल रहा है। मुझे जानकारी मिली है कि डीसी मैडम स्वयं सदर अस्पताल पर निगरानी रख कर, चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त कर रही है, यह काफी अच्छी बात है। एक सवाल के जवाब में कहा कि कुछ लोगों की शिकायतें जरूर मिलीं, मगर हमें कमियों पर नहीं, अच्छाइयों पर ध्यान देने की जरूरत है, यदि कुछ कमी है तो आने वाले दिनों में उसे सुधार लिया जाएगा।

### सिविल सर्जन ने डॉ. सौरभ पर कार्रवाई की मांग की

सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष डॉ. सौरभ पर जिले के अधिकारियों की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि डॉ सौरभ के द्वारा सोशल मीडिया पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों/चिकित्सा पदाधिकारियों समेत जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल की जा रही है। इस बाबत आरोपी पर प्राथमिकी भी दर्ज हुई है, परन्तु पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने एसपी को जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरीके से करें कि सभी योग्य लाभुक हो लाभान्वित : मंत्री

**स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक**

इसके पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी स्थानीय परिसदन पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग से संचालित योजनाएं, चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष्मान योजना, चिकित्सा से जुड़े उपकरण की उपलब्धि आदि की जानकारी ली, साथ ही चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा कर धान अधिप्राप्ति, राशन दुकानों से हो रहे अनाजों के वितरण, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना आदि की जानकारी लेते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को समय पर अनाज उपलब्ध हो, इसके अलावे मंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिया। वहीं मंत्री ने विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों का तक पहुंचाने, योजनाओं में पारदर्शिता बनाये रखने आदि का निर्देश दिया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के अलावे उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु, डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री के कोडरमा पहुंचते ही शिकायतों का लगा तांता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका परिसर में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की जा रही थी। उसी बीच कांग्रेस नेता सैयद नसीम ने कांग्रेस पार्टी में चल रही उत्तर-पुथल की जानकारी मंत्री को दी। वहीं नसीम ने कहा कि अगर किसी आम जनमानस की समस्या को हम उच्च पदाधिकारी, मंत्री, मुख्यमंत्री तक नहीं रख सकते हैं तो जनता किस रूप पर हम पर विश्वास करेगी। वहीं कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह ने सदर अस्पताल में सिविल सर्जन पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन भाजपा के स्थानीय विधायक, सांसद के इशारे पर चलते हैं और विगत 5 वर्षों से एक ही जगह पर हैं। सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन को जानबूझकर खराब कर बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने को मरीजों को कहा जाता है। वहीं बांझेडीह से निकलने वाले फ्लाई ऐश जो आज पूरे शहर को प्रदूषित कर रहा है, उसे भी नियम संगत ले जाने की बात कही।

## स्वास्थ्य मंत्री का रांची जाने के दौरान हुआ भव्य स्वागत



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अज्जू सिंह के नेतृत्व में चंदवारा चौक पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का रांची जाने के दौरान भव्य स्वागत किया। वहीं बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, अरुण प्रसाद, मोती दास, दिलीप साह, पृथ्वीराज सिंह, प्रमोद वर्मा, राजेश सोनी, मो. मुख्तार, शीतल यादव, मथुरा यादव, अभिजीत राणा, वरुण यादव, आशीष पांडे आदि शामिल थे। वहीं प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष ने विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। जिस पर मंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया।

## बाबा साहब की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के समीप सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा अतिथियों को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किए, साथ ही सभी ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने समता मूलक समाज की परिकल्पना की है, यह ऐतिहासिक पल है। बाबा साहब का कारवां नहीं रुकेगा, हम लोग मिलकर उनका कारवां बढ़ाएंगे। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नवलशाही थाना क्षेत्र में बुलेट की चोरी

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खटोलिया से 27 अप्रैल की रात एक बुलेट संख्या जेएच12एल2900 की चोरी हो गई। वहीं बुलेट मालिक महेश यादव ने नवलशाही में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर सोमवार को नवलशाही थाना के एएसआई सूर्य प्रकाश पूरी ने जांच पड़ताल करने के लिए आवेदक के घर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच किया और कहा की जल्द से जल्द चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## मांगों को लेकर सदर अस्पताल परिसर में सीटू और किसान सभा ने किया प्रदर्शन



**कोडरमा।** सदर अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी एवं मरीजों को होने वाली परेशानियों के खिलाफ और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगों को लेकर सीटू और किसान सभा ने सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष हांथों में पोस्टर लेकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। जिसमें ऑक्सीजन प्लांट रहते हुए बाहर से ऑक्सीजन खरीदी की जांच करो, मेनू के आधार पर मरीजों को भोजन देना होगा, आयुष्मान में सहिया को प्रोत्साहन राशि भुगतान करो, आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण बंद करो, सभी कर्मियों को न्यूनतम वेतन देना होगा, सभी तरह की दवाई और जांच की व्यवस्था हॉस्पिटल में करना होगा आदि नारे लगाए जा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान डीसी, डीडीसी एवं सीएस अस्पताल परिसर में ही मौजूद थे। वहीं झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कोडरमा दौरे पर हैं, सदर अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था पर उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए हम प्रोटेस्ट कर रहे हैं। वहीं सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि आज मंत्री आए हैं, तो पूरा हॉस्पिटल चुस्त दुरुस्त है। डॉक्टर समय पर ओपीडी में बैठ गए हैं। जबकि अन्य दिनों 10 बजे के पहले ओपीडी खुलता नहीं है और दो बजे के पहले डॉक्टर भाग जाते हैं। वहीं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि यहां आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण जारी है, निर्धारित मानदेय भी उन्हें समय पर नहीं मिलता है। मार्च महीना समाप्त होने के बाद भी आउटसोर्सिंग कम्पनियों के लिए टेंडर नहीं हुआ है, लेकिन कर्मियों से काम नियमित लिया जा रहा है। इस परिस्थिति में उनका मानदेय मिलेगा की नहीं कोई गारंटी नहीं है। पिछले दिनों का अनुभव है कि आउटसोर्सिंग कम्पनी कर्मियों का पैसा लेकर भाग गई, आयुष्मान योजना में लम्बे समय से सहिया बहनों को प्रोत्साहन राशि बकाया है। मौके पर महेन्द्र तुरी, फेकुलाल विद्यार्थी, वासुदेव साव, शैलेन्द्र कुमार, बाबूलाल साव, अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की को भाग ले जाने एवं दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सह स्पेशल पोक्सो जज द्वितीय राकेश चंद्रा की अदालत ने सुनाई सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डरा-धमकाकर नाबालिग लड़की को भगा ले जाने एवं दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय स्पेशल पोक्सो जज द्वितीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी 21 वर्षीय संजर मियां, पिता मंजूर मियां ग्राम गोवावारी थाना गोवालपोखर, जिला उत्तरी दीनापुर पश्चिम बंगाल को 4 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2023 का है। इसे लेकर सतगावां थाना में नाबालिक लड़की के दादा ने मामला दर्ज कराया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजय पांडे ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 4 एवं 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20-20 साल सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## एसडीओ के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर क्षेत्र में फिर से पसरे अतिक्रमण पर प्रशासन ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कन्हैया मिष्ठान के समीप, ओवरब्रिज के नीचे और स्टेशन रोड पर पुनः अवैध दुकानों और अतिक्रमणों को हटा दिया गया। यह कार्रवाई नगर परिषद द्वारा पहले की गई कार्रवाई के बावजूद फिर से अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमण हटाने का अभियान कन्हैया मिष्ठान के पास नाली पर लगे अस्थायी दुकानों से शुरू हुआ। प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर पूरी नाली पर फैला अतिक्रमण हटाया गया, ओवरब्रिज पर अवैध रूप से रखी टोकरियां और कैरेटों को प्रशासन ने जब्त कर लिया। वहीं पूर्णिमा टॉकीज के पास ट्रांसफार्मर के नीचे लगाई गई चाय दुकान को भी हटाया गया। यह दुकान अतिक्रमण कर रही थी, बल्कि आदित्य विजन के समीप शिव शंकर ढाबा द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। साथ ही वंदना स्वीट्स के सामने जय मां भद्रकाली खीर मोहन दुकान द्वारा फैलाए गए अतिक्रमण को भी प्रशासन ने ध्वस्त किया। वहीं होंडा शोरूम के ऊपर संचालित जिम द्वारा सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग करवाई जा रही थी, इस पर प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी कि वाहन अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान झंडा चौक से लेकर पूर्णिमा टॉकीज तक सड़क किनारे दुकानों के आगे लगाए गए अवैध शेड भी हटाए गए। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाना है। किसी भी हाल में अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। वहीं सीओ हलधर कुमार सेठी ने कहा की अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई जनता की भलाई के लिए है। हम चाहते हैं कि शहर में यातायात की समस्या कम हो और हर कोई सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा कर सके। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। वहीं नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा की हमने पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए कड़े कदम उठाए थे, मगर फिर से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया, अब हम सख्ती से काम कर रहे हैं। यह अभियान लगातार चलेगा और हम किसी को भी अतिक्रमण करने की छूट नहीं देंगे। अभियान में नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर शम्भू कुमार रजक, अजित कुमार, अभिषेक कुमार मेहता, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार, दुलारचंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, तिलैया थाना के जवान, होम गार्ड बल मौजूद थे।

# आम्रपाली कोल परियोजना के खनन व परिवहन का टेंडर कलिवर माइनिंग को 18.90% लो रेट पर मिला

- कलिवर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी वर्ष 2032-33 तक कार्य करेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** टंडवा स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला खनन और परिवहन कार्य के लिए सीसीएल द्वारा जारी आठ वर्षों का टेंडर महाराष्ट्र की कलिवर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी को प्राप्त हुआ है। कुल 18 आउटसोर्सिंग कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा में कलिवर माइनिंग ने 18.90 प्रतिशत लो रेट देकर अन्य सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए यह टेंडर हासिल किया। दूसरे स्थान पर वर्तमान में कार्यरत अम्बे ज्वाइंट वेंचर रहा। सूत्रों के अनुसार, यह टेंडर करीब 10,206 करोड़ रुपये की लागत का है, जिसमें 413.59 क्यूबिक मीटर ओबी हटाने, 233.32 मिलियन टन कोयले का खनन करने और 139 मिलियन टन कोयले को शिवपुर रेलवे साइडिंग तक ढुलाई करने का कार्य शामिल है। उल्लेखनीय है कि सीसीएल ने पहली बार खनन और ढुलाई दोनों कार्यों को एक ही टेंडर में सम्मिलित किया है। पूर्व में केवल कोयला उत्पादन अथवा खनन कार्य के लिए अलग-अलग टेंडर निकाले जाते थे।

### परियोजना के तीसरे फेज में शुरू होगा कार्य

कलिवर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी को आम्रपाली परियोजना के तीसरे फेज में खनन और परिवहन कार्य करना होगा। इस फेज के अंतर्गत कुमरांग कला के 300 घर, कुमरांग खुर्द के 225 घर तथा उड़सू गांव के 150 घरों के कुल 900 परिवारों को विस्थापित किए जाने की योजना है। वहीं, सीसीएल 431 हेक्टेयर वनभूमि के अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए बीते दो वर्षों से प्रयासरत है। फिलहाल परियोजना में कार्य कर रही अम्बे माइनिंग और उसकी सहायक महालक्ष्मी ज्वाइंट वेंचर कंपनी को दिसंबर 2025 तक कार्य करने की अनुमति दी गई है। वर्तमान में इन कंपनियों को लगभग 30 मिलियन टन कोयला और ओबी निकालने का कार्य शेष है।

ज्ञात हो कि आम्रपाली कोल परियोजना वर्ष 2013-14 में बीजीआर कंपनी के 92 करोड़ रुपये के टेंडर से शुरू हुई थी। इसके बाद वर्ष 2016-17 में अम्बे-महालक्ष्मी ज्वाइंट वेंचर ने लगभग 1800 करोड़ रुपये का ठेका लिया। अब तीसरी बार टेंडर हासिल करने वाली कलिवर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी वर्ष 2032-33 तक कार्य करेगी।

## खबर एक नजर में

### निर्माणाधीन पैक्स गोदाम की छत गिरने से मजदूर की मौत, एक गंभीर घायल



**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में काम कर रहे मजदूरों पर ऐस्बेस्टस शीट गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक मजदूर की पहचान परसौनी गांव निवासी देवनारायण विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वहीं घायल मजदूर कालीचरण विश्वकर्मा का प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों आपस में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में छह पैक्स गोदामों का निर्माण कार्य चल रहा है। जिनमें से एक परसौनी गांव में बन रहा है। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लातेहार के संतोष यादव कंस्ट्रक्शन को दी गई है। गोदाम की छत पर ऐस्बेस्टस शीट लगाने का कार्य देवनारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा था। रविवार की शाम करीब 6:30 बजे काम के दौरान अचानक तेज आंधी आई। जिससे ऐस्बेस्टस शीट असंतुलित होकर गिर गई और दोनों मजदूर छत से नीचे गिर पड़े। गिरने से देवनारायण विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कालीचरण विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### संस्कृत विभागाध्यक्ष का निधन, महाविद्यालय में शोकसभा का आयोजन



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय, इटखोरी के संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सियाराम प्रसाद का 60 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रिम्स, रांची में उनका इलाज चल रहा था। शनिवार 27 अप्रैल की रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी आत्मा की शांति हेतु आज महाविद्यालय परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने कहा कि डॉ. सियाराम प्रसाद संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उनके निधन से महाविद्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने हमेशा विद्यार्थियों के बीच संस्कृत भाषा एवं साहित्य के प्रति प्रेम और समर्पण को बढ़ावा दिया। शोकसभा में प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. महेंद्र ठाकुर, प्रो. सकेंदर मिस्त्री, डॉ. मंसूर आलम फखरी, प्रो. ललित मोहन चौधरी, डॉ. सुरेंद्र कुमार, प्रो. ललित कुमार सिंह, प्रो. पंकज, डॉ. बालेश्वर पासवान, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. ईभा सिन्हा, प्रो. लीलू रानी, प्रो. कविता, प्रो. धीरेंद्र यादव, प्रो. राकेश, प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय सहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षकेतर कर्मियों में दशरथ राणा, मोहम्मद रफीक अंसारी, विजय कुमार और रामदेव रविदास ने भी दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से मिले विधायक, बंधाया ढाढस



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोबना पंचायत अन्तर्गत बहेरी निवासी अरविंद लाल की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सोमवार को दोपहर 12 बजे चतरा विधायक जनार्दन पासवान उनके आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने अंतिम दर्शन किया। वहीं उन्होंने मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक ने परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील करते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ हैं। ज्ञात हो कि रविवार शाम अरविंद अपने दो दोस्तों के साथ हंटरगंज पानी टंकी के समीप कार रिपेयर करवाने गए थे। इसी दौरान में चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पानी टंकी आरसीएम दुकान के समीप कार का गेट खोल कर मुख्य पथ पर जैसे ही खड़ा हुए उसी दौरान चतरा की ओर से आ रही अनियंत्रित टोटो ने चपेट में ले लिया था। जिससे घटनास्थल पर ही अरविंद की मौत हो गई।

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**हंटरगंज/चतरा।** चतरा मुख्य मार्ग स्थित डुमरी के समीप सोमवार को मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल पलटने से मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। घायलों में ऊरैली गांव के सर्जन यादव का 28 वर्षीय पुत्र अजय यादव एवं कोठी थाना क्षेत्र के रियाद चक गांव निवासी वासुदेव दास का 20 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार एवं इसी गांव का मो. फिरोज शामिल है। दोनों मोटरसाइकिल से चतरा से अपने घर कोठी जा रहे थे इसी दौरान डुमरी के पास सड़क पार कर रहे अजय यादव को अपनी चपेट में ले लिया और तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। अजय यादव एवं अनिल यादव के सिर पर गंभीर चोट लगी है वहीं मो. फिरोज को हलकी चोट आई है।

### मृतक अंकित गुप्ता के आश्रितों को उपायुक्त ने दी सहायता, छोटी बहन का विद्यालय में कराया नामांकन



**चतरा।** शहर क्षेत्र के दिभा मोहल्ला निवासी मृतक अंकित गुप्ता के परिवार को जिला प्रशासन द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की गई। उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोरी समृद्धि योजना के तहत 20 हजार रुपये तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 20 हजार रुपये का स्वीकृति पत्र मृतक के आश्रितों को प्रदान किया। साथ ही, मृतक की छोटी बहन का पठन-पाठन के लिए इंदुमती टिबरेवाल विद्यालय में नामांकन कराया गया। ज्ञात हो कि 21 मार्च को अंकित गुप्ता की हत्या हो गई थी, जिसके बाद परिवार ने जनता दरबार में उपायुक्त से सरकारी मदद की गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई की और आश्रितों को राहत प्रदान की। उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि मृतक की बहन को वाह्य स्रोत के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, परिवार की आगे भी हरसंभव सरकारी सहायता सुनिश्चित करने का भरोसा दिया गया है। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, मृतक के परिवार के सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला व प्रखंड कार्यक्रम के तहत समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न इंडीकेटरों की विस्तार से समीक्षा की गई और विभागवार प्रगति का आकलन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यों में गति लाएं और आपसी समन्वय से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले की उपलब्धियों का डेटा संबंधित अधिकारियों व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर समय पर अपलोड किया जाए, ताकि चतरा जिले का प्रदर्शन राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट बना रहे।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, अनुमंडल कृषी पदाधिकारी निखत परवीन, मयूरहंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी , बीईईओ, बीपीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा नीति आयोग के क्षेत्रीय प्रतिनिधि हर्षल , संजीत राय , अक्षय सिंह , और चंदन भी बैठक में शामिल हुए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई।

### बरसोतियाबर मंदिर में प्रेमी युगल ने रचायी शादी



**कोडरमा।** जिले के बरसोतियाबर स्थित मन्दिर में सोमवार को एक प्रेमी युगल ने शादी रचा ली। दोनों के बीच प्रेम ने लड़की को कोडरमा आने पर मजबूर कर दिया। वहीं लड़की की पहचान गावां निवासी ललिता कुमारी पिता स्व. कमल किशोर सिंह और लड़के की पहचान गौतम कुमार पिता बालगोविंद साही के रूप में हुई है। शादी के बाद लड़की ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले गौतम अपने भाई की शादी में गावां गए थे। इस दौरान दोनों में प्रेम शुरू हुआ था। हालांकि लड़की के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हो रहे थे, तब लड़की अपने घर से भाग कर लड़के के पास पहुंच गई। यहां लड़के के परिजनों की उपस्थिति में शादी हुई। शादी के बाद परिजनों ने लोगों के बीच लड्डू का भी वितरण किया।

# नीट-2025 की परीक्षा चार को, जमशेदपुर में आठ केंद्रों पर होगी परीक्षा

- परीक्षा में 3810 छात्र-छात्राएं होंगे शामिल, सख्त होगी जांच
- कदाचार मुक्त परीक्षा कराने को लेकर डीसी ने की मीटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 के सुचारू, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त आयोजन हेतु बैठक किया गया। 4 मई को जिला अंतर्गत 5 शैक्षणिक संस्थान के 8 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें 3810 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। केन्द्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हो जाएगा, अपराह्न 01:30 बजे के बाद प्रवेश निषेध रहेगा।

बैठक के दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने नीट परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं । उन्होने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था और सतत निगरानी के अलावा प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच और पहचान पत्र का अनिवार्य सत्यापन करें । परीक्षा केंद्रों के निर्धारित दायरे में धारा 144 लागू कर भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करना समेत मेडिकल और आपातकालीन सुविधाओं की उपलब्धता तथा परीक्षा की गोपनीयता और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा को कदाचारमुक्त


नीट की परीक्षा को लेकर बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में एसएसपी व अन्य पदाधिकारी।

संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। निर्धारित एसओपी के अनुरूप परीक्षा का संचालन हो, किसी भी स्तर पर कोई चूक नहीं करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र के अलावे परीक्षा पूर्व में भी आसपास के वातावरण, घटनाओं और संदिग्ध गतिविधियों पर भी सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होने प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों एवं सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिया किस समय रिपोर्टिंग, सुगम प्रवेश, परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति नहीं हो यह सुनिश्चित करेंगे । संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वह्न करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी परीक्षार्थी को बिना किसी असुविधा के परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिलना चाहिए, इसके लिए आवश्यकतानुसार हेल्प डेस्क की स्थापना और समुचित सूचना बोर्ड लगाए जाएं। परीक्षा के सफल संचालन में सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि समन्वित प्रयासों से जिले में नीट परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा ।

सीनियर एसपी किशोर कौशल द्वारा बताया गया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे । जिला नियंत्रण कक्ष के अलावा सभी परीक्षा केन्द्रों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित होंगे । परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड और फोटो के साथ परीक्षा केन्द्र में इंट्री लेंगे, किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, स्टेशनरी, ऑनामेंटस आदि लेकर नहीं आएंगे । पुलिस उपाधीक्षकों को उन्होने होटल, रेस्तरां तथा अन्य आश्रयस्थलों की जांच करने का निर्देश दिया ।

बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी श्री कुमार शिवाशीष, एसीएमओ श्री जोगेश्वर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव, डीआईओ श्री किशोर प्रसाद, सीओ मानगो श्री ब्रजेश श्रीवास्तव, डीईओ श्री मनोज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, सेंटर सुपरिटेंडेट समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### कांड्रा : घर निर्माण के दौरान गिरा मजदूर, मौत

**गम्हरिया।** कांड्रा थाना क्षेत्र के डूमरा गांव में घर निर्माण के दौरान पवन मंडल (40) नामक एक मजदूर की अल्बेस्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। वह रजनीकांत नामक व्यक्ति के नव निर्मित मकान के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर के ऊपर से अल्बेस्टर उतारा जा रहा था, तभी अचानक अल्बेस्टर पवन मंडल पर गिर पड़ा जिससे वह दब कर घायल हो गया। घटना के बाद घर मालिक और उसके अन्य मजदूर साथियों द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई। मृतक पवन मंडल विवाहित था और उसके दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया है। घर मालिक ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने पर सहमति जताई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### इसरो की कार्यकारिणी बैठक आज

**जमशेदपुर।** इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आर्गेनाइजेशन (इसरो) की मार्च एवं अप्रैल माह की संयुक्त मासिक कार्यकारिणी बैठक 29 अप्रैल 2025 को शाम 5.30 बजे से मोटल मधुवन, आदित्यपुर में आहूत की गयी है। बैठक मे गत दो माह की गतिविधियों सहित आने वाले माह मई और जून की विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की जायेगी। उक्त जानकारी इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने दी।

### सुमो को पद्म भूषण पर अशोक गोयल प्रसन्न

**जमशेदपुर।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को पद्म भूषण (मरणोपरांत) प्रदान किया। स्वर्गीय मोदी की धर्मपत्नी श्रीमती जेसी जॉर्ज ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। स्व मोदी को पद्म भूषण मिलने पर उनके मित्र और स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा जाने-माने समाजसेवी अशोक गोयल ने हर्ष जताया है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि उन्हें मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। काश! वह आज जीवित होते तो हमलोगों की खुशी चौगुना हो जाती। श्री गोयल ने कहा कि सुशील मोदी चीजों को भूलते नहीं थे। संबंधों को वह सदैव निभाते थे। हमारी कई दशक पुरानी मित्रता रही। हम लोगों के पारिवारिक संबंध भी रहे। उन्होंने शुचिता के साथ राजनीति कैसे की जाती है, यह हम सबको सिखाया।

### अल्पसंख्यक समुदाय ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** सोमवार को एनसीपी ने पहलगाम में मृत 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में आजादनगर में अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने एक श्रद्धांजलि सभा की। अध्यक्षता एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर हुसैन ने की जबकि संचालन ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान ने किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने कहा कि इस निर्मम हत्याकांड को लेकर पूरे विश्व स्तर पर पाकिस्तान बेनकाब हुआ है।


# बधाई : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष चुने गये शशिभूषण प्रसाद

- नीरज झा चुने गये फाउंड्री डिवीजन के नये कमेटी मेंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शशि भूषण प्रसाद टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नये अध्यक्ष बने। जबकि फाउंड्री डिवीजन में एक सीट पर हुए उपचुनाव में नीरज कुमार झा कमेटी मेंबर चुने गये।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में हुए उप चुनाव में नीरज कुमार झा विजयी हुए। उन्हें कुल 57 मत प्राप्त हुए। जबकि एके कपाई को 39 मत , अजय कुमार को 24 , एके तिवारी को 7 तथा अमरित को 6 मत प्राप्त हुये।


नये अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद और फाउंड्री डिवीजन उप चुनाव जीते नीरज झा।

चुनाव प्रवेक्षक ई सतीश कुमार तथा मुख्य चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडई समेत चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के देखरेख में मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक फाउंड्री डिवीजन में चला। मतदान के पश्चात चुनाव संचालन समिति के देखरेख में मतगणना संपन्न हुआ। मतगणना के समय पांचों उम्मीदवार मौजूद थे। महामंत्री आरके सिंह समेत तमाम कमेटी मेंबर्स, ऑफिस बेयरर भी मौजूद थे।

सोमवार को शाम 5 बजे टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक ओल्ड कैंटीन परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीके शर्मा ने किया। जबकि संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

एच एस सैनी ने रिक्त अध्यक्ष पद भरने का प्रस्ताव कार्यकारिणी के समक्ष रखा। सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एकमत से महामंत्री को अध्यक्ष के नाम मनोनीत करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।

बैठक को यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सब अपनी ताकत को पहचानिए। आपकी एकता और एक जुटता यूनियन को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने समय की महत्ता पर जोर दिया। बाद में महामंत्री आरके सिंह यूनियन पदाधिकारियों के संग विचार विमर्श कर अध्यक्ष के नाम की घोषणा किये। कार्यकारिणी की बैठक में अनिल शर्मा, एच एस सैनी, प्रवीण सिंह, अजय भगत अपनी विचार व्यक्त किये।

महामंत्री आरके सिंह तमाम अटकलों पर अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सबों को चौंका दिये। उन्होंने शशि भूषण प्रसाद का नाम अध्यक्ष के रूप में घोषित किया। सबों ने तालियां बजाकर समर्थन किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में मारें गये पर्यटकों एवं विगत दिन निधन हुए कर्मी के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की गयी।

## टाटा स्टील समर कैंप 9-31 तक

- रजिस्ट्रेशन के जरिए 3500 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील इस साल समर कैंप 2025 का आयोजन 9 से 30 मई तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कर रही है। समर कैंप के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है और यह 15 मई तक जारी रहेगा। इस पंजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत के मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने की। इस साल समर कैंप अन्य स्थानों पर भी आयोजित किया जा रहा है, जैसे टाटा स्टील कलिंगानगर, टाटा स्टील मेरामंडली, रॉ मटीरियल लोकेशन्स, टाटा स्टील ग्रोथ शॉप



और टाटा स्टील गम्हरिया, जहाँ क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स जैसी गतिविधियाँ शामिल होंगी। 4-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक नई श्रेणी भी पेश की गई है, जिसमें रोलर स्केटिंग, एथलेटिक्स, किड्सह्न जुंबा और फुटबॉल जैसी गतिविधियां शामिल हैं। चाणक्य चौधरी ने समर कैंप में भाग ले रहे युवाओं से इस अनूठे अवसर का भरपूर लाभ उठाने की अपील की।

## बिरसानगर : दो ब्लॉक में 411 पीएम आवास है तैयार, जल्द मिलेगी चाबी

- पानी, बिजली की सुविधा नहीं देख सांसद, विधायक हुए नाराज
- डीसी को शुक्रवार तक जुडको के साथ मीटिंग बुलाने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बन रहे मकानों और कार्यस्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की


बिरसानगर में पीएम आवास का निरीक्षण करते सांसद विद्युतबरण महतो व विधायक पूर्णिमा साहू दास।

प्रगति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी), जुडको और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिये। बताया गया कि पीएम आवास योजना के तहत बिरसानगर के ब्लॉक नंबर 8 और 23 में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इनमें क्रमशः 184 और 227 लाभुकों ने सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जल्द ही इन लाभुकों को आवास सुपुर्द किये जायेंगे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार भी थे।

## झारखंड मजदूर यूनियन मनायेगा मई दिवस, चंपाई सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

- केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मजदूर यूनियन की ओर से एक मई को मजदूर दिवस पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन का आयोजन अतिथि भवन निर्मलनगर भुइयांडीह में होगा। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला


संवाददाता सम्मेलन में बोलते दुलाल भुइयां।

विधानसभा के विधायक चंपाई सोरेन करेंगे। उक्त जानकारी झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइयां ने गत 27 अप्रैल को भुइयांडीह में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में झारखंड से सटे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ समेत अन्य जगहों से यूनियन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। दुलाल भुइयां ने कहा कि मजदूर के बिना उद्योग असंभव है। बावजूद इसके मजदूरों के अन्याय व अत्याचार किया जाता है। उद्योग से मजदूरों का परिवार चलता है, इसलिए मजदूर प्रबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोलते हैं, लेकिन यदि जब अन्याय हद से ज्यादा हो जाये, तो वे आंदोलन का रास्ता भी चुनते हैं।

## शुगर फ्री शकरकंद की फसल उगा कर संजीव बना झारखंड का पहला किसान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा प्रखंड अंतर्गत चिरूडीह गांव के रहने वाला एक प्रगतिशील किसान संजीव महतो ने अपने एक बीघा जमीन में शुगर फ्री शकरकंद (स्वीट पोटैटो फ्री शुगर एंड ग्लूटेन) की फसल उगा कर जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य में अपना नाम शुमार कर लिया है। संजीव महतो ने बताया कि वह आटी पुआल मशरूम प्रा लि कंपनी बंदवान के एमडी अमरेश महतो के मार्गदर्शन में उक्त खेती नई तकनीक



के आधार पर तीन माह पूर्व शुरू किया था। उन्होंने कहा कि वे शुगर फ्री शकरकंद की उन्नत और बेहतर उपज अपने खेत में देख कर काफी खुश हैं। संजीव महतो ने तैयार शकरकंद की फसल को खेत से एक पेड़ उखाड़कर देखा तो एक से दो किलो तक उसके जड़ में पाया गया, जो खाने में स्वादिष्ट और गुणकारी है।

## टाटा स्टील समझौते के तहत नहीं उपलब्ध कराता जनसुविधाएं : सरयू राय

- कहा, झारखंड सरकार 31 दिसंबर के पूर्व टाटा लीज नवीकरण पर करे ठोस निर्णय
- टाटा लीज नवीकरण के संबंध में रांची में सरयू राय मिले भूमि सुधार व राजस्व सचिव से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को झारखंड सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर के साथ उनके कार्यालय कक्ष में टाटा लीज समझौता नवीकरण के संबंध में सविस्तार चर्चा की। श्री राय ने उन्हें टाटा लीज समझौता 1985 और टाटा लीज नवीकरण समझौता 2005 के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और अनुरोध किया कि 31 दिसंबर 2025 को लीज समझौता समाप्त होने के पूर्व इस बारे में ठोस निर्णय हो जाना चाहिए। राजस्व सचिव चंद्रशेखर के अनुसार, इस बारे में एक समिति गठित हुई है जो सरकार के वस्तुस्थिति से अवगत कराएगी।

गौरतलब है कि टिस्को लिमिटेड के साथ बिहार सरकार ने अगस्त 1985 में 30 वर्ष के लिए पहला लीज समझौता किया था जो भूतलक्षी प्रभाव से 1956 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर


विधायक सरयू राय।

1995 को समाप्त हुआ। इसके पूर्व अगस्त 1995 में टिस्को लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक जेजे ईरानी ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ करने का अनुरोध किया था। कतिपय अपरिहार्य कारणों से लीज नवीकरण समझौता समय पर नहीं हो सका। इस बीच झारखंड अलग राज्य बन गया। लीज समझौता नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ हुई पर तत्कालीन राजस्व मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह द्वारा संचिका में लीज समझौता उलंघन और टाटा स्टील लिमिटेड पर भारी बकाया राशि का उल्लेख संचिका में कर दिए जाने के कारण लीज नवीनीकरण में विलंब हुआ। अंततः अगस्त 2005 में 30 वर्ष के लिए टाटा लीज नवीकरण समझौता हुआ जो भूतलक्षी प्रभाव से 1 जनवरी 1996 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है।

श्री राय ने बताया कि राजस्व सचिव के साथ हुई वार्ता में टाटा लीज समझौता की इस पृष्ठभूमि पर भी चर्चा हुई। उन्होंने सचिव को समझौते में व्याप्त कतिपय त्रुटियों के बारे में अवगत कराया। एक तो समझौता में जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिसके तहत कोई उपभोक्ता जनसुविधाओं में कमी होने या दिक्कत होने पर कहां पर शिकायत करेगा।

## एक नजर में

### भीषण गर्मी में सब्जी विक्रेताओं को लायंस क्लब ने उपलब्ध कराये शेड



**जमशेदपुर।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ने एक अत्यंत सराहनीय सेवा कार्य किया। यह कार्यक्रम कदमा स्थित गणेश पूजा मैदान में हुआ। इसके तहत 15 सब्जी विक्रेताओं को शेड प्रदान किए गए तथा कुछ स्थानों पर शेड स्थापित भी किये गये, जिससे विक्रेताओं को तेज धूप और गर्मी से राहत मिल सके। स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए क्लब द्वारा 115 सब्जी विक्रेताओं के बीच ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए, ताकि गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से उनकी रक्षा की जा सके। इस सेवा कार्य के दौरान इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर की अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह, विद्या तिवारी, कनक सिंघल, अर्चना सिंह सहित अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे। सभी ने अपनी सक्रिय सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

### जनता दल (यूनाइटेड) बिरसानगर थाना क्षेत्र कमेटी का किया गया विस्तार



**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव एवं महानगर अध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर जद (यू) बिरसानगर थाना समिति का विस्तार किया। समिति का विस्तार इस प्रकार किया गया. उपाध्यक्ष – शेखर राव, प्रदीप रॉय, अमित राम, रामनाथ दास, सरस्वती खामरी, बलदेव सिंह, महासचिव राजेन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सूरज हेमबरम, सचिव-राहुल सिन्हा, दया कुमार, संजय कालिंदी, अजय कुमार, बिकाश सरकार, सूरज प्रामाणिक, गणेश गौंडार, भोला साहू को मनोनीत किया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने थाना समिति के नवमनोनीत पदाधिकारियों को पार्टी के नीतियों- सिद्धांतों को जन जन तक पहुचाने. गरीब, शोषित, वंचित वर्ग की आवाज बनकर उनके हित मे कार्य करने का निर्देश दिया।

### क्षत्रिय समाज टेल्को इकाई का एक से सदस्यता अभियान



**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय संघ टेल्को इकाई की बैठक तार कंपनी कॉलोनी में श्रीकांत सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय सिंह हितैषी जी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ लोगों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 मई से टेल्को में क्षत्रिय लोगों को प्राथमिक सदस्य के रूप में जोड़ा जाएगा। अध्यक्ष संजय सिंह हितैषी जी ने कहा कि समाज में एकता और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। बैठक का सफल संचालन महामंत्री विनोद सिंह जी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीकांत सिंह जी ने किया। इस अवसर पर पंकज सिंह, सुबोध सिंह, अमित सिंह, सुजीत सिंह, ब्रजेश सिंह, मनोज कुमार सिंह,अशोक सिंह ,विकी सिंह, बलराम सिंह, रामेश्वर सिंह, ललितेश्वर सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### वीमेंस विवि में सामर्थ्य का माहवारी स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी में महावारी स्वच्छता प्रबंधन प्रोजेक्ट की शुरूआत की गयी। महावारी के प्रति किशोरी-नवयुवती को जागरूक करने हेतु एवं माहवारी के दिनों में स्वच्छता का प्रबंध कैसे करना है इस विषय पर खुलकर चर्चा की गयी। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में जाकर इस विषय पर हम बच्चियों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू डॉ किशवर आरा, एनएसएस ऑफिसर डॉक्टर डी पुष्पलता, डॉ सुनीता कुमारी, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति, संस्था की सदस्य पी अनीता, उत्कर्षा सिन्हा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### श्री गुजराती इंग्लिश स्कूल, साकची में कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित



**जमशेदपुर।** सोमवार को साकची स्थित श्री गुजराती इंग्लिश स्कूल में कार्यभार ग्रहण समारोह (इन्वेस्च्योर शिरोमणि) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात प्रधानाचार्या डॉ. मौसमी ने अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का स्वागत करते हुए छात्र परिषद् के महत्व पर प्रकाश डाला। इसका उद्देश्य नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति औपचारिक रूप से नियुक्त करना था। समारोह में नवनियुक्त हेड बॉय, हेड गर्ल के साथ तेजस, अवनी, विक्रांत और सारंग - चारों हाउस के कैप्टन और अन्य पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करते हुए छात्रों ने निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और नेतृत्व मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रधानाचार्या ने छात्रों को नेतृत्व कौशल अपनाने तथा ईमानदारी और परिश्रम के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने की पलामू सांसद से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो एवं भरदुल कुमार सिंह के नेतृत्व में सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर औपचारिक मुलाकात कर राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर दुबियाखाड़ मेदिनीनगर में एनएच 39 पर फ्लाईओवर को अतिरिक्त आठ पाया बढ़ाने का आग्रह कर मांग पत्र सौंपा। इस पर सांसद ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर से टेलीफोनिक बात कर इसको अविलंब अतिरिक्त आठ पाया बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजर ने कार्य को पूरा कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पप्पू सिंह, राजामालिकचंद्र सिंह, उपेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

### मृतक के पिता ने पाटन थाना प्रभारी से की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के पकरी निवासी बिरेंद्र विश्वकर्मा ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर बेटे की हत्या में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री बिरेंद्र ने थाना प्रभारी को दिये गये आवेदन में कहा है कि 27 अप्रैल को मेरा लड़का पियूष विश्वकर्मा को अंकित कश्यप पिता बसंत कश्यप ने मेरे घर पर आकर बेटे को बुलाने आया था। उसी समय बेटे के मोबाईल पर सुधांशु मिश्रा पिता धनंजय मिश्रा, रौशन गुप्ता पिता वैद्यनाथ गुप्ता, अमन साव पिता सुखलाल साव, व अंकित पटवा पिता स्व संतोष पटवा सभी ग्राम किशुनपुर पाटन ने फोन कर बुलाया था। लगभग 12 बजे दिन में मेरे मोबाईल पर सूचना दी गयी कि पियुष कारीहार के पास सतबहिनी दह में डूब गया है। इसकी सूचना पाकर हम सभी परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जहां अपने पुत्र को मृत पाया। वहां से पुत्र के सभी साथी फरार हो गये। सभी लड़कों के द्वारा पियूष का मोबाईल लेकर कॉल डिटेल को डिलिट किया गया था। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच पड़ताल पर बेटे के साथी पर कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि आशंका है कि मेरे बेटे की हत्या कर दी गयी है।

### रांची में तीन को कांग्रेस की विशाल रैली



**हुसैनाबाद पलामू।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने हुसैनाबाद स्थित आवास पर पत्रकारों को बताया कि 3 मई शनिवार को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में हुसैनाबाद क्षेत्र से सैकड़ों लोग भाग लेंगे। बताया कि वर्तमान भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जिस प्रकार से हमारे संविधान प्रदत्त हक एवं अधिकारों को बोलने की स्वतंत्रता छीनने का प्रयास किया है। दलित-आदिवासी, एवं पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की मंशा पाल रखी है। वोट के खातिर आज देश-धर्म निरपेक्षता एवं संविधान का मूल रूप को तार-तार किया जा रहा है। देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा इन्हीं कई बिंदुओं पर केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व में 3 मई 2025 दिन शनिवार को पुराना झारखंड विधानसभा मैदान, धुर्वा, रांची में विशाल रैली की गयी है। उन्होंने इस रैली में हुसैनाबाद विधानसभा समेत संपूर्ण पलामू से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम लोग भी भाग लेने की बात कही हैं इस रैली का नाम संविधान बचाओ रैली दिया गया है।

### एके सिंह कॉलेज, जपला में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में धराया

**हुसैनाबाद पलामू।** एके सिंह कॉलेज, जपला में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में गेट पर ही फर्जी परीक्षार्थी पकड़ लिये गये। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक सूर्य मणि सिंह ने बताया कि फर्जी विद्यार्थियों में चांदनी कुमारी, पिता- दिनेश राम, खडारपर, झरगाडा, अंकित कुमार, पिता- स्व. गुप्ता सिंह, साया, नबीनगर, अंकित पाल, पिता- संजय पाल, सडेया, बिलासपुर, सुजीत कुमार, पिता- मंदीश यादव, लावादाग, लठेया व लव यादव, पिता- विनोद यादव, कनुआ बिगहा, जपला शामिल है। केंद्राधीक्षक ने कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी के बदले परीक्षा देने पर दोनों पर केस कर जेल भेज दिया जायेगा। कोई व्यक्ति इस तरह की आपराधिक चेष्टा न करे। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझायें।

### 30 तक केवाईसी नहीं कराये, तो कार्ड धारियों का राशन हो जायेगा बंद: एमओ



**पाटन पलामू।** सरकार व जिला प्रशासन ने राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है। इसे लेकर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। सरकार ने ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित कर दिया है। इसी के तहत पाटन प्रखंड में पीडीएस डीलरों के द्वारा युद्ध स्तर पर लाभुकों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। पाटन एमओ ललन पासवान ने सभी पीडीएस डीलरों को 30 अपैल तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को एमओ ललन पासवान ने दर्जनों पीडीएस दुकान में जाकर ई-केवाईसी का जायजा लिया। साथ ही साथ एमओ ललन पासवान ने साड़ी धोती का भी वितरण शत प्रतिशत करने को कहा है।

### सैकड़ों महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही रिजवाना मेकओवर्स : अविनाश



**मेदिनीनगर।** रिजवाना मेकओवर्स द्वारा एक दिवसीय मेकअप का ऑफलाइन कार्यशाला होटल निवार्णा में आयोजित किया गया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रेड रिबन काट कर कार्यशाला के उदघाटन किया गया। रिजवाना मेकओवर्स के निदेशक रिजवाना परवीन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। शहर सहित जिले भर से मेकअप के कोर्स करने लड़कियां महिलाएं पहुंची थीं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा की यह गर्व का क्षण है कि जो काम दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद जैसे महानगर में होता था आज वह कार्य मेरे शहर में कहें तो घर में हो रहा है। शहर से लेकर गांव कस्बा तक, शादी ब्याह से लेकर रोजमर्रा के जीवन में मेकअप का मांग बढ़ा है। अब हर दूल्हा- दुल्हन व खास लोग रूप की सजावट को प्रमुखता से ले रहे हैं।

---

ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

# धैर्य और परिश्रम से हर चुनौती पार कर सकती हैं छात्राएं : डॉ अनुपमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज में सत्र 2022-24 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्राओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर खुशी का इजहार किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई जिसमें डांस, ड्रामा, सॉन्ग और छोटे-छोटे खेलों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं। समारोह में सभी छात्राएं एवं शिक्षकगण अपनी सक्रिय उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमेशा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। कठिनाइयां आएंगी, लेकिन धैर्य और परिश्रम से हर चुनौती को पार कर सकते हैं। जहाँ भी जाओ, अपनी पहचान बनाओ और अपने परिवार, समाज एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करो।

---

# राज्यस्तरीय संविधान बचाओ रैली: कांग्रेस नेता प्रशांत किशोर ने किया पाटन-छतरपुर का दौरा

- लोगों से तीन मई को रांची रैली में भाग लेने का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों से संविधान बचाओ रैली में शामिल होने की अपील करते प्रशांत।

**पाटन छतरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश के आलोक में तीन मई को रांची में राज्यस्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। इसकी सफलता को लेकर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता प्रशांत किशोर ने पाटन छतरपुर का दौरा किया। युवा नेता प्रशांत किशोर ने महारैली को सफल बनाने के लिए कई विंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को इसे सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस महारैली में पलामू से सर्वाधिक लोगों की भागीदारी होनी चाहिए इसे लेकर जिला कमेटी एवं प्रखंड कमीटी के पदाधिकारियों एवं प्रखंड पर्यवेक्षकों को शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

श्री किशोर ने पाटन के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों को महारैली में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज संविधान खतरे में हैं। लोगों को जागरूक होकर और आगे आकर समन्वय बनाकर काम करने की जरूरत है। कांग्रेस संविधान की रक्षा करने के लिए संकल्पित है। किसी भी हाल में संविधान में संशोधन नहीं होने दिया जायेगा। संविधान देश की आत्मा है इसको बचाना देशवासियों की जिम्मेवारी है।

---

# प्रसिद्ध बराही धाम में शीघ्र बनेगा 551 फीट ऊंची मां दुर्गा का मंदिर

- 14 मई को होना है भूमि पूजन, विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों समेत ट्रस्ट की टीम ने तैयारी का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



जायजा लेने पहुंचे अधिकारी व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** बिहार झारखण्ड ही नही अपितु देश स्तर पर जिला व हुसैनाबाद अनुमण्डल की पहचान दिलाने वाला प्रसिद्ध गांव बराही धाम बहुत बड़ा कीर्ती मान स्थापित करने जा रहा हैं। पूर्व से बनी यहाँ 105 फिट ऊंची दक्षिण मुखी हनुमान जी की मूर्ति ने पहले से ही इस क्षेत्र को प्रसिद्ध बना दिया हैं जिसके कारण बिहार झारखंड व यूपी समेत देश के कोने कोने से भोजपुरी फिल्म की होरो हीरोइन व उच्च स्तर के पदाधिकारियों कई टीम यहां दर्शन करने व घूमने आ चुके हैं । अब यह धाम देश विदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाने के आतुर हैं। क्योंकि अब यहां 551 फिट ऊंची माता रानी यानी दुर्गा मां की मंदिर स्थापित होने जा रहा हैं जिसको लेकर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व गांव व क्षेत्र के लोग दिन रात उसकी तैयारी में लगे हुए हैं। उमीद हैं 14 मई को भूमि पूजन के साथ आधार शिला रखी जायेगी जिसको लेकर सोमवार को स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव जिप उपाध्यक्ष सह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा आदि ने स्थल का विधिवत अवलोकन किया। जिसमें भूमि पूजन हेलीपैड सांस्कृतिक कार्यक्रम, का स्थल के साथ साथ वीआईपी अतिथियों की आगमन श्रद्धालुओं की व्यवस्था आदि शामिल है।

---

# विश्रामपुर नप के किसी भी वार्ड में नहीं होने दी जायेगी पेयजल किल्लत : सोमा खंडौत

- ग्रीष्म कालीन जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय प्रशासन ने की बैठक, डेडिकेटेड मॉनिटरिंग टीम गठित
- ड्राई जोन के लिए अलग से बनी रणनीति, टैंकर से होगी पेयजल की आपूर्ति, हेल्प लाइन भी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू उपयुक्त के निर्देशानुसार ग्रीष्म कालीन जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में सोमवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने किया। संचालन नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने किया। बैठक में वार्डवार पेयजल की स्थिति पर चर्चा हुई। ड्राई जोन के रूप में चिह्नित क्षेत्रों के लिए अलग से रणनीति बनी। इसके अलावा ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने सीएसआर के तहत रेहला में होने वाली जलापूर्ति सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। नगरीय प्रशासक सोमा खंडौत ने बताया कि निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार वार्डों में पर्यवेक्षण हेतु पदाधिकारियों व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। ड्राई जोन में टैंकर्स की तैनाती होगी, टैंकर्स को हर जगह परिचालन के लिये ड्राइवर व हेल्पर की अलग से प्रतिनियुक्ति का भी निर्णय लिया गया है। डेडिकेटेड मॉनिटरिंग टीम को भी गठित किया गया है। साथ ही नगर वासियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है। श्री खंडैत ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद के किसी भी वार्ड में पेयजल की किल्लत नहीं होने दी जायेगी। ग्रीष्म कालीन जल संकट से निपटने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र सिंह, विधि शाखा प्रमुख जयशंकर झा, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर प्रमुख अनिल गिरी आदि मौजूद थे।

---

### पड़वा अंचल के सीआई रणविजय ठाकुर को दी गयी भावपूर्ण विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**पंडवा पलामू।** सोमवार को पड़वा अंचल कार्यालय में विदाई समारोह किया गया। जिसमें सीआई रणविजय ठाकुर को विदाई दी गयी। श्री ठाकुर का ट्रांसफर सदर अंचल में कर दिया गया है। सीओ डॉ अमित झा ने सीआई रणविजय ठाकुर के पड़वा में 2 साल 10 महीने के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि श्री ठाकुर विकट परिस्थितियों में पड़वा स्थित चार कोल ब्लॉक के साथ फोरलेन निर्माण कार्यों को पूरी पारदर्शिता व समय पर सभी कार्यों को किया, जो काबिलेतारीफ है। सीआई रणविजय ठाकुर ने कहा कि पड़वा अंचल परिवार से जो प्यार, स्नेह मिला वह यादगार रहेगा। मौके पर नये कर्मचारी धर्मराज मिश्रा को अंचल अधिकारी डॉ अमित झा ने हल्का दो और पड़वा सीआई का प्रभार दिया। मौके पर जेपीएस मनोज मिश्रा, अंचल प्रधान सहायक अभिषेक सिंह, प्रखंड सहायक राजेश कुमार, जितेंद्र शुक्ला, बबलू सिंह, सचिन गुप्ता, नेहा कुमारी, शमीम आलम, चंदन कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

---

पलामू में भगवान भरोसे संचालित है हाई स्कूल

### सरकार के करोड़ों खर्च होने के बाद भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा हुसैनाबाद बक्शी उवि

गौतम पटेल





**हुसैनाबाद पलामू।** एक तरफ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा व्यवस्था पर बेतहासा पैसा खर्च किया जा रहा हैं। चारदीवारी निर्माण हो या उसके सुन्दरीकरण आदि कई क्षेत्रों में बड़ी राशि की खर्च की जा रही हैं। विभाग व प्रधानाध्यापक की उदासीनता के कारण सभी व्यवस्था अपने दिन पर आंसू बहा रही हैं।

इसका ताजा उदाहरण हुसैनाबाद शहर में जिला के मशहूर स्कूल के नामों में शुमार बक्शी उच्च विद्यालय जिसकी भवन आज भी अंग्रेजों के समय स्थापित दीवार व स्कूल की बनावटी लाल दीवार के साथ साथ इस स्कूल से पढ़ने वाले सैकड़ो विद्यार्थी जो कि देश अन्य कई प्रशासनिक सेवा में विराजमान है उतना ही नही इस स्कूल के विद्यार्थी महामहिम राज्यपाल जैसे पद पर भी रह चुके हैं लेकिन इस स्कूल की दुर्दशा देखकर आज कोई नहीं कह सकता कि यह वही बक्शी उच्च विद्यालय हैं।

---

### सांसद प्रतिनिधि के भाई का निधन, शोक



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत गोराडीह निवासी सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह के छोटे भ्राता मिथुन कुमार सिंह उर्फ पुतरू सिंह (45) का निधन सोमवार की सुबह नारायण मेडिकल कॉलेज जमहोर, सासाराम (बिहार) में इलाज के दौरान हो गया। उनका दोनों किडनी दो वर्ष पहले ही काम करना बंद कर दिया था और एक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद जीवन जी रहे थे। इन दिनों तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण गोपाल नारायण सिंह मेडिकल कॉलेज में इलाजरत थे। उनके निधन से गांव में शोक का माहौल है। कई लोगो ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च



**पाटन पलामू।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की हत्या के विरोध में नावा जयपुर में नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी लोगों ने विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। केंद्र सरकार से पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा की गयी कायरतापूर्ण कार्रवाई का विरोध कर सरकार से कार्रवाई करने की मांग की गयी। आम लोग व पंचायत प्रतिनिधियों ने रूदीडीह यज्ञ स्थल से कैंडल मार्च निकाला। जो नावा बाजार में समाप्त हुआ। मौके पर लोगों को शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजली दी। कैंडल मार्च मुखिया प्रतिनिधि टीपी मेहता के नेतृत्व में निकाला गया। मौके पर पिंकी विश्वकर्मा, बीरेंद्र राम, श्यामजीत विश्वकर्मा, संजीत कुमार, विवेक कुमार, सतीश कुमार, विशाल कुमार, फिरोज खान, मोनाजीर अंसारी, अमन सोनी, छोटू अंबेडकर, राजा, डब्लू, गुड्डू, आशीष, प्रमोद, छोटू, पप्पू, मोहन, शेखर, घनश्याम व नितेश समेत कई लोग शामिल थे।

### चैता दुगोला में दर्शकों का हुआ जमकर मनोरंजन



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार प्रांगण में बीती रात चैता दुगोला में जमकर दर्शकों का मनोरजन हुआ। दो व्यासों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। रातभर दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी दिलीप कुमार चन्द्रवंशी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर दिलीप ने कहा कि चैता दुगोला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी पहचान है। ऐसे कार्यक्रमों से जहां कलाकारों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है, वहीं दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होता है।

---

### मनातू में स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत मिडिल स्कूल पदमा के प्रांगण में सोमवार को सरकार द्वारा संचालित स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनातू बीडीओ राजकुंवर सिंह सह बीइइओ परमेश्वर साहू ने की। संचालन मनातू विधायक प्रतिनिधि उद्देश्य यादव ने किया। इस अवसर पर तरहसी विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव नें शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना है, जो किसी कारणवश पढ़ाई से भटक चुके हैं या फिर स्कूल छोड़ चुके हैं। बीइइओ ने बताया कि स्कूल रूआर 2025 योजना के तहत एक से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ा जायेगा।



### पलामू के पांच बच्चों का स्केटिंग में चयन

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दिल्ली में आयोजित होने वाली एसजीएफआई नेशनल स्केटिंग में पलामू के पांच बच्चों का चयन हुआ है। झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा चयन प्रतिभागियों के लिए 17 अप्रैल से लेकर 28 अप्रैल तक रांची के खेलगांव में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया था। सभी प्रतिभागियों के रहने के साथ-साथ भोजन आदि की पूरी व्यवस्था थी।

### विद्योपासना की प्रथम सीढ़ी पर उत्साह के साथ कदम रखे नन्हे

- केन्द्रीय विद्यालय पलामू में विद्या प्रवेश समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** केन्द्रीय विद्यालय पलामू में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु 'विद्या प्रवेश समारोह' अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में पहली बार कदम रखा। स्वागत परंपरा के अनुसार सभी छात्रों का तिलक कर तथा ताज पहनाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही, शैक्षणिक सामग्री का उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयीं। संचालन हिंदी शिक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय द्वारा अत्यंत प्रभावी शैली में किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य माणिक कुमार ने 'विद्याप्रवेश' के महत्व पर प्रकाश डाला।

---

# चैनपुर प्रखंड सभागार में स्कूल रूआर 2025 को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते पदाधिकारी।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड सभागार में स्कूल रूआर 2025 कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, उपप्रमुख सुनिल सिंह मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद तिवारी, बीपीओ नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में विद्यालय से छात्र छात्राओं का नामांकन व नामांकित छात्र छात्राएं जो विद्यालय से दूरी बना रहे हैं वैसे छात्र छात्राओं को जोड़ने को विद्यालय व शिक्षा से जोड़ने को लेकर विशेष चर्चा हुई। स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम 10 मई तक चलाया जाएगा इसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी के बच्चे, अनामांकित व छीजित बच्चों (वैसे बच्चे जो विद्यालय में नामांकन होने के बाद भी विद्यालय नहीं उपस्थित होते)का शत-प्रतिशत नामांकन व अगली कक्षा में प्रोन्नति कराने को लेकर जानकारी दी जाएगी। वहीं स्कूल रूआर 2025 कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक या किसी भी कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक या समितियों के द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाती है। साथ ही प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में हमसे मदद मांगी जाती है। वहीं प्रमुख व उपप्रमुख ने स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम, कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी, शिक्षक, प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी सेविकाओं के अनुपस्थिति होने पर दुख जताया। कहा कि कोई भी कार्यक्रम बिना समन्वय संभव नहीं है।

---

# कलाकार नवल सोनी की मौत पर कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



दिवंगत कलाकार को श्रद्धांजलि देने को एकजुट हुए कलाकार।

**मेदिनीनगर।** शहर के उम्दा कलाकार नवल कुमार सोनी का यूं चला जाना कला जगत के कलाकारों को झकझोर कर रख दिया। नवल कि मौत से पलामू के कलाकारों में शोक की लहर है। रविवार को रेडमा स्थित सुर संगम कला केंद्र में पलामू के कलाकारों ने शोक सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया। जहां उपस्थित सभी कलाकारों ने नवल की असमय मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ अपनी एकजुटता प्रकट की। गौरतलब है कि आबादगंज निवासी युवा कलाकार नवल एक रेल हादसे के शिकार हो गये और असमय ही इस दुनिया को छोड़कर चले गये। वे अपने पीछे अपनी पत्नी समेत दो बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। शोक सभा में उपस्थित कलाकारों ने दिवंगत नवल सोनी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नवल एक शानदार गायक के साथ कैसियो एवं पैड प्लेयर भी थें। उन्होंने स्वतंत्र और एकल गायन में अपनी पहचान स्थापित की थी। उनका असमय साथ छोड़ कर जाना पलामू के कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अंत में कलाकार नवल सोनी की तस्वीर पर सबों ने पुष्पांजलि अर्पित किया एवं दो मिनट का मौन रखा गया।

स्पीड न्यूज

## थाना परिसर में कार्यशाला आयोजित



**गोड्डा।** बोआरीजोर –सुरक्षित बचपन को लेकर साथी संस्था की ओर से बोआरीजोर थाना परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार, समन्वयक अमर कुमार, मुखिया मनोज मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समन्वयक ने बताया कि बाल संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। मानव तस्करी बाल शोषण यौन शोषण अत्यंत गंभीर अपराध है।

## आरपीएफ जवानों ने किया नाबालिग बच्ची का बचाव

**बोकारो/तालगड़िया।** आरपीएफ पोस्ट भोजूडीह के जवानों ने घर से भागी एक नाबालिक लड़की का बचाव कर चाइल्ड लाइन बोकारो को सौंपा। नाबालिक पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले का रहने वाली है। इस संबंध में बताया जाता है कि नंदनकानन एक्सप्रेस में सफर कर रही एक नाबालिक पर रेलवे सुरक्षा बल टीम को संदेह हुआ। तब पूछताछ हुई और घर से बिना बताए भाग जाने का राज खुला। इसकी सूचना आरपीएफ पोस्ट भोजूडीह को दी गई। साथ ही नाबालिग के पिता को भी सूचित किया गया। तत्पश्चात नाबालिग को आरपीएफ द्वारा भोजूडीह पोस्ट लाकर उसे उचित देखभाल के साथ सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। सभी कानूनी औपचारिकता पूरी कर उसे चाइल्ड लाइन बोकारो को सौंप दिया गया।

## एसकेएमयू की रद्द परीक्षा की नयी तिथि जारी

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने रद्द हुए परीक्षा की नई तिथि जारी की है। एसकेएमयू प्रशासन ने 26 अप्रैल को रद्द हुई परीक्षा के लिए नई तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अब यह परीक्षा 8 मई को प्रथम पाली में आयोजित होगी। यह परीक्षा ग्रुप-सी के अंतर्गत मेजर-3 विषय की है। जिसे अपरिहार्य कारणों से पहले रद्द कर दिया गया था। अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित की जाएंगी। नई तिथि से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## डीपीएस चास के 4 विद्यार्थी 'एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप' हेतु चयनित




**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास बोकारो के चार विद्यार्थियों को एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप की विशेष प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में चौथी कक्षा की शिवांशी पाँचवीं की आशी सिंह वंशिका सुमन और जोया सिद्दिकी शामिल हैं। ये चारों 16 से 18 मई 2025 को त्रिपुरेश्वर नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्सिल कवर्ड हॉल काठमांडु में आयोजित होने वाली एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। तीन दिनों की अपनी ट्रिप के दौरान ये विद्यार्थी प्रतियोगिता के साथ-साथ भाषाई कौशल भी सीखेंगे और वहाँ की संस्कृति-परंपरा से भी अवगत होंगे। विदित हो कि वर्ल्ड रोप स्किपिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में ये विद्यार्थी झारखंड स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएँगे। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की और शुभकामना देते हुए कहा कि हम हमेशा छात्रों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### डीपीएस बोकारो की वर्षा झारखंड से एक मात्र युवा छात्रा

# वैज्ञानिकों के शोध कार्यक्रम की प्रतिभागी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 12वीं कक्षा की छात्रा वर्षा चंद्रिका ने अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी गणितीय प्रतिभा एवं नवाचार कौशल का प्रदर्शन करते हुए झारखंड को गौरवान्वित किया है। अमेरिका के बोस्टन विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम पीआरओएमवाईएस के भारतीय संस्करण 2025 में उसे चयनित किया गया है। वर्षा यह सुनहरा अवसर पाने वाली पूरे झारखंड से एकमात्र विद्यार्थी है। जबकि देशभर से इस बार कुल 30 विद्यार्थी ही इसके लिए चुने गए हैं। वर्षा चंद्रिका सहित अन्य सभी विद्यार्थी आगामी 11 मई से 21 जून तक इस कार्यक्रम के सहयोगी संस्थान बेंगलुरु स्थित आईआईएससी में अपना गणितीय कौशल दिखाएंगे। युवा वैज्ञानिकों के इस शोध व नवाचार कार्यक्रम में वर्षा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे बधाई दी। साथ ही आगामी कैंप के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्षा ने बताया कि यह उसके लिए अपने-आप में खास मौका है जिसमें छात्रवृत्ति के तहत उसे वहां रहने-ठहरने सहित हर तरह की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उसने इसे अपने जीवन का परिवर्तनकारी अनुभव बताया तथा इसके लिए अपने विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों के सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विदित हो कि पीआरओएमवाईएस इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणितीय अनुसंधान आत्मनिर्भरता और तार्किक कौशल को प्रारंभिक अवस्था में ही विकसित करना है। बोकारो के चंद्रपुरा में डीवीसीकर्मी दिवाकर दास एवं गृहिणी नमिता कुमारी की होनहार पुत्री वर्षा ने बताया कि पहले उसे गणित से डर लगता था लेकिन बाद में शिक्षकों के मार्गदर्शन में जब धीरे-धीरे वह गणित के सिद्धांतों और कॉन्सेप्ट को समझने लगी तो यही उसका पसंदीदा विषय बन गया। वह गणितीय ओलंपियाड सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी में भी लगी है। रोजाना लगभग सात घंटे पढ़ाई करने वाली वर्षा आगे चलकर क्वांटम फिजिक्स की वैज्ञानिक बनना चाहती है। वह रेडियम की खोज करनेवाली महान महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी से प्रेरित है। दो भाई-बहन में बड़ी वर्षा को पढ़ाई के अलावा तकनीकी शोध तथा पेंटिंग का भी काफी शौक है।

# अपराधियों ने बुजुर्ग से लूटे मोबाइल और नगदी

### अपराधियों की धड़पकड़ हेतु पुलिस ने बनाई एसआईटी की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** बीती रात नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग से लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में पकड़िया गांव के निवासी गणेश प्रसाद झा से रविवार रात 11 बजे अज्ञात बदमाश द्वारा लूटपाट की गई। पीड़ित पूजा पाठ कराकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, जहां पकड़िया के समीप मुख्य मार्ग पर जनता होटल के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने उन्हें रोका और फिर बंदूक दिखाकर मोबाइल और 3500 रुपये छीन लिए। इस दौरान अपराधी ने धमकी दी कि शोर मचाने पर गोली मार देगा। साथ ही जेवर गहने मिलने की लालच में अपराधियों ने पीड़ित की तलाशी भी ली पर उसे कुछ नहीं मिला फिर उसे छोड़ दिया गया। उसके बाद जैसे तैसे पीड़ित अपने घर पहुंचा और घर वालों को आपबीती बताई। वहीं पीड़ित ने घटना के अहले सुबह नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही बताया कि अंधेरे के कारण पीड़ित अपराधी को पहचान नहीं पाए। वहीं बीते दिनों पौड़याहाट के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने चोरी और छिनतई मामले की रोकथाम एवं अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी से मिलकर उनसे वार्ता की थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही अपराधियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी। इसके बावजूद जिले में चोरी और छिनतई नहीं थम रही है। बताते चलें कि अभी हाल ही में बीते दिनों रामनगर मोहल्ले में एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी गई थी जिसका अब तक पता नहीं लग पाया है। वहीं चैती दुर्गा पूजा के मौके पर मंदिर परिसर में पूजा के दौरान कई महिलाओं के गले से चैन की छीनतई की गई थी। इससे पूर्व मिशन चौक के समीप एक स्वर्णकार की दुकान में पुलिस के वेस में दुकान से जेवर लूट कर चले गए। वहीं रामनगर के एक बंद घर सेंध मार कर सब कुछ चोरी कर लिया गया और भी कई जगहों पर चोरी- छिनतई, लूट की घटना घटित हुई पर अब तक पुलिस की पकड़ से कोसों दूर हैं। अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व में हुई कई चोरी और छिनतई के मामले अभी तक अनसुलझे हैं। इस मामले के उद्भेदन को लेकर गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नेथानी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक एसआईटी की टीम बनाई गई है जल्द ही अपराधी पुलिस की हिरासत में होंगे।

## आंतरिक साधना से ही आत्म-साक्षात्कार संभव : आचार्य




**बोकारो।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में चौड़ा स्थित पीटर हॉफ प्रांगण में आनंदमार्ग का दो-दिवसीय धर्म महासम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साधकों द्वारा गुरु सकाश पांचजन्य एवं सामूहिक साधना में बाबा नाम केवलम महामंत्र कीर्तन से हुआ। पुरोधा प्रमुख जी के आगमन पर आनंद मार्ग सेवा दल के समर्पित स्वयंसेवकों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर उनका स्वागत किया। इसमें बोकारो तथा निकटवर्ती आनंद नगर एवं उसके आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में आनंद मार्गी शामिल हुए।

# चेन छीनकर भाग रहा कटियार का लुटेरा धराया

### बाइक सवार दो साथी भागने में सफल, चेन बरामद



गिरफ्तार युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चेन चोर गिरोह के सदस्यों की तलाश में जुटी नगर थाना की पुलिस का काम सोमवार की दोपहर बाइक सवार दो युवकों ने कर दिया। बाइक सवार दो युवकों ने साहस का परिचय देते हुए दिनदहाड़े में बाबूपाड़ा मुहल्ले में खाना खा रही वृद्धा उर्मिला गोराई की चेन छीनकर भाग रहे एक लुटेरे को धर दबोचा। जबकि उसके दो साथी बाइक से भागने में सफल रहे। लोगों ने लुटेरे की जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। लुटेरे के पास से छीनी गई चेन भी बरामद हो गई है। आरोपित अजय कुमार साह कटिहार का रहने वाला है। पुलिस उससे चोरी की अन्य वारदातों के बारे में जानने का प्रयास कर रही है। करीब ढाई बजे उर्मिला गोराई अपने घर में अकेली खाना खा रही थीं। तभी बाइक सवार तीन युवक दरवाजे पर आए। महिला को खाना खाता देखकर एक युवक अंदर घुसा और चेन छीनकर साथी की बाइक में बैठकर भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर बेटा तड़ित बाहर आया और शोर मचाया। इस बीच बाइक सवार दो युवकों ने उनका पीछा करना शुरू किया और बंद हो चुके ज्ञानंदा सिनेमा के पास बाइक में सबसे पीछे बैठे युवक का कालर पकड़ लिया, जिससे युवक गिर गया और उसके दोनों साथी भाग निकले। इसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने अपना सारा गुस्सा युवक पर निकाल दिया। जमकर पिटाई करने के बाद नगर थाना की पुलिस को सूचित किया। पुलिस आरोपित को थाना ले गई। काफी पूछताछ करने के बाद युवक ने अपना नाम अजय कुमार साह बताया। वह बिहार के कटिहार का रहने वाला है।

## लगातार चोरी हुई चेन के बारे में पुलिस करेगी पूछताछ

नगर थाना प्रभारी नंद किशोर यादव ने बताया कि काफी प्रयास के युवक ने अपना नाम व पता बताया है। चोट की वजह से ज्यादा पूछताछ संभव नहीं है। वारदात के बाद उसके दो साथी भाग निकले है। उनका हुलिया पता करने के बाद तलाश की जा रही है। पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। लोगों के प्रयास से चेन छीनने वाले गिरोह का एक सदस्य हाथ आया है।

# छेड़खानी के आरोप में अधेड़ को 12 घण्टे तक बनाया बंधक



बंधक युवक

**गोपीकांदर।** दुमका जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के तलबडिया गांव में छेड़खानी के आरोप में एक अधेड़ को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। ग्रामीणों ने आरोपी को करीब 12 घण्टे तक बंधक बनाकर रखा, जिसके बाद ग्रामीणों के बीच समझौता होने के बाद छोड़ा गया। आरोपी अधेड़ तलबडिया गांव के ही दूरबीन सोरेन है। ग्रामीणों के मुताबिक दूरबीन शुक्रवार को गांव के ही एक महिला के साथ छेड़छाड़ किया। विरोध करने पर दूरबीन घर चला गया। महिला ने परिवार के सदस्यों व ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने एक बैठक बुलाई गई। बैठक नहीं मानने पर रविवार को आरोपी दूरबीन सोरेन को बंधक बना लिया गया। दूरबीन के दोनों हाथ पीछे कर के बांध दिया। इस बैठक में आधा दर्जन गांव के ग्रामीण जुटे थे। सोमवार दोपहर को ग्रामीणों के बीच समझौता किया गया। ग्रामीणों ने दूरबीन पर 13 हजार का जुमार्ना लगाया। सोमवार दोपहर को जुमार्ना की राशि देने के बाद दूरबीन को बंधक से मुक्त किया गया।

## मंजूरा में मोमबत्ती जुलूस निकालकर पहलगाम के मृतकों को दी गई श्रध्दांजलि

**बोकारो।** बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र से लेकर गांव-गांव तक पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में कसमार प्रखंड के मंजूरा में युवाओं ने मोमबत्ती जुलूस निकालकर आतंकी हमले में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। जुलूस रामलखन द्वार से निकलकर विभिन्न इलाकों से गुजरा। इसका नेतृत्व कर रहे समाजसेवी प्रकाश कुमार ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में जिस तरह के कृत्य को अंजाम देकर 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या की- वह बेहद शर्मनाक है। इस तरह की घटना को अंजाम देनेवाले दहशतगर्दों को कभी माफ नहीं किया जा सकता।

# 1400 बीयर पेटी बंगाल ले जाने की योजना विफल, तीन हुए गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने बीयर तस्करी करने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बालीडीह स्थित बीयर फैक्ट्री से 1400 पेटी बीयर लोड कर बंगाल ले जाने की साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। फर्जी दस्तावेज के जरिए बीयर को खपाने की योजना थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक सहित पिंड्राजोरा चेकपोस्ट पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में गाजीपुर उप्र निवासी अब्दुल बारीक रांची के सहबाज आलम और हजारीबाग के मुजफ्फर अंसारी के नाम शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह पहले भी अन्य स्थानों से नकली दस्तावेजों के जरिए फैक्ट्री से माल लोड कर चोरी करता रहा है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। ट्रांसपोर्टर विवेक कुमार साहू की सतर्कता से इस गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस ने ट्रक व 1400 पेटी बियर और दो मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। बालीडीह थाना में केस दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक बारह चक्का ट्रक (संख्या जेएच-13ई-9304) बालीडीह बियाडा स्थित बीयर फैक्ट्री से बीयर लोड कर बंगाल ले जाने की कोशिश में है। ट्रक को देवघर के लिए रवाना होना था लेकिन चालक उसे रास्ता बदलकर पश्चिम बंगाल की ओर ले जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बोकारो ने तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया और मुफ्फसिल पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने बंगाल सीमा से सटे सभी थाना क्षेत्रों को सूचित करते हुए सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के चेकपोस्ट पर संदिग्ध ट्रक को रोका गया और ट्रक से चालक समेत तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। ट्रांसपोर्टर विवेक कुमार साहू ने बताया कि ब्लैक बक ट्रांसपोर्ट एप के माध्यम से बसंत पासवान नामक व्यक्ति ने माल लोडिंग का सौदा किया था। लोडिंग के बाद जब भाड़ा भुगतान के लिए भेजा गया तो भुगतान में एमडी फुरकान नाम सामने आया। शक होने पर ट्रांसपोर्टर ने पुलिस को सूचना दी जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकी। बालीडीह थाना में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है ताकि इसमें शामिल अन्य अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

एक नजर में

## करगली बाजार स्थित श्रद्धांजलि सभा और विरोध प्रदर्शन का आयोजन

**बेरमो।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में करगली बाजार स्थित केंद्रीय अखड़ा में नप के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा और विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। अनंतनाग जिले के पहलगाम के बैसारन में आतंकवादियों ने पर्यटन स्थल पर गोलीबारी की।

**26 लोगों की मौत :** इस हमले में दो विदेशी पर्यटकों समेत 26 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य पर्यटक घायल भी हुए। पूर्व नप उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, राकेश सिंह, योगेश तिवारी ,मनोज सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है।

**दो मिनट का मौन :** सभी वक्ताओं ने शांति और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पर्यटकों को श्रल्दांजलि दी। इस अवसर पर अचिंता मित्रा, दीपक गुप्ता, सोनू सिंह, संजू बाबा ,उज्जवल मुखर्जी, गोनी दा, लक्ष्मण साव, अजय साव, छोटेलाल गुप्ता, विजय कुमार ,अमन बरनवाल, राधे कुमार ,अश्विन कुमार, विनोद सिंह, प्रकाश गुप्ता, मनोहर प्रसाद, प्रमोद अग्रवाल ,प्रेम गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पिंकी गोयल, चंदन तिवारी, जितेंद्र साव, विजय साव, श्याम अग्रवाल, अमित तिवारी, मुकेश सिंह, मनी शंकर अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संविधान बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक

**गोड्डा।** जिला कांग्रेस कार्यालय गोड्डा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव के अध्यक्षता में संगठन को मजबूती हेतु एवं संविधान बचाओ अभियान को लेकर एक अहम बैठक बुलाई गई, जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के साथ जिला पर्यवेक्षक श्यामल किशोर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष दिनेश यादव जी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का आदेश जारी हुआ है कि प्रत्येक माह का 15 (पंद्रह) तारीख को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी कमिटी का बैठक किया जाएगा और प्रत्येक माह का बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिनी सदस्य का उपस्थित होना अति आवश्यक होगा और प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को आदेश दिया जाता है कि आगामी 6/5/2025 से पहले प्रखंड कमिटी एवं मंडल कमिटी का गठन कर लिया जाएगा जो अनिवार्य है, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि आगामी तिथि 03.05.2025 को रांची के ध्रुर्वा मैदान में संविधान बचाओ सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय है जिसमें गोड्डा से अच्छी खासी संख्या में जाएगें यह भी बताया कि रांची के कार्यक्रम से वापस गोड्डा लोटने के बाद दिनांक 06.05.2025 को समय 12. बजे दिन को गोड्डा मेला मैदान से एक रैली के रूप में बाबा साहेब आंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर के गोड्डा असंबनी चौक होते हुए जिला टाउन हॉल में संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## शामपुर में श्रीमद्भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**गोड्डा/पथरगामा।** सोमवार को शामपुर गाँव में अध्यात्मिक चेतना और भक्ति रस से ओतप्रोत वातावरण के बीच श्रीमद्भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज बड़े ही धूमधाम से हुआ। यह धार्मिक आयोजन 28 अप्रैल से 4 मई 2025 तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को डहुआ सुंदर नदी से जल भरकर शिव मंदिर शामपुर तक निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा से हुई। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में हाथों में कलश लिए इस यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और जयकारों की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा। कथा वाचन का पावन कार्य प्रसिद्ध देवी रेशमी किशोरी द्वारा किया जा रहा है, जिनकी मधुर वाणी और आध्यात्मिक व्याख्यानों के लिए वे जानी जाती हैं। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र की जानी-मानी समाजसेवी और पूर्व जिला परिषद सदस्य फूल कुमारी देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामीणों को इस पुण्य कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति, प्रेम और संस्कारों का विस्तार होता है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या और प्रवचन होंगे, जिसमें भाग लेने के लिए आस-पास के गाँवों से भी श्रद्धालु पहुँच रहे हैं।

## दहेज हत्या के आरोपियों को मिली दस साल की सश्रम कारावास की सजा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने दहेज हत्या के आरोपी ससुर टिकेश्वर महतो, भैंसुर नीलकंठ महतो एवं गोतनी प्रमिला देवी को दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि वाद के सूचक गिरिडीह जिला के बगोदर थाना अंतर्गत टुकटुको निवासी टिकेश्वर महतो ने पेक नारायणपुर थाना में मामला दर्ज कराया की उसकी पुत्री पूनम कुमारी की शादी जून 2020 में पेक नारायणपुर थाना अंतर्गत मुंगो रंगामाटी निवासी बसंत कुमार महतो के साथ हुई थी। शादी के समय उपहार में काफी कुछ दिया गया था। शादी के एक माह के बाद से ही सूचक की पुत्री के पति बसंत कुमार महतो, ससुर टिकेश्वर महतो, भैसुर नीलकंठ महतो, गोतनी प्रमिला देवी दहेज की मांग करने लगे। कहने लगे तुम अपने पिता से मोटर साइकिल एवं मकान बनाने के लिए तीन लाख रुपए मांगो। मना करने पर उसे गाली गलोज दिया जाता था। सूचक की बेटी ने फोन कर बताया कि अगर दहेज नहीं देंगे तो जान का खतरा बना है। फिर 30 सितंबर 2020 को बेटी ने फोन की की दहेज नहीं दीजिएगा आप तो मेरे ससुराल वाले मेरी हत्या कर कहीं फेंक देंगे। उसके बाद 1 अक्टूबर 2020 की सुबह एक व्यक्ति का फोन आया कि आपकी बेटी कहीं निकल गई है। सूचना के बाद जब मूंगो रंगा माटी पहुंचा तो बेटी के घर में कोई नहीं था। उसके बाद बेटी को खोजने लगे तब जंगल में महुआ के पेड़ पर बेटी की लाश को लटकते देखा। जिसके गले में साड़ी के फंदा लगा हुआ था।

## 9 वार्डों में 96 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य का शिलान्यास

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने फुसरो नगर परिषद के 9 वार्डों में 96 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमे वार्ड 16 के रीवर साईड कॉलोनी स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप 25 लाख की लागत से बनने वाले पेवर ब्लॉक बिछाने का शिलान्यास किया।विघायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि रेस्ट हाउस कॉलोनी, रीवर साईड और घुटियाटांड कॉलोनी मे लगभग 50 लाख की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण होगा। विधायक ने कहा कि विधायक मद के अलावा सरकार के विभिन्न मदों से पूरे विधानसभा क्षेत्र मे जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। अपने कार्यकाल में क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य करने का प्रयास कर रहे है। राज्य की हेमंत सरकार प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए जन-जन तक योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे है। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने बेरमो विधायक के समक्ष कई समस्याओं को रखा। इस अवसर पर सिटी मैनेजर हजमुल हसन, पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, श्रमिक नेता हरेंद्र प्रसाद सिंह व परवेज अख्तर, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, सुजीत कुमार सहित सुमित सिंह, चिकू सिंह, रवि हरि, अरुण सिंह, नीरज सिंह, आकाश सिंह, रोशन सिंह, पीयूष सिंह, उपेंद्र ठाकुर, संजय सिंह, कुमार, पिन्टू वरणवाल, छोटन, बडहन, अरुण मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई 17 मई को



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर के एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। वादी मुकदमा भाजपा नेता के अधिवक्ता ने कोर्ट में मामले से जुड़े गवाह अनिल मिश्रा निवासी पिताम्बरपुर कला थाना कोतवाली देहात को पेश किया, जिनसे राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने जिरह किया। जिरह की कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर विशेष न्यायधीश ने 17 मई को अगली सुनवाई की तिथि नियत की है।

कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी/एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं।

### म्यांमार में एक महीने में भूकंप के 157 झटके

**यांगून।** म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद कुल 157 झटके महसूस किए गए है। मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को आए 7.9 की तीव्रता वाले भूकंप के बाद से अब तक 157 झटके महसूस किए गए है।

### यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 30 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत

**सना।** उत्तरी यमन स्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि सादा प्रांत में एक हिरासत केंद्र पर सोमवार तड़के अमेरिकी हवाई हमलों में 30 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई और अन्य 50 घायल हो गए। हूती की ओर से संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि मलबे से 30 शव बरामद किए गए हैं, जबकि बचाव दल संभावित बचे लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं। हमले में 50 लोग घायल हुए हैं। घायलों को भी अस्पताल ले जाया गया है, जो अवैध रूप से उत्तरी यमन में प्रवास कर रहे थे।

### सेंसेक्स 1005 अंक उछलकर 80,218 के स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1005 अंक की तेजी के साथ 80,218 के स्तर पर और निफ्टी भी 289 अंक की तेजी के साथ 24,328 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को बैंकिंग, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में तेजी रही।

### यूपी-बिहार में बिजली गिरने से 4 की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और बिहार में बिजली गिरने से सोमवार को 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, फतेहपुर में किसान और अयोध्या में एक बच्ची की मौत हुई है। वहीं, पटना और हाजीपुर में 1-1 की मौत की खबर है। देश के 21 राज्यों में मौसम विभाग ने सोमवार को तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़, दिल्ली में हीटवेव की चेतावनी है। मालूम हो कि राजस्थान में दूसरे दिन लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज हुआ। इधर, दिल्ली में भी तापमान में थोड़ी बहुत गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिन पंजाब में लू का यलो अलर्ट जारी किया है।

## झूठ फैलाने वाले सोशल मीडिया के खिलाफ मोदी सरकार का कड़ा एक्शन

# पाक के 16 यूट्यूब चैनलों पर लगा प्रतिबंध

- पाकिस्तान की ओर नफरत फैलाने की हो रही कोशिश

**जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। सरकार ने इसके अलावा इरशाद भट्टी, बी ओ एल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेन्स, समा स्पोर्टस, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लुसीव, असमा सिराजी और मुनीब जैसे यू ट्यूट चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है।

### फेक व गलत जानकारी देने वाले विडियो की हो रही पहचान




सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से फेक विडियो प्रसारित हो रहे हैं उसे लेकर भारतीय सेना की टीम भी पूरी तरह सतर्क है और लगातार ऐसे फेक और गलत जानकारी वाले विडियो की पहचान कर रही है। सरकार की तरफ से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कहा गया है कि जैसे ही किसी विडियो की शिकायत मिल रही है तो उस पर जल्द से जल्द एक्शन सुनिश्चित करें। कई विडियो को हटाने के लिए शिकायत दी गई है और कई यू-ट्यूबर्स के चैनल को भारत में ब्लॉक करने के लिए भी कहा

#### पाक को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में लाया जाये : ओवैसी

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को दोबारा फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डाले जाने की मांग की है। ओवैसी ने कहा कि भारत सरकार पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने के लिए कदम उठाए, तभी उसे समझ में आएगा।

#### भारत-तालिबान की बैठक

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को चौतरफा घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच भारत और तालिबान के बीच भी उच्चस्तरीय बैठक हुई है, जिसमें दोनों देशों से शीर्ष अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि तालिबान और पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं हैं।

### कई यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गये

कई विडियो हटाए गए हैं और कई यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए हैं। वैसे आईटी एक्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म किसी शिकायत का 36 घंटे में जवाब दे सकते हैं लेकिन सूत्रों के मुताबिक अभी स्थिति सामान्य नहीं है और एक गलत जानकारी भी माहौल खराब कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि आम तौर पर जब कोई ऐसा विडियो आता है जिसे देखकर लगता है कि गलत हो सकता है तो पहले उसे वेरिफाई करते हैं, उसका ओरिजन ढूंढते हैं और फिर शिकायत करते हैं। पाकिस्तान फेक नेरेटिव गढ़ रहा है और उसे हम इसमें जीतने नहीं दे सकते। सूत्रों ने बताया कि इसलिए सरकार की तरफ से कहा गया है कि जो भी हैंडल नफरत फैलाने की कोशिश कर रहा है उसे तुरंत ब्लॉक करें। ज्यादा व्यू मिलने पर कमाई में हिस्सा मिलने की वजह से भी फर्जी विडियो की बाढ़ आ गई है, वे भड़काऊ होते हैं और जल्दी वायरल होते हैं।

#### मैं सैलानियों से माफी मांगता हूं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र में पहलगाम हमले पर बोलते है सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इस हमले में पूरा देश चपेट में आया। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनकी आंखों में इस हमले को लेकर आंखों आंसू दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि इस हमले में किसी ने अपना पिता खोया, किसी ने बेटा तो किसी ने भाई। मैंने सैलानियों को यहां आने की दावत दी थी। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी सवेदना है। इस बीच उन्होंने केंद्र पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी नहीं केंद्र सरकार की थी। मैं सैलानियों से माफी मांगता हूं।

### पहलगाम हमले पर नेताओं की बयानबाजी से राहुल नाराज

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले पर पार्टी लाइन से अलग नेताओं के बयान से राहुल गांधी नाराज बताए जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेताओं को कहा गया है कि पार्टी लाइन से अलग बयान न दें। अभी हाल ही में कांग्रेस नेताओं की ओर से पहलगाम पर ऐसे बयान सामने आए जिस पर विवाद हुआ और बीजेपी की ओर से निशाना बनाया गया। महाराष्ट्र से कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार का कहना है कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं कि वह धर्म पूछकर मारे। कांग्रेस आलाकमान ने सोमवार को अपने नेताओं से कहा है कि वे जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कोई भी ऐसा बयान न दें जो पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग हो। यह निर्देश इसलिए दिया गया क्योंकि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इस हमले को लेकर ऐसे बयान दे दिए थे जिन पर विवाद हो गया और उनकी काफी आलोचना हुई। सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी इस बात से नाराज हुए कि नेता अपनी मर्जी से अलग-अलग बातें कह रहे हैं, जिससे लोगों में पार्टी के असली रुख को लेकर कन्फ्यूजन पैदा हो रहा है।

## उनके लिए देश नहीं चुनाव जरूरी है : खड़गे

एजेंसी



**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद आयोजित सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नहीं आने पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि वैसे तो वह बड़ी बड़ी बाते करते हैं, लेकिन जब देश के स्वभिमान को धक्का लगा तो बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे, जबकि बैठक में सब पार्टी के लोग आये लेकिन देश की बदकिस्मती है कि इसमें मोदीजी नहीं आए जो शर्म की बात है। खड़गे सोमवार को यहां कांग्रेस की संविधान बचाओं रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मासूम पर्यटक लोग, कश्मीर सुरक्षित है, कश्मीर हमारा है, इस उद्देश्य से देश के कोने-कोने से लोग वहां जाते हैं और वहां इतनी बुरी घटना हो गई। जिसमें 26 लोग तो मौके पर ही मारे गए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक में भी हमने कहा था कि तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए क्योंकि इस आतंकी हमले से देश के स्वाभिमान को धक्का लगा है। हैरानी की बात यह कि जब सर्वदलीय बैठक हुई। उस दिन पीएम मोदी बिहार की चुनावी सभा में चले गए और बैठक में नहीं आए। खरगे ने कहा कि मोदी जी के लिए देश पहले नहीं है चुनाव पहले है। उन्होंने कहा कि यह देश की बदकिस्मती है कि सभी दलों के नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए लेकिन मोदी जी नहीं आए। खड़गे ने कहा कि इसके बाद उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि इस समय प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए और इस कठिन समय में हम सब एक होकर सरकार जो भी कदम उठायेगी, हम उसका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा हमारे देश की बदकिस्मती है कि सर्वदलीय बैठक में सब पार्टी के लोग आये लेकिन उसमें मोदीजी नहीं आए। यह शर्म की बात है।

देश के स्वभिमान को जब धक्का लगा तो वह बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे और दिल्ली में नहीं आ सकते हैं। क्या दिल्ली दूर है बिहार से। बात तो बड़े बड़े करते हो, कम से कम बिहार से उस दिन सर्वदलीय बैठक में बैठते तो सबको मालूम होता कि आपकी प्लानिंग क्या है, आप क्या करने वाले हैं, हमसे क्या मदद चाहते हैं। सभी पार्टी के लोग मदद के लिए तैयार हैं, इसके बाद भी आपने उधर नजर डालने की कोशिश नहीं की।

### केरल सीएम कार्यालय, क्लिफ हाउस, राजभवन को बम मारने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी में कई स्थानों पर बम मारने की धमकी का हवाला देते हुए राज्य पुलिस ने सोमवार को सरकारी सचिवालय में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ), उनके आधिकारिक निवास 'क्लिफ हाउस', राजभवन और शहर यातायात आयुक्त के कार्यालय में सुरक्षा उपाय कड़े कर दिए। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय को कई स्थानों पर बम मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने इन सभी स्थानों पर निरीक्षण किया। ईमेल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से ड्रग माफिया के खिलाफ अपनी सरकार के अभियान को रोकने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि इन सभी स्थानों पर अपराह्न दो बजे से पहले बम फटेंगे।

## ईरान के बंदरगाह पर विस्फोट में मृतकों की संख्या 46 हुई

**विस्फोट और उसके बाद लगी आग में 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 138 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है**

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत होरमुजगान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर शनिवार को हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई और 1200 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। सरकार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने प्रांतीय संकट प्रबंधन संगठन के महानिदेशक मेहरदाद हसनजादेह के हवाले से बताया कि विस्फोट और उसके बाद लगी आग में 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 138 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन (एनडीएमओ) के प्रवक्ता होसेन जाफरी ने बताया कि बंदरगाह पर लगी आग जल्द पूरी तरह पा लिया जायेगा। इससे पहले, रविवार को ईरान की सरकार ने राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने विस्फोट स्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। एनडीएमओ के प्रमुख होसेन सजेदिनिया ने रविवार को बताया कि बंदरगाह पर मौजूद कुछ कंटेनरों में ज्वलनशील पदार्थ, जैसे कि तारकोल (पिच), और कुछ में रासायनिक पदार्थ भरे हुए थे। समाचार एजेंसी के अनुसार बंदरगाह के घाटों पर काम फिर से शुरू हो गया है।

## प्रधानमंत्री आज युग्म सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह 11 बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे और इसे संबोधित करेंगे। युग्म (संस्कृत में अर्थ है 'संगम') अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दिग्गज शामिल होंगे। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से लगभग 1,400 करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और नवप्रवर्तन आधारित भारत की भविष्य दृष्टि के अनुरूप सम्मेलन में नवाचार आधारित कई प्रमुख परियोजना पहल आरंभ की जाएंगी। इनमें आईआईटी कानपुर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटेलिजेंट सिस्टम) और आईआईटी बॉम्बे (जैव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा) में सुपरहब स्थापित करना शामिल हैं। अनुसंधान व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष शोध संस्थानों में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (डब्ल्यूआईएन) केंद्र और अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) के साथ साझेदारी भी शामिल है। सम्मेलन में अधिकारियों, उद्योग जगत के शीर्ष दिग्गजों और शैक्षणिक क्षेत्र के प्रणेताओं की भागीदारी में उच्च स्तरीय गोलमेज बैठकें और पैनल परिचर्चाएं, अनुसंधान को उपयोग में लाने की त्वरित सक्षमता पर कार्यशीलता उन्मुख संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। डीप टेक स्टार्टअप शोकेस में देशभर से अत्याधुनिक नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे तथा सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विशेष नेटवर्किंग (विशेष संपर्क) के अवसर भी सम्मेलन में मिलेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक निजी निवेश को उत्प्रेरित करना; उन्नत तकनीक में अनुसंधान से लेकर इसके व्यावसायीकरण तक में तेजी लाना; शिक्षा-उद्योग जगत और सरकार की साझेदारी को सुदृढ़ करना; एएनआरएफ (अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन) और एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) जैसे राष्ट्रीय पहल को आगे बढ़ाना; संस्थानों में नवाचार की पहुंच को व्यापक बनाना तथा विकसित भारत@2047 की दिशा में राष्ट्रीय नवाचार संरेखण को बढ़ावा देना है।

### नये पोप के चुनाव के लिए सम्मेलन सात मई से शुरू

**रोम।** पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए बुधवार, सात मई को सम्मेलन शुरू होगा। वेटिकन ने सोमवार को यह घोषणा की पोप फ्रांसिस की 21 अप्रैल को हुई मृत्यु के बाद चर्च के कामकाज पर चर्चा करने के लिए अनौपचारिक बैठकें आयोजित करने वाले कार्डिनल्स के एजेंडे में इस सम्मेलन की तिथि मुख्य थी। इसने शनिवार को उनके अंतिम संस्कार के बाद तक सम्मेलन की शुरूआत होने की घोषणा नहीं की थी। वेटिकन ने कहा कि सोमवार को रोम में पांचवीं अनौपचारिक बैठक में 180 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। नए पोप का चुनाव करने के लिए 135 लोगों का एक छोटा समूह (जिसे कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स कहा जाता है) सक्षम है।

## यूरोप में ब्लैकआउट, कई देशों में बिजली गुल

एजेंसी



**पेरिस।** यूरोप के कई देशों में अचानक भीषण बिजली संकट पैदा हो गया। फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल समेत कई इलाकों में ब्लैकआउट के कारण हवाई सेवाओं से लेकर मेट्रो तक का संचालन प्रभावित हो गया। इस कारण देश की एक बड़ी आबादी अंधेरे में डूब गई है। हालांकि इस मुसीबत से निपटने के लिए देशों ने कई प्रोटोकॉल लागू किए है। स्पेन और पुर्तगाल समेत कई इलाकों में भारी ब्लैकआउट देखने को मिला, जिससे हवाई सेवाओं से लेकर मेट्रो तक का संचालन प्रभावित हो गया। दोपहर के समय मैड्रिड से लेकर लिस्बन तक बड़ी आबादी अंधेरे में डूब गई। फिलहाल इसकी वजह की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि ये एक साइबर हमला भी हो सकता है। स्पेन के नेशनल ग्रिड ऑपरेटर 'रेड एलेक्ट्रिका' ने बयान जारी कर बताया कि पूरे देश में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए सेक्टर कंपनियों के साथ मिलकर कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, पुर्तगाल के ग्रिड ऑपरेटर 'ई-रेडेस' ने बताया कि यह संकट यूरोपीय पावर ग्रिड में आई समस्या के कारण उत्पन्न हुआ। शुरूआती जांच में वोल्टेज असंतुलन को मुख्य कारण माना जा रहा है।

#### सड़कों पर अव्यवस्था फैल गयी

ब्लैकआउट के कारण ट्रैफिक लाइट्स बंद हो गईं और मेट्रो सेवाएं थम गईं, जिससे सड़कों पर अव्यवस्था फैल गई। अस्पतालों में बैकअप जनरेटर के सहारे जरूरी सेवाओं को चलाया जा रहा है, लेकिन अधिकारियों ने अस्पताल स्टाफ से कंप्यूटर बंद करने और बिजली की बचत के अन्य उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह संकट कितनी देर तक जारी रहेगा। स्पेन में स्थिति को संभालने के लिए संकट प्रबंधन समिति का गठन कर लिया गया है।

## रूस ने यूक्रेन में तीन दिन संघर्षविराम का किया ऐलान

एजेंसी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के बीच एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि 8 मई से 10 मई तक यूक्रेन में तीन दिन का संघर्षविराम लागू रहेगा।

क्रेमलिन ने स्पष्ट किया है कि रूस ने एकतरफा संघर्षविराम की पेशकश की है और उम्मीद जताई है कि यूक्रेन भी इस संघर्षविराम का पालन करेगा। लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर यूक्रेन ने इस दौरान कोई भी युद्धविराम उल्लंघन किया, तो रूस जवाबी कार्रवाई करने के लिए तैयार रहेगा। इस संघर्षविराम की घोषणा का विशेष महत्व है क्योंकि 9 मई को रूस में विजय दिवस' मनाया जाता है। रूस में यह दिन राष्ट्रीय गौरव और बलिदान की भावना से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर परेड, श्रद्धांजलि कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। इसलिए रूस ने तय किया है कि युद्ध के बीच कम से कम इन तीन दिनों तक गोलाबारी और हिंसा पर विराम लगाया जाए। रूस ने संघर्षविराम की घोषणा तो कर दी है, लेकिन अब सबकी नजर यूक्रेन की प्रतिक्रिया पर टिकी है। क्या यूक्रेन भी इस युद्धविराम का सम्मान करेगा या फिर हालात वैसे ही तनावपूर्ण बने रहेंगे! यूक्रेन की तरफ से इस घोषणा पर अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

रूस के इस संघर्षविराम प्रस्ताव को शांति की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

## राष्ट्रपति ने 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुर्मु ने पहले चरण के अलंकरण समारोह में 04 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गयी थी। पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने वालों में एम टी वासुदेवन नायर (मरणोपरांत), साहित्य और शिक्षा, डॉ दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी, मेडिसिन डॉ लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम, कला और जापान से ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग शामिल हैं। पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वालों में नंदमुरी बालकृष्ण, कला, विनोद कुमार धाम, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), सार्वजनिक मामले और शेखर कपूर, कला प्रमुख हैं। इसके अलावा डॉ श्याम बिहारी अग्रवाल, कला, डॉ के ओमानकुट्टी अम्मा , कला, मिरियाला अप्पाराव (मरणोपरांत), कला, रविचंद्रन अश्विन, खेल और जोयनाचरण बाथरी आदि की कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

